

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# दैनिक समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 07 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 16 अक्टूबर 2025 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


### हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने मंदिरों की आय को देवता की संपत्ति बताया, सरकार के उपयोग पर रोक लगाई. अब चढ़ावा सिर्फ धार्मिक, शैक्षणिक और धर्मार्थ कार्यों में खर्च होगा.

# 'मंदिर का पैसा देवता का...',

## VIPs को गिफ्ट, गाड़ियां और सरकारी योजनाओं में खर्च नहीं होगा मंदिरों का पैसा, हिमाचल हाईकोर्ट ने सुनाया बड़ा फैसला

शिमला. हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने प्रदेश के मंदिरों पर अहम और बड़ा ऐतिहासिक फैसला सुनाया है. हाईकोर्ट ने अपने 38 पेज के फैसले में कई अहम टिप्पणियां भी की और साथ ही कहा कि मंदिरों में चढ़ाया गया पैसा, देवता है कि और प्रदेश सरकार का इस पर कोई हक नहीं हैं. कोर्ट ने कहा कि ट्रस्टी केवल सरंक्षक हैं. इस फैसले के दौरान हाईकोर्ट ने इंटरकास्ट मैरिज की भी वकालत की.

दरअसल, हाईकोर्ट ने अपने फैसले में मंदिरों में चढ़ाए जाने वाले चढ़ावे और दान को अब अब किसी भी सरकारी योजना या असंबंधित काम में खर्च करने पर रोक लगा दी है. हाईकोर्ट ने कहा कि यह पैसा केवल धार्मिक, शैक्षणिक और धर्मार्थ कार्यों में ही इस्तेमाल होगा, जो हिंदू धर्म के प्रचार और संरक्षण से जुड़े हों. कोर्ट ने आदेश दिए हैं कि मंदिरों की आय और व्यय का ब्योरा परिसर में सार्वजनिक तौर पर लिखा जाना चाहिए. कश्मीर चंद शडयाल ने यह याचिका दाखिल की है.

मंगलवार को जस्टिस विवेक सिंह ठाकुर और जस्टिस राकेश कैंथला की खंडपीठ ने अपने



फैसले में कहा कि कहा कि मंदिर की आय "पवित्र" है और इसे राज्य के राजस्व या सरकारी खजाने का हिस्सा नहीं माना जा सकता. कोर्ट ने कहा कि भक्त मंदिरों में जो दान करते हैं, वह भगवान के प्रति उनकी आस्था का प्रतीक होता है. यह पैसा देवताओं की सेवा, मंदिरों के रखरखाव और सनातन धर्म के प्रचार में लगना चाहिए. सरकार अगर इस पैसे का इस्तेमाल अपने कामों के लिए करती है, तो यह भक्तों के विश्वास के साथ धोखा है.

संविधान के अनुच्छेद 25(2) का हवाला देते हुए कोर्ट ने कहा कि राज्य का काम केवल धर्म से जुड़ी सांसारिक गतिविधियों को नियंत्रित करना है, न कि मंदिरों की आय को अपनी योजनाओं में लगाना. कोर्ट ने कहा कि धार्मिक स्वतंत्रता सरकारी सुविधा पर निर्भर नहीं है. राज्य का कर्तव्य है कि वह हिंदू समाज के सुधार के लिए काम करे और यह सुनिश्चित करे कि मंदिरों की आय धर्म के सच्चे अर्थों में खर्च हो. हाईकोर्ट ने सभी मंदिर प्रशासन को आदेश दिया है कि वे हर महीने की आय और खर्च का ब्यौरा नोटिस बोर्ड और वेबसाइट पर सार्वजनिक करें, ताकि पारदर्शिता बनी रहे.

हाईकोर्ट ने कहा कि मंदिर सिर्फ पूजा के स्थान नहीं हैं, बल्कि समाज के आध्यात्मिक और सामाजिक उत्थान के केंद्र हैं. प्राचीन काल से मंदिर शिक्षा, कला और सेवा के केंद्र रहे हैं और अब उन्हें फिर से "सेवा और समाज सुधार" के केंद्र के रूप में अपनी भूमिका निभानी चाहिए. गौरतलब है कि अब सरकारें मंदिरों में दर्शन के लिए आने वाले वीआईपी के लिए गिफ्ट नहीं खरीद पाएगी. साथ ही प्रदेश में मंदिरों के पैसे से पुल, भवन और गाड़ियों की खरीब भी सरकार नहीं कर पाएगी.

**हिमाचल में हैं 36 सरकारी मंदिर**

हिमाचल प्रदेश में 36 के करीब मंदिर है, जिनकी देखरेख सरकार के जिम्मे है. इन मंदिरों में हर साल लाखों रुपये का चढ़ावा औड्ड सोना चांदी श्रद्धालु चढ़ाते हैं.इन मंदिरों के पास करीब 404 करोड़ की संपति और नकद राशि है.

**सरकार ने मांगे थे मंदिरों से पैसे**

गौर रहे कि हिमाचल प्रदेश की मौजूदा और पूर्व सरकार ने मंदिरों का पैसा लिया था. कांग्रेस सरकार ने फरवरी 2025 में 'सुख शिक्षा योजना' और 'मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना' के लिए मंदिरों को अंशदान मांगा था. वहीं, पूर्व भाजपा सरकार खुद भी 29 अगस्त 2018 को मंदिरों का 15 प्रतिशत बजट गोशालाओं को देने की की बात कही थी. सुक्खू सरकार के मंदिरों से पैसा मांगने के फैसले पर तो काफी हल्ला मचा था और किरकिरी भी हुई थी.

## महुआ पर 'महाभारत' खत्म!

पटना: बिहार एनडीए में टिकट बंटवारे को लेकर महुआ सीट पर छिड़ा 'महाभारत' आखिरकार दिल्ली में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के हस्तक्षेप के बाद थम गया है. महज 6 सीटें मिलने और प्रतिष्ठित महुआ सीट छिन जाने से नाराज चल रहे राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने बगावती तेवर दिखाए, लेकिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के एक 'ऑफर' के बाद वे मान गए हैं. इस डील ने एनडीए को चुनाव से ठीक पहले एक बड़ी टूट से बचा लिया है.

**इस बयान से आया था सियासी भूचाल**

कुशवाहा की नाराजगी का मुख्य केंद्र महुआ विधानसभा सीट थी, जिसे वे अपनी पत्नी या बहू के लिए चाहते थे, लेकिन यह सीट एनडीए के आंतरिक समीकरणों में चिराग पासवान की लोजपा (रामविलास) के खाते में चली गई. इसके बाद कुशवाहा ने सार्वजनिक तौर पर "एनडीए में सब कुछ ठीक नहीं ह`" कहकर सियासी भूचाल ला दिया और खुद को एनडीए की गतिविधियों से अलग कर लिया. उनकी इस नाराजगी ने भाजपा के रणनीतिकारों की चिंता बढ़ा दी, क्योंकि कुशवाहा का अलग होना कोइरी-कुर्मी वोट बैंक में सेंध लगा सकता था.

## भारत द्वारा अफगानिस्तान के लिए वायु रक्षा प्रणाली सक्रिय करने की पेशकश से पाकिस्तान की रातों की नींद उड़ जाएगी, पाकिस्तानी मिसाइलें अब...

भारत-अफगानिस्तान रक्षा समझौता: तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के नेता मुफ़्ती आसिम नूर वली महसूद को मारने के लिए काबुल में पाकिस्तानी वायु सेना द्वारा किए गए हवाई हमले और अफगान तालिबान सरकार के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी की पहली नई दिल्ली यात्रा के बाद, एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, मीडिया रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि भारत और अफगानिस्तान ने एक रक्षा समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। पाकिस्तान के लिए एक बुरी खबर यह है कि अफगान तालिबान सरकार भारत के साथ एक रक्षा समझौते पर बातचीत कर रही है, जिसके तहत नई दिल्ली अफगानिस्तान में वायु रक्षा प्रणाली सक्रिय करने को तैयार है।

**भारत-अफगानिस्तान रक्षा समझौता पाकिस्तान के लिए बुरी खबर क्यों है?**

अफगानिस्तान को झकझोर देने वाले इस घटनाक्रम में, पाकिस्तान द्वारा काबुल में हवाई हमले किए जाने के बाद, तालिबान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए कई पाकिस्तानी सैन्य चौकियों पर भीषण हमले किए। इसलिए, भारत और अफगानिस्तान के बीच रक्षा समझौता पाकिस्तान के लिए एक बड़ी चिंता का विषय हो सकता है क्योंकि पाकिस्तान लगातार अफगानिस्तान पर कई मोर्चों पर हमले कर रहा है।

**अफगानिस्तान सरकार ने पाकिस्तान के हमले पर क्या कहा है?**

पर साझा किए गए एक बयान



में, तालिबान प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने सुबह-सुबह सीमावर्ती ज़िले पर हल्के और भारी हथियारों से हमला किया। अफगानिस्तान की प्रमुख समाचार एजेंसी खामा प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, मुजाहिद ने कहा कि अफगान बलों की जवाबी कार्रवाई में कई पाकिस्तानी सैनिक मारे गए।

"दुर्भाग्य से, आज सुबह, पाकिस्तानी सेना ने कंधार के स्पिन बोल्डक ज़िले में अफगानिस्तान पर हल्के और भारी हथियारों से फिर से हमला किया, जिसके परिणामस्वरूप 12 से ज्यादा नागरिक शहीद हो गए और 100 से ज्यादा घायल हो गए। इसके बाद, अफगान सेना को जवाबी कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ा," जबीहुल्लाह मुजाहिद ने पर पोस्ट किया।

## श्रीलंका की प्रधानमंत्री हरिनी की पहली भारत यात्रा, आईआईटी दिल्ली और नीति आयोग का करेंगी दौरा

**समाज जागरण**

श्रीलंका की प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर गुरुवार को भारत आएंगी। हरिनी अमरसूर्या का यह पहला आधिकारिक दौरा है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने बुधवार को इसकी जानकारी दी है।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, पदभार ग्रहण करने के बाद यह उनकी पहली भारत यात्रा होगी। अमरसूर्या 16 से 18 अक्टूबर तक भारत में रहेंगी। इस दौरान वह वरिष्ठ राजनीतिक नेताओं से मिलकर प्रमुख द्विपक्षीय मुद्दों और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के अवसरों पर चर्चा करेंगी।

अपनी यात्रा के दौरान, श्रीलंकाई प्रधानमंत्री नई दिल्ली में एनडीटीवी और चिंतन रिसर्च फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 'एनडीटीवी वर्ल्ड समिट' में मुख्य भाषण देंगी।



बता दें कि प्रधानमंत्री अमरसूर्या श्रीलंका में शिक्षा विभाग की भी जिम्मेदारी संभाल रही हैं। वह शिक्षा, नवाचार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं पर विचार-विमर्श के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली और नीति आयोग का दौरा करेंगी।

दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज की प्रतिष्ठित पूर्व छात्रा होने के नाते, वह अपने संस्थान का भी दौरा करेंगी। कॉलेज के कार्यक्रम के अनुसार, दिन के कार्यक्रम दोपहर 12 बजे 16 एनसीसी कैडेटों द्वारा औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर के साथ शुरू होंगे। कॉलेज के लॉन में वह प्रतीकात्मक वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल होंगी। फिर ऑडिटोरियम में स्टूडेंट्स उनके लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत प्रस्तुति देंगे।

इसके अलावा, श्रीलंकाई नेता दोनों देशों के बीच व्यापार और वाणिज्यिक संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से एक व्यापारिक कार्यक्रम में भाग लेंगी।

विदेश मंत्रालय ने कहा, "यह यात्रा भारत और श्रीलंका के बीच नियमित उच्च-स्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा को आगे बढ़ाती है और गहरी एवं बहुआयामी द्विपक्षीय साझेदारी को आगे बढ़ाती है। यह भारत के 'महासागर विजन' और 'पड़ोसी पहले' नीति से प्रेरित होकर मित्रता के बंधन को और मजबूत करेगी।" (इनपुट-आईएएनएस)

## दो दिन की गिरावट के बाद बाजार में चौतरफा खरीदारी, हरे निशान पर हुआ बंद हुआ बाजार


**समाज जागरण**

भारतीय शेयर बाजार बुधवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 575.45 अंक या 0.70 प्रतिशत की मजबूती के साथ 82,605.43 और निफ्टी 178.05 अंक या 0.71 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,323.55 पर बंद हुआ।

बाजार में तेजी का नेतृत्व रियल्टी शेयरों ने किया। निफ्टी रियल्टी इंडेक्स 3.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। निफ्टी पीएसयू बैंक 1.67 प्रतिशत, निफ्टी आईटी 0.53 प्रतिशत, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज 0.91 प्रतिशत, निफ्टी मेटल 1.00 प्रतिशत और निफ्टी एफएमसीजी 0.99 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ।

सेंसेक्स पैक में बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स, एलएंडटी, ट्रेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट, इटरनल (जोमैटो), अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील, बीईएल, पावर ग्रिड, भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक गेनर्स थे। टाटा मोटर्स, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक और मारुति सुजुकी लूजर्स थे।

लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप



ने मजबूत प्रदर्शन किया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 645.60 अंक या 1.11 प्रतिशत की मजबूती के साथ 58,970 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 147.90 अंक या 0.82 प्रतिशत की मजबूती के साथ 18,088.05 पर था।

बाजार के जानकारों ने कहा कि दो दिनों की बिकवाली के बाद भारतीय शेयर बाजार में थोड़ी तेजी आई। इसकी वजह फेड चेयरमैन द्वारा ब्याज दरों पर नरम रुख अपनाना और मात्रात्मक सख्ती समाप्त करने पर विचार करने का जिक्र करना था। अमेरिका में 10 वर्षीय बॉन्ड की यील्ड में गिरावट आई, जबकि रुपए में वृद्धि हुई, जो एफआईआई के भारत जैसे उभरते बाजारों की ओर रुझान को दशार्ता है, जो छोटे अवधि से लेकर मध्यम अवधि में घरेलू बाजार की दिशा तय कर सकता है।

उन्होंने आगे कहा कि ब्याज दरों में गिरावट और आकर्षक मूल्यांकन के कारण रियल्टी ने बेहतर प्रदर्शन किया, जबकि सकारात्मक वैश्विक संकेतों ने आईटी और मेटल सूचकांकों को सपोर्ट किया।

भारतीय शेयर बाजार की शुरूआत हरे निशान में हुई थी। सुबह करीब 9.27 बजे, सेंसेक्स 324.34 अंक या 0.40 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,354.32 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 103.30 अंक या 0.41 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,248.80 पर कारोबार कर रहा था।

## जिसने भी रंग में भंग डाला सलाखों के पीछे होगा: सीएम योगी

**समाज जागरण**

लखनऊ, 15 अक्टूबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोकभवन में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि दीपावली के पहले यह प्रदेश के गरीब परिवारों के लिए एक बड़ा उपहार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि त्योहारों का उद्देश्य यही है कि हम अकेले नहीं, बल्कि सामूहिक रूप से इस उत्साह का हिस्सा बनें। 2021 में राज्य सरकार ने तय किया था कि वर्ष में दो बार होली और दीपावली के अवसर पर उज्ज्वला योजना के सभी लाभार्थियों को मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर दिए जाएंगे। इसी क्रम में आज प्रदेश के 1.86 करोड़ परिवारों को यह सौगात दी जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में प्रदेश में सभी त्योहार, होली, दीपावली, ईद, क्रिसमस, गुरु पर्व, जन्माष्टमी या रामनवमी पूरी



शांति, सौहार्द और उमंग के साथ मनाए गए हैं। अब वह सरकार नहीं है जो दंगाइयों के सामने घुटने टेक दे। यह सरकार जो जिस भाषा में समझेगा, उसी भाषा में जवाब देना जानती है। उत्साह और उमंग के त्योहार में यदि किसी ने व्यवधान डाला तो जेल की सलाखें उसका इंतजार कर रही हैं।

**पहली बार बिना भेदभाव के गरीबों तक पहुंची योजनाएं**

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी लोककल्याणकारी सरकार का दायित्व होता है कि वह शासन की योजनाओं का लाभ ईमानदारी से उन गरीबों, वंचितों और दलितों तक पहुंचाए, जो इसके पात्र हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद पहली बार गरीबों को बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ तब मिलना शुरू हुआ जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने। 2014 के पहले गैस कनेक्शन लेना भी एक संघर्ष था, लेकिन मोदी जी ने 11 करोड़ गरीब परिवारों को मुफ्त गैस कनेक्शन दिलाए। अकेले उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ परिवारों को इसका लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि पहले गरीब लकड़ी, कोयले या उपलों में खाना पकाते थे जिससे परिवार बीमार पड़ते थे। आज उज्ज्वला योजना ने नारी गरिमा को सम्मान दिया है और घर-घर में स्वास्थ्य और सुविधा का उजाला फैलाया है।

**2017 से पहले सैफई परिवार के बाहर किसी की सोच नहीं थी**

मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि 2017 के पहले प्रदेश में परिवार से ऊपर कोई सोच नहीं थी। सैफई परिवार के अलावा किसी और की चिंता नहीं होती थी। चाचा-भतीजा और महाभारत के किरदारों की राजनीति में गरीबों की योजनाएं लूट ली जाती थीं। नौकरियों में डकैती, विकास के पैसे में छीना-झपटी होती थी और त्योहार भी दंगों की भेंट चढ़ जाते थे। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार आने के बाद अब प्रदेश को परिवार मानकर काम हो रहा है। किसी की जाति नहीं पूछी जाती, किसी से भेदभाव नहीं होता। सबका साथ, सबका विकास, यही हमारा मंत्र है।

# मोहम्मद के बाद 'आई लव आर एस एस'




देश के सबसे बडे अपंजीकृत स्वयंसेवी संगठन के दुस्साहस को प्रणाम करता हूं, क्योंकि हमारे शाखामृग संगठन पर लगे गुदा मर्दन के संगीन आरोंपों के बावजूद कर्नाटक में 'आई लव आर एस एस 'अभियान चलाने की हिमाकत दिखा रहे हैं.

कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे के पत्र के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रही कांग्रेस सरकार का विरोध करते हुए संघ समर्थकों ने मंगलवार को कर्नाटक के मांड्या जिले में 'आई लव आरएसएस' अभियान शुरू कर दिया.

.स्वयंसेवकों ने हाथों में 'आई लव आरएसएस' लिखे पोस्टर लेकर नारे लगाए। उन्होंने सरकार की आलोचना करते हुए वाहनों और दुकानों पर भी पोस्टर लगाया। मांड्या शहर के डाकघर के सामने पोस्टर अभियान को हरी झंडी दिखाई गई। पोस्टरों पर लिखा था कि जो लोग आरएसएस से प्रेम करते हैं, वे देश प्रेमी हैं।

आपको याद होगा कि गत दिवस केरल के रहने वाले 26 साल के सॉफ्टवेयर इंजीनियर आनंदु अजी ने पिछले दिनों सुसाइड कर लिया था. वह कोट्टायम का रहने वाला था, उसका शव तिरुवनंतपुरम के थंबानूर के एक लॉज से मिला था. सुसाइड से पहले आनंदु ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लोगों पर यौन शोषण का आरोप लगाया है. युवक ने बताया कि बचपन से लेकर अब तक उसके साथ किस तरीके से यौन शोषण किया जा रहा था. मामला सामने आने के बाद से ही कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं. कांग्रेस इसको लेकर संघ पर हमला बोल रही है. इसके साथ ही पूरे मामले की जांच की मांग भी कर रही है.

इस मामले में संघ के सर संघचालक ने उसी तरह मौन साध लिया है जैसे मोदी जी ने मणिपुर पर साध लिया था. संघ का एक अधिकारी आनंदु के सुसाइड नोट में लगे आरोपों का प्रतिवाद करने की हिम्मत नहीं जुटा सका. उलटे अब भाजपा के एमएलसी सीटी रवि ने कहा कि मंत्री खरगे आरएसएस की आलोचना करके किसी तरह अपना कारोबार बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं।

भाजपा विधायक एसआर विश्वनाथ ने कहा कि कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें आरएसएस पर हमले करने की 'सुपारी' दी है। उन्होंने चेतावनी दी कि प्रियांक खरगे को सावधान रहना चाहिए। उन्हें आरएसएस के बारे में कुछ नहीं पता। यह संगठन इतना शक्तिशाली है कि उन्हें इसके परिणामों का अंदालत भी नहीं होगा। प्रियांक खरगे ने सार्वजनिक स्थलों और स्कूल-कालेज परिसरों में आरएसएस की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने के संबंध में मुख्यमंत्री सिद्दरमैया को एक पत्र लिखा था, जिससे विवाद खड़ा हो गया है।

आपको पता है कि संघ कांग्रेस शासित कर्नाटक में तो सक्रिय है ही लेकिन केरल में भी उसने बहुत काम किया है. केरल में ही सुसाइड करने से पहले आनंदु अजी ने नोट लिखा कि किस तरीके से उसका बचपन से लेकर अब तक यौन शोषण किया गया, जिससे वह आज तक नहीं उबर पाया है. नोट में युवक ने लिखा कि उसके माता पिता ने बचपन में उसे संघ की शाखा में डाल दिया था. यहां पड़ोसी एनएम ने तीन साल की उम्र में उसका शोषण किया था. इसके अलावा एसएस के आईटीसी और ओटीसी कैंपों भी उसके साथ ऐसा ही हुआ है.

युवक ने सुसाइड नोट में लिखा कि उसकी मौत की वजह कोई रिश्ता नहीं बल्कि एक गहरी चोट है. कुछ साल पहले ही उसे पता चला था कि उसे ऑब्सेसिव-कंपल्सिव डिसऑर्डर डायग्नोज हुआ था. यह बीमारी भी आरएसएस के लोगों के शोषण की वजह हुई थी.

आनंदु अजी ने लिखा कि उसे संघ से हमेशा दर्द ही मिला है. जब भी मैं कैंप में जाता मेरा शोषण किया जाता था. इसके साथ ही डंडों से कई बार पीटा भी गया है.अजी लिखकर गय है कि कि आर एस एस वालों से दोस्ती न करें, भले पिता, भाई या बेटा हो तो भी दूर रखें. मेरे पास सबूत नहीं है लेकिन इस बात का सबूत मेरी जिंदगी ही है.


अनंदु अजी की आत्महत्या के बाद यह मामला राजनीतिक विवाद में बदल गया है. कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आनंदु अजी की आत्महत्या के मामले में आरएसएस पर गंभीर यौन शोषण के आरोपों की पूरी तरह से जांच कराने की मांग की है. प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अजी ने अपनी सुसाइड नोट में बताया कि उन्हें कई बार आरएसएस के सदस्यों द्वारा दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा है

माना जा रहा है कि आनंदु के मामले पर धूल डालने के लिए ही कर्नाटक में आई लव आर एस एस का अभियान चलाया है. ये अभियान बरेली के तौकीर रजा के आई लव मोहम्मद के जैसा है. अब देखना ये है कि संघ आई लव आर एस एस अभियान को कर्नाटक ही सीमित रखता है या फिर देश व्यापी रूप देता है.उल्लेखनीय है कि पहली बार लाल किले के प्राचीर से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी आर एस एस का यशोगान कर चुके हैं.

@ राकेश अचल

# पुस्तकें हमारी सच्ची मित्र, मार्गदर्शक, बुद्धिमान सलाहकार और धैर्यवान शिक्षक होती हैं।

पुस्तक मानवता की आत्मा और सभ्यता की संवाहक हैं। महात्मा गांधी ने कहा है कि पुराने वस्त्र पहनो पर नई पुस्तकें खरीदो, क्योंकि रत्न भले ही देह को अलंकृत करें, पर पुस्तकें अंतःकरण को आलोकित करती हैं। वास्तव में पुस्तकें मनुष्य के भीतर छिपे सत्य और अनुभवों के द्वार खोलती हैं। जो व्यक्ति पुस्तकों से दूर रहता है, वह जीवन की अनेक सच्चाइयों से अनभिज्ञ रह जाता है। पुस्तकें न केवल ज्ञान का स्रोत हैं, बल्कि कठिन परिस्थितियों में आत्मबल और समाधान की दिशा भी देती हैं। वे हमें सिखाती हैं कि चाहे विपत्ति कितनी ही बड़ी क्यों न हो, धैर्य और विवेक से उसका समाधान संभव है। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का कहना है कि एक पुस्तक अनेक मित्रों के बराबर होती है, जबकि शिक्षाविद् चार्ल्स विलियम इलियट के अनुसार, पुस्तकें मित्रों में सबसे शांत, सलाहकारों में सबसे बुद्धिमान और शिक्षकों में सबसे धैर्यवान होती हैं। वास्तव में, पुस्तकें जीवन की सच्ची गुरु हैं जो हमें सोचने, समझने और आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। वे न केवल मानसिक, बल्कि सामाजिक, आर्थिक, नैतिक, सांस्कृतिक और चारित्रिक विकास की संवाहक हैं। प्राचीन भारत में पंचतंत्र और हितोपदेश जैसे ग्रंथों के माध्यम से बच्चों को नैतिक शिक्षा, नीति, सदाचार और जीवन कौशल सिखाने की परंपरा रही है। इन पुस्तकों ने भारतीय संस्कृति, सभ्यता और मूल्यबोध के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विश्व की प्रत्येक सभ्यता में लेखन और पठन की परंपरा ही संस्कृति की धुरी रही है, क्योंकि पुस्तकों ने धर्म, दर्शन, राजनीति और समाज को दिशा दी है। अच्छी पुस्तकें मनुष्य के भीतर चेतना, विवेक और सद्गुणों का संचार करती हैं तथा उसे जीवन के उद्देश्य से परिचित कराती हैं। ऐतिहासिक पुस्तकों से हमें अतीत की घटनाओं, सभ्यता और संस्कृतियों का ज्ञान मिलता है, जिससे व्यक्तित्व का समुचित विकास होता है। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा था कि पुस्तकें वह साधन हैं जिनके माध्यम से हम विभिन्न संस्कृतियों और समाजों के बीच सेतु का निर्माण कर सकते हैं। यही कारण है कि अनेक लोग आज भी अपने पास गुरुवाणी, हनुमान चालीसा, गीता या रामचरितमानस जैसी पुस्तकें रखते हैं, जो जीवन के हर मोड़ पर उनका मार्गदर्शन करती हैं। वर्तमान में जब डिजिटल युग ने संसार को स्क्रीन पर समेट दिया है, तब भी पुस्तक का महत्त्व समाप्त नहीं हुआ है। अब डिजिटल पुस्तकें और ऑनलाइन लाइब्रेरीज ने अध्ययन को आसान और सर्वसुलभ बना दिया है। पहले के बच्चे चंदामामा, नंदन, बालभारती जैसी पत्रिकाओं से ज्ञान और मनोरंजन प्राप्त करते थे, आज वही ज्ञान डिजिटल स्वरूप में उपलब्ध है। भारत सरकार और राज्य सरकारें ई-शिक्षा तथा डिजिटल लाइब्रेरी के माध्यम से विद्यार्थियों तक पठन सामग्री पहुंचा रही हैं। यह एक नई शिक्षा क्रांति का प्रतीक है, परंतु इसके साथ सावधानी भी आवश्यक है, क्योंकि इंटरनेट पर उपलब्ध भ्रामक या अप्रामाणिक सामग्री बच्चों के मन पर विपरीत प्रभाव डाल सकती है। इसलिए माता-पिता और शिक्षक की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है कि वे बच्चों को सही पुस्तकों के चयन की दिशा में प्रेरित करें। डिजिटल पुस्तकें भले ही सुविधाजनक हों, परंतु कागज की पुस्तक हाथ में लेकर पढ़ने का आनंद, उसकी खुशबू, उसके पन्नों का आत्मीय स्पर्श आज भी अनुपम है। पुस्तकें केवल ज्ञान का माध्यम नहीं, बल्कि मनुष्य और समाज के बीच संवाद की सबसे पवित्र कड़ी हैं। वे हमें एकता, सद्भावना और राष्ट्रनिर्माण की प्रेरणा देती हैं। पुस्तकें युवाओं को दिशा देती हैं, समाज को विचार देती हैं और राष्ट्र को चरित्र देती हैं। इसलिए कहा जा सकता है कि पुस्तकें ही वह अमूल्य निधि हैं जिनसे मानवता का भविष्य सुरक्षित और उज्जवल बनता है।



# गौमाता व गोवत्स के संयुक्त पूजन का दिन गोवत्स द्वादशी

कृषि प्रधान देश भारत में पशुधन को सदैव ही महत्वपूर्ण, पूजनीय स्थान दिया गया है और अनेक भारतीय पर्व व उत्सव भी पशुओं के प्रति प्रेम, स्नेह, भक्ति के द्योतक रहे हैं। कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष में आने वाली द्वादशी इसका साक्षात व अनुपम उदाहरण है, जिस दिन दीपावली नामक पंचपर्व की शुरूआत गौ माता और उनके वत्स अर्थात बछड़े के पूजन के साथ ही प्रारंभ हो जाती है। गौमाता को भारतीय संस्कृति में माता स्वरूप माना गया है, और उनसे प्राप्त हर वस्तु मनुष्य जीवन के लिए अत्यंत श्रेष्ठ मानी गई है। गोमाता और उनके वत्स के पूजन के इस पर्व को द्वादशी के दिन होने के कारण गोवत्स द्वादशी कहा जाता है। यह त्योहार दीपावली उत्सव के शुभारंभ का प्रतीक है और इसे कार्तिक कृष्ण द्वादशी को धनतेरस से एक दिन पहले मनाया जाता है। इसे दीपोत्सव का प्रथम दिवस माना जाता है। गोवत्स द्वादशी को नंदिनी व्रत, वत्स द्वादशी और बछ बारस आदि अन्य नामों से भी जाना जाता है। महाराष्ट्र में इसे वासु बारस और गुजरात में वाघ बरस कहा जाता है। मान्यतानुसार गौ माता और गोवत्स की पूजा करने से घर में सुख, शांति और समृद्धि आती है। यह दिन आस्था और पुण्य का दिन है। अत्यंत पवित्र पर्व गोवत्स द्वादशी के इस दिन महिलाएं संतान की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और परिवार के कल्याण के लिए करती हैं। इस वर्ष 2025 में गोवत्स द्वादशी का पर्व 17 अक्टूबर दिन शुक्रवार को मनाया जाएगा। द्वादशी तिथि का प्रारंभ 17 अक्टूबर 2025 शुक्रवार को पूर्वाह्न के 11:12 बजे होगा और

द्वादशी तिथि समाप्त 18 अक्टूबर 2025 को अपराह्न के12:18 बजे होगा।

उल्लेखनीय है कि गौ माता और उनके वत्स अर्थात बछड़े के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष के द्वादशी तिथि अर्थात धनतेरस से एक दिन पूर्व गोवत्स द्वादशी का पर्व मनाये जाने की पौराणिक परिपाटी है। इस दिन गायों एवं बछड़ों की पूजा की जाती है। पूजनोपरांत गायों एवं बछड़ों को गेहूं से निर्मित उत्पाद प्रदान किये जाते हैं। गोवत्स द्वादशी मनाने वाले लोग दिन में गेहूं तथा दूध से निर्मित किसी भी उत्पाद का सेवन नहीं करते हैं। गोवत्स द्वादशी को नंदिनी व्रत के रूप में भी मनाया जाता है। मान्यतानुसार समुद्र मंथन में कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष के द्वादशी तिथि को ही नंदिनी नामक गौमाता का प्रादुर्भाव हुआ था। भारतीय संस्कृति में नंदिनी को एक दिव्य गौ माना जाता है।

पौराणिक मान्यतानुसार इस दिन गाय और बछड़े की सेवा और पूजा करने से संतान सुख, धन-समृद्धि और पारिवारिक कल्याण की वृद्धि होती है। यह दिन गौ माता की पूजा और संरक्षण का महत्व सिखाती है। गोवत्स द्वादशी व्रत करने से पापों से मुक्ति और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। भविष्य पुराण में गोवत्स द्वादशी व्रत के संबंध में अंकित कथा के अनुसार महाभारत के समय युधिष्ठिर ने भगवान श्रीकृष्ण से कहा कि युद्ध में लाखों योद्धाओं की मृत्यु हो जाने से वे दुखी और पाप बोध से ग्रसित हैं। तब भगवान कृष्ण ने उन्हें गोवत्स द्वादशी व्रत करने की सलाह दी, जिससे उनके मन को शांति और पापों से मुक्ति मिल सके। गोवत्स द्वादशी व्रत के संबंध में प्रचलित पौराणिक कथा के अनुसार सतयुग में एक समय कई ऋषि एक पर्वत पर तप कर रहे थे। भगवान शिव वहां एक वृद्ध ब्राह्मण का रूप धरकर आये तथा माता पार्वती सवत्सा गौ अर्थात एक बछड़े वाली गाय का रूप धारण कर आई। शिव ने ऋषि भृगु को वह सवत्सा गाय दो दिन के लिए सौंप दी और चले गए। कुछ समय बाद शिव शेर का रूप लेकर आए और उस गाय को डराने लगे। गाय डरकर इधर -उधर भागने लगी, और उसके खुरों के निशान पत्थर पर छप गए। इस घटना के बाद देवताओं ने भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा की। मान्यतानुसार यह स्थान नर्मदा नदी के पास स्थित एक तीर्थ स्थल है, जहां आज भी वे निशान देखे जा सकते हैं। इस पूजा के पश्चात समस्त और शांति एवं सुख की स्थिति बनती है। एक अन्य कथा राजा उत्तानपाद और उनकी दो पत्नियों-सुनीति और सुरुचि से संबंधित है। कथा के अनुसार राजा उत्तानपाद की दो रानियां थीं- सुनीति और सुरुचि। सुनीति का पुत्र था ध्रुव, जिसे उसने पालन-पोषण के लिए सुरुचि को सौंप दिया था। एक बार ईर्ष्यावश सुरुचि ने ध्रुव को मार दिया, लेकिन वह फिर से जीवित हो गया। ऐसा उसने कई बार किया, लेकिन ध्रुव पुनः- पुनः जीवित हो उठा। आखिर में सुरुचि ने इसका कारण पूछा तो सुनीति ने बताया कि उन्होंने गोवत्स द्वादशी व्रत किया है, जिससे उनके पुत्र को जीवनदान मिला। उस समय से ही यह व्रत संतान की लंबी उम्र और सुख शांति के लिए अत्यंत फलदायी माना जाता है। इस दिन गौमाता की पूजा-अर्चना करने, रोटी, हरी घास खिलाने से घर में सदा माता लक्ष्मी का वास होता है, और परिवार में कभी भी किसी व्यक्ति की अकाल मृत्यु नहीं होती है। परिवार पर आने वाले सभी प्रकार के संकट टल जाते हैं।

पौराणिक मान्यतानुसार गौमाता की निर्मल छाया में इस संसार में सिर्फ मनुष्य को अपने जीवन को धन्य कर सकने की क्षमता प्राप्त होने के कारण ही मनुष्य योनि को सभी योनियों में श्रेष्ठ होने की मान्यता प्राप्त है। गौ माता के शरीर के हर रोम में देवी -देवताओं और तीर्थों का वास होता है। देवी -देवताओं और पितरों को एक साथ प्रसन्न करने के लिए गौ भक्ति, गौ सेवा से बढ़कर कोई अन्य मार्ग नहीं है। गौ माता को एक निवाला खिलाने से वह सभी देवी देवताओं तक स्वयं पहुंच जाता है। भविष्य पुराण के अनुसार गौ माता के पिछले हिस्से में ब्रह्मा का वास होता है, गले में विष्णु का, मुख में शिव का और मध्य स्थान में सभी देवी देवता निवास करते हैं। गौ माता के रोम कूपों में महर्षिगण, पूंछ में अनंत नाग, खुरों में सभी पर्वत और गोमूत्र में पवित्र नदियां निवास करती हैं। यही कारण है कि गोवत्स द्वादशी के दिन सभी महिलाएं अपने पुत्रों की लंबी उम्र, स्वस्थ जीवन, उज्ज्वल भविष्य और परिवार की खुशहाली के लिए व्रत करती हैं। प्रातःकाल पवित्र नदी या जलाशय में स्नान कर साफ स्वच्छ वस्त्र धारण कर सुबह के समय गोधूलि बेला अर्थात सूर्योदय के समय गाय और बछड़े को हल्दी, कुमकुम, फूल, चंदन, दीपक, उड़द के बड़े, अक्षत आदि से सजाती हैं और पूजन करती हैं।

गोवत्स द्वादशी के दिन सभी घरों में बाजरे की रोटी बनाई जाती है। बाजरे की रोटी के साथ अंकुरित अनाज की सब्जी बनाई जाती है। इस दिन गाय के दूध की जगह भैंस या बकरी के दूध का इस्तेमाल किया जाता है।

माताएं यह व्रत अपने बेटों की लंबी उम्र और रक्षा के लिए करती हैं। मान्यतानुसार इस दिन पूजा करने से बच्चे पर किसी भी बुरी नजर का असर नहीं होता और उसका जीवन सुरक्षित रहता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार भी इस दिन को संतान सुख हेतु शुभ माना जाता है। संतान बाधा या जन्म कुंडली में संतान सुख की कमी का असर होने पर गोवत्स द्वादशी का पूजन करने से इन सभी दोषों की शांति संभव होती है।

गोवत्स द्वादशी केवल एक पर्व नहीं है यह हमारी आस्था विश्वास प्रेम और समर्पण का वो पल है जो प्रकृति के ओर भी करीब ले जाता है।

अशोक प्रवृद्ध

# एच-1बी वीजा शुल्क बढ़ोतरी: वैश्विक प्रतिभाओं को देश में लाने की तैयारी नहीं

ट्रंप ने यह कदम अमेरिका के स्थानीय लोगों के रोजगार को सुरक्षित करने के लिए उठाया जिन्हें नौकरी के लिहाज से भारत और अन्य देशों के सस्ते प्रतिभाशाली लोगों से खतरा है

अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने जब यह घोषणा की कि एच-1बी वीजा के ताजा आवेदन की फीस बढ़ाकर 1,00,000 डॉलर कर दी गई है तब कई भारतीय विशेषज्ञों ने यह दावा किया कि देश को इस कदम से बड़ा फायदा मिलेगा। दरअसल ट्रंप ने यह कदम अमेरिका के स्थानीय लोगों के रोजगार को सुरक्षित करने के लिए उठाया जिन्हें नौकरी के लिहाज से भारत और अन्य देशों के सस्ते प्रतिभाशाली लोगों से खतरा है।

उक्त भारतीय विशेषज्ञों की धारणा थी कि वीजा शुल्क वृद्धि और विदेशी कामगारों के प्रवेश को रोकने के लिए अमेरिका द्वारा उठाए जा रहे अन्य उपायों के कारण, प्रौद्योगिकी से लेकर स्वास्थ्य सेवा तक के क्षेत्रों में, एच-1बी वीजा लेने वाले बड़ी संख्या में भारतीय लोग देश वापस लौटेंगे और यहां इन क्षेत्रों के विकास में मददगार होंगे।

हालांकि इसे महज कल्पना या आकांक्षा वाली सोच कहा जा सकता है। विभिन्न भारतीय नीति निमार्ताओं और अन्य प्रबुद्ध हस्तियों ने कुछ उत्साहजनक और राष्ट्रवादी बयान देने के बाद, देश की प्रतिभाओं को वापस लौटने के लिए प्रोत्साहित करने के मकसद से कोई ठोस योजना बनाने या किसी बड़े कदम की घोषणा करने की जहमत नहीं उठाई है।

अब इन बातों की तुलना हम उन अन्य देशों से करते हैं जिन्होंने एच-1बी वीजा शुल्क वृद्धि के कारण उपलब्ध होने वाले प्रतिभाशाली लोगों को आकर्षित करने के लिए विशेष घोषणाएं करने में तेजी दिखाई है। ब्रिटेन की वित्त मंत्री रेचल रीव्स ने घोषणा की कि वैश्विक प्रतिभाओं को देश में लाने की राह आसान की जाएगी जबकि अमेरिका पूरी सक्रियता से उन्हें हतोत्साहित कर रहा था। ब्रिटेन जिन कदमों पर विचार कर रहा है, उनमें उच्च-कुशल विदेशी कामगारों के लिए वीजा की संख्या दोगुना करना और अधिक निपुण वैश्विक प्रतिभाशाली लोगों के एक चुनिंदा समूह के लिए विशेष मुफ्त वीजा देने की बात शामिल है।

हालांकि इन कदमों के जरिये विशेष रूप से अमेरिका में एच-1बी वीजा पर काम कर रहे भारतीय प्रतिभाशाली लोगों को लक्षित नहीं किया गया है लेकिन यह अमेरिका में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (स्टेम) क्षेत्रों में काम करने वाले कुछ भारतीयों के लिए भी आकर्षक हो सकता है जो अब अन्य विकल्पों की तलाश कर रहे हैं। वास्तव में जिन कदमों पर विचार किया जा रहा है, वे विशेष रूप से उन लोगों के लिए नहीं हैं जो पहले एच-1बी वीजा के लिए आवेदन करने की योजना बना रहे थे। इसका उद्देश्य उन विदेशी शोधकताओं और ऐसे अन्य लोगों को आकर्षित करना है जिन्हें ब्रिटेन अपने देश में प्रौद्योगिकी अनुसंधान के लिए बुलाना चाहता है।

इस बीच, कई अन्य यूरोपीय देश विशेष रूप से जर्मनी, पुर्तगाल और फ्रांस, दुनिया की शीर्ष प्रतिभाओं को आकर्षित करने के लिए कदम उठा रहे हैं। कुछ नॉर्डिक देश भी वैश्विक प्रतिभाओं को आकर्षित करने की कोशिश कर रहे हैं। कई एशियाई देश भी कथित तौर पर वैश्विक प्रौद्योगिकी और अन्य प्रतिभाओं के लिए खुद को अधिक आकर्षक बनाने के उपायों पर काम कर रहे हैं।

चीन, अब आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई), क्वांटम कंप्यूटिंग और बायोटेक सहित विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में अमेरिका का सबसे बड़ा प्रतिद्वंद्वी बन गया है। हालांकि इसने पहले ही अमेरिका से चीन की प्रतिभाओं को वापस अपने देश में लाने के लिए लक्षित कार्यक्रम शुरू किए थे और अब यह वैश्विक प्रतिभाओं को भी आकर्षित करने के लिए पूरी तरह से जुट गया है। चीन ने 1 अक्टूबर से ह्यके वीजाह्व शुरू करने की घोषणा की जिसे विशेष रूप से विदेशी तकनीकी क्षेत्र की प्रतिभाओं को आकर्षित करने के लिए तैयार किया गया है। हालांकि तथ्य यह भी है कि चीन के पास पहले से ही विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में मजबूत घरेलू प्रतिभा पूल मौजूद है।

स्टेम क्षेत्र से जुड़े प्रतिभाशाली लोगों को हतोत्साहित करने के लिए अमेरिका द्वारा एच-1बी वीजा फीस वृद्धि के कारण यह संभावना बढ़ी है कि भारत और अन्य देशों के बड़ी संख्या में उच्च स्तर के कुशल कामगार अब दूसरी जगहों पर अवसर की तलाश करेंगे। हालांकि भारतीय नीति निमार्ता इस तथ्य से बेखबर लगते हैं कि इसका अर्थ यह बिल्कुल नहीं है कि देश की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाएं स्वचालित तरीके से देश में वापस लौट आएंगी। सरकार इस बात से बिल्कुल अनभिज्ञ है कि भारत को वैश्विक तकनीक और अन्य प्रतिभाओं के लिए एक लोकप्रिय जगह बनाने के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

भारत सरकार यदि वास्तव में प्रतिभा पलायन की प्रक्रिया को उलटने को लेकर गंभीर है तो उसे अनुसंधान और नवाचार पर बहुत अधिक जोर देने की आवश्यकता है, खासतौर पर उन क्षेत्रों में जो भविष्य का निर्धारण करेंगे। देश में सरकार द्वारा विश्वविद्यालयों में और इसके साथ ही बड़ी कंपनियों द्वारा अनुसंधान पर किया जाने वाला खर्च बेहद कम है। शोधकर्ता-उद्यमियों का सहयोग करने वाले अवसर और पारिस्थितिकी तंत्र व्यावहारिक रूप से अस्तित्व में ही नहीं हैं और इन्हें शून्य स्तर से तैयार करने की जरूरत है। विदेश से शीर्ष प्रतिभाओं को आकर्षित करने के लिए मौद्रिक सहित विशेष प्रोत्साहन दिए जाने चाहिए।

लंबे समय तक, अमेरिका प्रौद्योगिकी और नवाचार में अग्रणी देश बना रहा क्योंकि इसने वैश्विक तकनीकी प्रतिभाओं को फलने-फूलने के लिए एकदम सही माहौल बनाया। इसने अप्रवासियों के लिए देश में आने और विश्वस्तरीय तकनीकी कंपनियां बनाने के लिए परिस्थितियां तैयार कीं। अमेरिका जाकर चिप डिजाइन, एआई, बायोटेक और जीनोमिक अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में सफल होने वाले कुछ अहम नामों में भी अप्रवासी ही शामिल हैं। अब अमेरिका उन्हें हतोत्साहित करने पर तुला हुआ है ऐसे में नई प्रतिभाएं और मौजूदा प्रतिभाओं में से कुछ लोग अन्य जगहों पर अवसरों की तलाश कर सकते हैं। हालांकि इस लिहाज से हैरानी की बात यह है कि भारत इन प्रतिभाओं को लुभाने में बहुत सक्रियता नहीं दिखा रहा है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा साांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# ऑनलाइन खरीदारी: "सामान मिलता है, सम्मान नहीं" ऑफलाइन बाजार से जुड़ें, समाज को मजबूत बनाएं

दैनिक समाज जागरण नेशनल अखबार में विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

**नोएडा समाज जागरण डेस्क**

भले ही ऑनलाइन सामान मंगवाना आपको सस्ता और सुविधाजनक लगता हो, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि यह भारतीय परंपरा और सामाजिक ताने-बाने के लिए कितना घातक साबित हो रहा है?

आपको भले ही सामान मिल जाता है, लेकिन क्या आपको चाचा, मामा, भैया, फूफा, बहनजी, माताजी और भाभीजी जैसा सम्मान मिलता है?

ऑनलाइन खरीदारी न केवल छोटे दुकानदारों को निराश कर रही है, बल्कि हमारे समाजिक संबंधों को भी कमजोर कर रही है।

दिवाली के मौके पर भले ही आप जमकर ऑनलाइन खरीदारी कर रहे हों, लेकिन आपके पड़ोसी दुकानदार निराश हैं, क्योंकि उनका सामान नहीं बिक रहा है। इसके लिए केवल ग्राहक ही नहीं, बल्कि दुकानदार भी जिम्मेदार हैं।

जब आप किसी की दुकान से सामान नहीं खरीदेंगे, तो आपकी दुकान से कौन खरीदेगा?

**ऑनलाइन खरीदारी के फायदे**

ऑनलाइन खरीदारी इसलिए सुविधाजनक लगती है क्योंकि आप मोबाइल पर ही सामान पसंद करते हैं और ऑर्डर कर देते हैं। कुछ ही घंटों में वह आपके घर पहुंच जाता है।

आप सोचते हैं कि आपने जो सामान खरीदा है वह आपके पड़ोसी दुकानदार से सस्ता है।

आप भीड़भाड़ से बच जाते हैं, आने-जाने का किराया नहीं देना पड़ता और गर्मी, धूप या बारिश से भी राहत मिलती है।

**ऑनलाइन खरीदारी के नुकसान**

आपको लगता है कि ऑनलाइन खरीदारी आपके लिए फायदेमंद है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि कई बार ऑनलाइन कंपनियां पुराना या रद्दी सामान भी डिलीवर कर देती हैं? इसे ऐसे समझिए – "नई पैकेट में पुराना माल।"



अगर आप दुकान पर होते तो आपके पास चुनने का विकल्प होता और आप तुरंत पहचान लेते कि सामान नया है या पुराना। लेकिन ऑनलाइन खरीदारी में आपके पास केवल दो विकल्प होते हैं – रखना या वापस करना।

आप सामान को उलट-पुलट कर तो देख सकते हैं, पर उसकी गुणवत्ता की तुलना नहीं कर सकते। इसके अलावा, जब आप दुकान पर जाते हैं तो दुकानदार आपको "ग्राहक देवता" मानकर आदरपूर्वक बुलाता है।

क्या कभी किसी ऑनलाइन कंपनी ने आपको आदर से "भैया", "बहनजी" या "माताजी" कहा है?

थोड़े से पैसे बचाने के चक्कर में हम अपने आसपास के दुकानदारों से मुंह मोड़ लेते हैं।

शायद हमें यह याद भी नहीं रहता कि कोरोना काल में यही पड़ोसी दुकानदार महीनों तक हमें उधार में राशन देते रहे।

**समाजिक और मानसिक असर**

ऑनलाइन खरीदारी की वजह से आजकल लोगों में अकेलापन बढ़ गया है। पहले जब हम बाजार जाते थे, तो लोगों से मुलाकात होती थी, हाल-चाल जानने का मौका मिलता था। बच्चे भी घूम-फिर लेते थे।

इससे न केवल सामाजिक जुड़ाव बना रहता था, बल्कि बच्चों में भी आत्मविश्वास और सहनशक्ति बढ़ती थी।

आजकल के माता-पिता खुद मोबाइल में खो गए हैं, और बच्चे भी उसी के आदी हो चुके हैं।

पहले बच्चे त्योहारों का इंतजार करते थे ताकि बाजार जाकर सामान और पटाखे खरीदें, लेकिन अब बच्चे मोबाइल पर ही ह्लऑनलाइन पटाखेह्व फोड़ने में व्यस्त हैं। बच्चे त्योहारों का मतलब भी समझ पाते थे।

**ऑफलाइन खरीदारी से ही समाज बचेगा**

लगातार बढ़ते इंटरनेट उपयोग के बाद सामाजिक ताने-बाने को बचाने का एकमात्र माध्यम अपने पड़ोसी दुकानदार या आसपास के बाजार से खरीदारी करना ही बचा था।

लेकिन आज हालात इसके बिल्कुल विपरीत हैं – खरीदार से लेकर दुकानदार तक, सभी ऑनलाइन दुनिया में व्यस्त हो चुके हैं।

यही कारण है कि जब कोई आफत या विपदा आती है, तो कोई किसी के साथ खड़ा नहीं होता।

**हम ऑनलाइन जीवन में इतने मग्न हो गए हैं कि अब हमें यह फर्क भी नहीं पड़ता कि पड़ोसी के घर में दीपक जल रहे हैं या अंधेरा है — बस हमारे मोबाइल की बैटरी चार्ज रहनी चाहिए।**

ऑफलाइन खरीदारी हमारे समाज को मजबूत बनाती है और सामाजिक ताने-बाने को जीवित रखती है।

थोड़ा महंगा ही सही, लेकिन पड़ोस के अंकल की दुकान से जरूर खरीदारी कीजिए।

भरोसा रखिए – जब जरूरत पड़ेगी, वही अंकल आपको चाय भी पिलाएंगे और मुश्किल समय में आपके साथ भी खड़े होंगे।

**झ जूली झा, सह-संपादक**
**दैनिक समाज जागरण**

## दीपावली से पूर्व खाद्य सुरक्षा विभाग एक्शन में, जनपदभर में छापेमारी कर 10 खाद्य नमूने लिए गए

*जिलाधिकारी मेधा रूपम के निर्देश पर शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ सुनिश्चित करने के लिए चला अभियान*

गौतमबुद्ध नगर, 15 अक्टूबर 2025 (समाज जागरण संवाददाता) दीपावली पर्व को देखते हुए जिलाधिकारी मेधा रूपम के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा एवं



औषधि प्रशासन विभाग सक्रिय हो गया है। जनपद में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर खाद्य पदार्थों के 10 नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने बताया कि टीमों ने दनकौर, ग्रेटर नोएडा, जेवर टोल प्लाजा और नोएडा सेक्टर-115 सहित कई स्थानों पर जांच की। जेवर टोल पर दो डेयरियों से दूध और पनीर के नमूने लिए गए, जबकि नोएडा में अस्वच्छ स्थिति में बनाए जा रहे लगभग 110 किलो रसगुल्ले को नष्ट कराया गया।

ग्रेटर नोएडा की सेरेलेक इंडिया प्रा. लि. इकाई से दूध और घी के नमूने लिए गए तथा 128 किलो घी मिलावटी प्रतीत होने पर सीज किया गया। इसके अलावा विभिन्न प्रतिष्ठानों से पनीर, लड्डू और कलाकंद के नमूने भी जांच हेतु भेजे गए हैं। सहायक आयुक्त ने बताया कि आगे भी जिलाधिकारी के निर्देशन में जांच अभियान जारी रहेगा, ताकि जनपदवासियों को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध हो सकें। सौजन्य से सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

## मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिला जनसुनवाई एवं पोषण पंचायत का आयोजन

*उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. मीनाक्षी भराला ने की अध्यक्षता*

(समाज जागरण संवाददाता)

गौतमबुद्ध नगर, 15 अक्टूबर 2025 : मिशन शक्ति 5.0 के तहत आज बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग तथा महिला कल्याण विभाग, गौतमबुद्ध नगर द्वारा ब्लॉक बिसरख में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम एवं पोषण पंचायत का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यक्रम अधिकारी तरुण कुमार के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य माननीय डॉ. मीनाक्षी भराला ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आई कुल 09 महिलाओं की समस्याओं को सुना। उन्होंने घरेलू हिंसा, भरण-पोषण, स्वास्थ्य, रोजगार, पोषण एवं पारिवारिक विवाद से जुड़ी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के साथ-साथ पोषण पंचायत का भी आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत ह्लस्वस्थ नारी झ सशक्त परिवार,



विकसित भारत का आधारह्व विषय पर चर्चा की गई।

महिलाओं को संतुलित आहार, कुपोषण उन्मूलन, गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों की देखभाल से संबंधित उपयोगी जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज पुष्कर, जिला कार्यक्रम अधिकारी तरुण कुमार, बाल विकास परियोजना अधिकारी इफ्तिखार अहमद, संरक्षण अधिकारी विभा त्रिपाठी, वन स्टॉप सेंटर की प्रबंधक रिंकी रानी तथा मुख्य सेविकाएँ पूनम, विनोद, प्रीति, अनीता, ऋतु, वंदना, अर्चना सहित पुलिस विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

मंच पर उपस्थित अधिकारियों ने महिलाओं को शासन द्वारा संचालित योजनाओं एवं सुरक्षा सेवाओं की जानकारी दी, जिनमें 112 पुलिस हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन समेत अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर शामिल रहे।

**सदस्य डॉ. मीनाक्षी भराला ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।**

उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की समस्या होने पर निर्भीक होकर प्रशासन से संपर्क करें और सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएँ। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्ध नगर

## जिलाधिकारी मेधा रूपम ने ग्राम चीरसी, दनकौर में धान फसल की क्रॉप कटिंग का किया निरीक्षण

*किसानों से संवाद कर समस्याओं के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश*

गौतमबुद्ध नगर, 15 अक्टूबर 2025 (समाज जागरण संवाददाता) जिलाधिकारी मेधा रूपम ने आज ग्राम चीरसी, तहसील दनकौर में खरीफ 2025–26 अंतर्गत धान फसल की क्रॉप कटिंग का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना तथा संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी किसान वेग्राम शर्मा के खेत (गाटा संख्या 277) पर पहुँचीं, जहाँ उन्होंने क्रॉप कटिंग के मानक 10.10.10 त्रिकोण मीटर क्षेत्रफल में



फसल की कटाई कराई। परीक्षण के दौरान 19.070 किलोग्राम धान प्राप्त हुआ।

जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्रॉप कटिंग प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता और वैज्ञानिक पद्धति से संपन्न कराया जाए, ताकि उत्पादन का सटीक आकलन सुनिश्चित हो सके।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता, अपर सांख्यिकी अधिकारी अलका चौहान, लेखपाल ग्राम चीरसी शाहरुख खान, राजस्व निरीक्षक, एआईसी बीमा कंपनी के प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्ध नगर

कृषि तकनीकी नवाचारों व योजनाओं पर हुई विस्तृत चर्चा

## कृषकों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस सम्पन्न

(समाज जागरण संवाददाता)

गौतमबुद्ध नगर, 15 अक्टूबर 2025 : जनपद के कृषकों की कृषि से संबंधित समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को आयोजित होने वाले किसान दिवस का आयोजन आज विकास भवन स्थित सभागार में जिलाधिकारी के निदेशानुसार मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में जिले के प्रगतिशील कृषकों ने प्रतिभाग करते हुए अपनी समस्याओं को साझा किया, जिनका अधिकांश निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। वहीं पाँच कृषकों की शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही प्रारंभ की गई।



बैठक के दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों ने फार्मर रजिस्ट्री विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान की और कृषकों को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण के लिए प्रेरित किया।

पशुचिकित्सा विभाग की ओर से स्वदेशी गाय पालन, कृत्रिम गभार्धान, भेड़-बकरी एवं सूकर पालन योजनाओं के साथ-साथ टीकाकरण एवं पशु एंबुलेंस सेवाओं से संबंधित जानकारी साझा की गई।

कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने कृषि तकनीकी नवाचारों एवं सरसों की उन्नत खेती के विषय पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया। वहीं सहकारिता विभाग ने महासदस्यता अभियान की अवधि 31 अक्टूबर तक बढ़ाए जाने की जानकारी दी और कृषकों से मात्र ड्ड226 में सदस्यता ग्रहण कर डीएपी, यूरिया जैसी सुविधाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया।

किसान दिवस के अवसर पर उप कृषि निदेशक राजीव कुमार, कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, दुग्ध विकास, सिंचाई, ऊर्जा तथा एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी के अधिकारी सहित बड़ी संख्या में कृषक बंधु उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में उप कृषि निदेशक राजीव कुमार ने सभी कृषकों एवं विभागीय अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए किसान दिवस के सफल आयोजन की घोषणा की। सौजन्यः सूचना

## दीपावली पर उज्ज्वला लाभार्थियों को बड़ी सौगात – 1,500 करोड़ की सब्सिडी से 1.86 करोड़ परिवारों को मिला लाभ

*जिलाधिकारी मेधा रूपम ने गौतमबुद्ध नगर में किया प्रतीकात्मक वितरण, लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया राज्यस्तरीय शुभारंभ*

गौतमबुद्ध नगर, 15 अक्टूबर 2025 (समाज जागरण संवाददाता) दीपावली के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत प्रदेश के पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी वितरण कार्यक्रम का आयोजन आज लोक भवन, लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। ड्ड1,500 करोड़ की धनराशि से प्रदेश के 1.86 करोड़ उज्ज्वला लाभार्थियों को यह लाभ प्रदान किया गया।

इसी क्रम में कलेक्ट्रेट, गौतमबुद्ध नगर के एनआईसी सभागार में जिलाधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। लखनऊ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एलईडी स्क्रीन पर किया गया, जिसे अधिकारियों, लाभार्थियों और जनसमूह ने देखा।



इस अवसर पर जिलाधिकारी मेधा रूपम ने उज्ज्वला योजना की लाभार्थी महिलाओं को प्रतीकात्मक चेक वितरित कर गैस रिफिल सब्सिडी की राशि प्रदान की। उन्होंने कहा, ह्लप्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ने माताओं और बहनों के जीवन में सुख, सम्मान और सुविधा बढ़ाई है। दीपावली पर मिली यह गैस सब्सिडी सरकार की जनकल्याणकारी सोच का प्रतीक है।"

प्रभारी जिला पूर्ति अधिकारी स्मृति गौतम ने बताया कि योजना के तहत प्रथम चरण (अक्टूबर 2025झदिसंबर 2025) और द्वितीय चरण (जनवरी 2026 मार्च 2026) में निशुल्क सिलेंडर रिफिल प्रदान किया जाएगा। आज जनपद के 25 लाभार्थियों को 550.5 की सब्सिडी राशि के प्रतीकात्मक चेक वितरित किए गए।

उन्होंने बताया कि 14.2 किलोग्राम गैस सिलेंडर की कीमत ड्ड850.5 है, जिसमें ड्ड550.5 राज्य सरकार और ड्ड300 केंद्र सरकार द्वारा सब्सिडी के रूप में दी जाएगी।

कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, प्रभारी जिला पूर्ति अधिकारी स्मृति गौतम, आपूर्ति विभाग के निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी एवं महिला लाभार्थी उपस्थित रहे। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्ध नगर

## परियोजना दनकौर में पोषण माह 2025 का समापन समारोह उत्साहपूर्वक सम्पन्न

*महिलाओं, बालिकाओं और परिवारों में पोषण जागरूकता बढ़ाने पर दिया गया विशेष जोर*

गौतमबुद्ध नगर, 15 अक्टूबर 2025 (समाज जागरण संवाददाता) उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मनाए जा रहे पोषण माह



2025 का समापन आज परियोजना दनकौर में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना अधिकारी संध्या सोनी ने की, जबकि डॉ. अनंत श्रीवास्तव (प्रिंसिपल, बायोमेडिकल साइंसेज विभाग, गलगोटिया यूनिवर्सिटी), पूनम (स्माइल फाउंडेशन) और रोहित (लेसीन फाउंडेशन) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन मुख्य सेविका ममता तिवारी ने किया। अतिथियों का स्वागत फूलों के गमले भेंट कर किया गया।

इस वर्ष पोषण माह की थीम रही – "संपूर्ण पोषण, स्वस्थ जीवन की नींव", जिसके अंतर्गत महिलाओं, बालिकाओं और परिवारों के बीच पोषण, स्वास्थ्य व स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़ाने हेतु विविध गतिविधियाँ आयोजित की गईं। कार्यक्रम में पोषण पाठशाला, व्यंजन प्रदर्शन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण और गीत प्रस्तुति के माध्यम से पोषण के महत्व पर जनजागरूकता फैलाई गई। अपने संबोधन में संध्या सोनी ने कहा कि ह्लपोषण केवल भोजन तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन की गुणवत्ता और भविष्य की नींव है।ह्व कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और पोषण के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। यह आयोजन जनहित के संदेशों के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। सौजन्य से सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

## मिसाइल मैन की जयंती पर सपा नोएडा महानगर ने किया उनको नमन......

**समाज जागरण**

नोएडाः सपा नोएडा महानगर द्वारा आज सेक्टर 33 स्थित अग्रसेन भवन में महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता के अध्यक्षता में भारत रत्न डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया। साथी ही साथ नवनियुक्त सपा नोएडा महानगर अल्पसंख्यक सभा के अध्यक्ष अली शेर ने अपनी कमेटी का भी ऐलान किया। जिसके तहत महासचिव मनोवर खान, उपाध्यक्ष सिराजुद्दीन, नजाकत, जराकत, कोषाध्यक्ष जाकिर बनाए गए। उसके बाद लोहिया वाहिनी सपा से नवनियुक्त प्रभारी नोएडा विधानसभा 61 के रविंदर यादव ने 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अपनी रूपरेखा प्रस्तुत किया।

महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता ने सभी को बधाई व शुभकामनाएं दी।व कहा कि हम हर वर्ष 15 अक्टूबर को उनकी जयंती को छात्र दिवस के रूप में मनाते हैं इस दिन को मनाने का उद्देश्य



छात्रों को प्रेरित करना और डॉक्टर कलाम की सपनों वाले भारत को सरकार करना है।

कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश सचिव सुनील चौधरी व मुकेश यादव ने कहा कि डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम ने हमें सिखाया की जीवन में चाहे जेसे भी स्थिति क्यों ना हो पर जब आप अपने सपने को पूरा करने की ठान लेते हैं तो उन्हें पूरा करके ही रहते हैं।

**कार्यक्रम का संचालन मीडिया प्रभारी गौरव कुमार यादव के द्वारा किया गया।**

कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य लोगों में विकास यादव ,सुनील चौधरी, मुकेश यादव, बबलू चौहान, जयकरण चौधरी, गौरव चाचरा, वीरपाल प्रधान, भीष्म यादव,राजेश अंबाबत, जयवीर बाबा,मनोज गोयल, महकार तंवर, रविंद्र यादव, रामवीर यादव,अली शेर, राणा मुखर्जी, हरपाल सिंह, लोकेश यादव, बबली शर्मा, नकुल चौहान,रेणुका मेथी, विपिन चौहान, लोकपाल यादव, मोहित यादव, अच्छे मियां, नीरज चौटाला, महावीर,निरोही कृष्ण कुमार कमल, रंजन कुमार, रवि कुमार, महेश जाटव, मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

दैनिक समाज जागरण नेशनल अखबार मे विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

## किसानों का शोषण नहीं होने देंगे अशोक चौहान

**समाज जागरण**

भारतीय किसान यूनियन मंच की पंचायत का आयोजन गाँव नंगली वाजिदपुर में किया गया पंचायत की अध्यक्षता बाबा अनूप निंवाण ने ओर संचालन अशोक चौहान ने किया भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विमल त्यागी ने गांव के सभी पदाधिकारी से कहा कि 29 अक्टूबर 2025 से नोएडा प्राधिकरण पर भारतीय किसान यूनियन मंच का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन है जिसमें आप सभी की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी इसलिए अपने-अपने गाँव में सभी किसानों को जागरूक करें और भारी संख्या में नोएडा प्राधिकरण पर पहुंचने का काम करें।

नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठकों में अब किसानों की समस्याओं पर चर्चा ही नहीं होती है जिसका जीता जागता उदाहरण 3 अक्टूबर को की गई नोएडा की बोर्ड बैठक है जिसमें नोएडा प्राधिकरण ने किसानों की समस्या के समाधान के लिए एक भी मुद्दा पास नहीं किया जिससे किसानों में भारी रोष है



भारतीय किसान यूनियन मंच के संरक्षक चरन सिंह प्रधान ने सभी पदाधिकारी से कहा कि किसानों का भविष्य आप लोगों के हाथ में है आप किसानों के साथ जहां कहीं भी अन्याय और शोषण हो उसके खिलाफ बिना डरे हुए किसानों की समस्या की आवाज को बुलंद करने का कार्य करेंगे ऐसी मुझे आप सभी पदाधिकारी से आशा और उम्मीद है और 29 अक्टूबर 2025 को नोएडा प्राधिकरण पर भारी संख्या में पहुंच कर नोएडा प्राधिकरण से पीड़ित किसानों की आवाज को बुलंद करने का कार्य करें।

भारतीय किसान मंच के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक चौहान ने कहा कि 29 अक्टूबर 2025 को नोएडा प्राधिकरण पर भारतीय किसान यूनियन मंच का अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू होगा जिसके लिए सभी गांव में अलग-अलग टीम बनाकर जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है सभी किसान भारी संख्या में नोएडा प्राधिकरण पहुंचकर अपने हक्कू की आवाज को बुलंद करेंगे और 81 गांव के किसान अपना हक लेकर रहेंगे

पंचायत में बाबा ब्रह्म सिंह चौहान, सुरेंद्र प्रधान, सूरज प्रधान, चरण सिंह प्रधान, प्रमोद त्यागी, गौतम लोहिया, पीतम चौहान,लोकेश चौहान, डीपी चौहान ,पप्पू चौहान, सोनू बजरंगी, अशोक चौहान, अमित बैसोया, उमंग शर्मा , गजेंद्र बैसोया , प्रकाश चौहान, भवर सिंह चौहान,प्रेम सिंह , प्रिंस भाटी, मूले चौहान, कवर पाल चौहान, कालू चौहान, राजवीर चौहान,पुष्पेंद्र चौहान, लोकेश चौहान , सत्ते चौहान दीपक चौहान, प्रिंस चौहान आदि पदाधिकारी और किसान मौजूद रहे

# गोठना के विधालय में मिशन शक्ति के तहत बच्चों को जागरूक किया

**समाज जागरण**

गुन्नौर मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस ने गांव गोठना के कंपोजिट विधालय में बच्चों को साइबर अपराध और महिला सुरक्षा के विषय में जागरूक किया।



गुन्नौर मिशन शक्ति अभियान व साइबर अपराध के संबंध में जानकारी देने के लिए बुधवार को पुलिस ने क्षेत्र के गाँव गोठना के कंपोजित विधालय में मिशन शक्ति के अंतर्गत बच्चों को जागरूक कर टोल फ्री नंबर व हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी।

कार्यक्रम मे मिशन शक्ति टीम की प्रभारी महिला उपनिरीक्षक अर्पणा बंसल ने केंद्र के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे निराश्रित महिला, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, पेंशन योजना, महिला शक्ति केंद्र योजना आदि की जानकारी दी।

इस मौके पर मिशन शक्ति टीम दल व अध्यापक गण मौजूद रहे।

# त्यौहार को लेकर थानाध्यक्ष ने संभ्रांत लोगों के साथ की बैठक

**समाज जागरण**

बबराला थाना परिसर में बुधवार को क्षेत्र के गांवों के प्रधानों सहित क्षेत्रीय संभ्रांत लोगों के साथ बबराला थाना प्रभारी नरेंद्र कुमार ने बैंठक की थी ।जिसमें सभी राजनीतिक लोगों से आग्रह करतें हुए थाना प्रभारी ने कहा कि बिना भेदभाव के कार्य करें गांव में कोई भी अराजक तत्व गुमराह या अपराध जैसी घटनाएं को बढ़ावा दे तुरंत पुलिस को सूचना दे सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा उन्होंने कहा कि अपराधी किस्म के लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी होगी इस मौके पर रामकिशोर, हरनाम ,अवधेश कुमार, नरेश चंद्र, पप्पू यादव , रजनेश यादव, साहित आदि लोग मौजूद रहे।



# गुन्नौर दो बाइकों की भिंडत में एक गंभीर घायल रेफर

**समाज जागरण**

गुन्नौर कोतवाली नगर के मौहल्ला सराय निवासी अकील पुत्र अलाउद्दीन उम्र 55 वर्ष अपनी बाइक बबराला की तरफ से गुन्नौर जा रहे थे। जैसे ही ढाकन सिंह पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तो गुन्नौर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा होने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने घायल को एम्बुलेंस की मदद से घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया। जहां घायल की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर घायल के परिजन मौके पर पहुंच गए।



वही दूसरी बुलेट बाइक सवार मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया।

# गौशाला से समरसेबिल व सीसीटीवी कैमरे समेत लाखों का सामान चोरी

**समाज जागरण**

बबराला थाना क्षेत्र के गांव बसंतपुर निवासी ग्राम प्रधान पति हलवीर पुत्र लखपत सिंह ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बुधवार को सुबह जब 8 बजे अपने गांव की गौशाला पर पहुंचा। तो गौशाला में लगी एक समरसेबिल, दो सीसीटीवी कैमरे,लगभग चार कुंटल टीन सेट के लोहे का पाइप,टीन शेड की चादर,बिजली की केबिल, सहित कुल एक लाख रुपए की चोरी हो गई है ।जिसको लेकर ग्राम प्रधान पति हलवीर ने बबराला थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ तहरीर देकर कानूनी कारवाई करने की मांग की है।

# ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर मडावर। मंगलवार की देर रात चन्दक रेलवे लाइन के पास युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। जिसमें युवक का सर धड़ से अलग हो गया। मृतक युवक की पहचान शुभम पुत्र पप्पू उम्र 24 वर्षीय गांव फजलपुर निवासी के रुप में हुई युवक हरिद्वार मजदूरी करता था। यह हादसा घर वापह आते समय ट्रेन से हुआ रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर भेज दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# तीन नई डॉ. अंबेडकर पीठों की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापन

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की डॉ. अंबेडकर फाउंडेशन ने तीन विश्वविद्यालयों; मुंबई विश्वविद्यालय, जयपुर राष्ट्रीय विश्वविद्यालय और जीबी पंथ तकनीकी विश्वविद्यालय और कृषि विश्वविद्यालय में तीन नई डॉ. अंबेडकर पीठों की स्थापना के लिए 15 अक्टूबर, 2025 को डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र (डीएआईसी), नई दिल्ली में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर समारोह का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने की। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सचिव श्री अमित यादव, मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, डॉ. अंबेडकर फाउंडेशन के प्रतिनिधि और प्रतिभागी विश्वविद्यालयों के कुलपति भी इस समारोह में उपस्थित थे।

इस अवसर पर अपने संबोधन में, डॉ. वीरेंद्र कुमार ने शैक्षणिक और शोध पहलों के माध्यम से भारत रत्न डॉ. बी.आर. अंबेडकर की विचारधारा और दृष्टिकोण के प्रसार में डॉ. अंबेडकर फाउंडेशन के निरंतर प्रयासों की सराहना की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और संस्थागत सहयोग, डॉ. अंबेडकर की परिकल्पना के अनुसार एक समतामूलक और समावेशी समाज के निर्माण के सबसे सशक्त साधन हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नव स्थापित पीठें सामाजिक न्याय, समानता, वंचित समुदायों के सशक्तिकरण और संवैधानिक मूल्यों से संबंधित मुद्दों पर नीति-उन्मुख अनुसंधान, जन जागरूकता और अकादमिक विमर्श में सार्थक योगदान देंगी।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सचिव ने अपने संबोधन में डॉ. आंबेडकर के दर्शन और समकालीन सामाजिक एवं कानूनी चुनौतियों में उनकी प्रासंगिकता पर बहु-विषयक शोध को बढ़ावा देने में विश्वविद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया। उन्होंने 'अंबेडकरवादी' विचारधारा पर शैक्षणिक जुड़ाव को मजबूत करने में फाउंडेशन और विश्वविद्यालयों के सहयोगात्मक दृष्टिकोण की सराहना की।

नए समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर के साथ, वर्तमान नेटवर्क में तीन अतिरिक्त डॉ. अंबेडकर पीठें जुड़ गई हैं, जिससे इस योजना के अंतर्गत कार्यरत पीठों की कुल संख्या अट्ठाईस हो गई है।

# बबराला किसान नौजवान महिलाएं एवं छात्र परेशान – सपा सांसद आदित्य यादव

**समाज जागरण**

सांसद आदित्य यादव ने बुधवार को बबराला में पीडब्ल्यूडी के गेस्ट हाउस में लोगों की समस्यायें सुनी और निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियो को निर्देश दिये।

सांसद आदित्य यादव ने कहा कि पीडीए पंचायत को प्रदेश भर में गांव-गांव पहुंचाने का काम कर रहे हैं, लेकिन सवाल यह भी है कि आज इस पीडीए पंचायत की जरूरत क्या है। उन्होंने कहा कि जो सरकार केंद्र और राज्य में हैं वह स्कूलों को बंद करने का काम कर रही हैं। आपको और हमें धर्म और जातियों के नाम पर लड़ाकर, बांटने का काम किया जा रहा है।



रोजगार के लिए युवा दर-दर भटक रहे हैं। 2027 के विधानसभा चुनाव में एक होकर मजबूती के साथ भाजपा को सत्ता से हटाकर सपा की सरकार बनानी है। इसके लिए हम सभी अभी से चुनाव की तैयारी में लग जायें। इस मौके पर सपा विधायक रामखिलाड़ी सिंह यादव, अखिलेश यादव, विधानसभाध्यक्ष अमित यादव, पप्पू यादव, देवपाल यादव प्रधान, सहित सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पुलिस ने 42 दिन बाद विवाहिता का शव कब्र से बाहर निकाल पीएम को भेजा

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नगीना । जिलाधिकारी के आदेश पर नायब तहसीलदार ने पुलिस की मौजूदगी में 42 दिन बाद विवाहिता शाजिया परवीन का शव कब्र से बाहर निकल वाया गया, पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया।



स्थानीय मोहल्ला पहाड़ी दरवाजा निवासी मृतक की बहन नाजिया परवीन पत्नी इरशाद अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में कहा गया था कि जनपद अमरोहा के नौगांवा सादात निवासी उसके पिता नूर मोहम्मद ने अपनी पुत्री साजिया परवीन का निकाह 8 वर्ष पूर्व मोहल्ला पहाड़ी दरवाजा निवासी अजहरुद्दीन के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार हुआ था। निकाह के दौरान उपहार स्वरूप सभी सामान दिया था लेकिन अजहरुद्दीन व उसके परिवारजन और दहेज की मांग को लेकर साजिया परवीन का मानसिक शारीरिक उत्पीड़न करते चले आ रहे थे। तहरीर के अनुसार शाजिया परवीन का गत 2 सितंबर 2025 को सदिंग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी जिसकी लिखित सूचना पुलिस को तहरीर के रूप में दी गई थी लेकिन पुलिस से बचने के लिए आनन फानन में अजहरुद्दीन ने मोहल्ले वासियों के सहयोग से बढ़ापुर रोड स्थित एक कब्रिस्तान में दफिना करा दिया गया था। जिलाधिकारी के आदेश पर नायब तहसीलदार अजब सिंह राणा ने पुलिस फोर्स के साथ पीड़िता कि निशान देही पर बढ़ापुर रोड स्थित मोहल्ला छिप्पीपाड़ा नाबीना मदरसे के पास कब्रिस्तान पहुंच कर मृतका का शव कब्र से निकाला। कब्र से निकाले गए शव का पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। इस कार्रवाई से पीड़ित के लोगों ने इसे न्याय की जीत बताया है।

# दीपावली पर स्ट्रीट लाइटों की सौगात देने वाली नपा अध्यक्ष व उनके पति की राजनीतिक आभा

लोनी ' नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रंजीता मनोज धामा ने दीपावली के खास अवसर पर नागरिकों को एक महत्वपूर्ण सौगात देकर उन्हें पुनः अपनी कार्य प्रणाली के प्रति आकर्षित किया है. उन्होंने मूवी मैजिक से लालबाग सब्जी मंडी तक स्ट्रीट लाइटों का लोकार्पण किया हैं, मार्ग की यह जगमगाहट अब दीपावली की रोशनी को और चार चांद लगाने का काम करेगी. यही नहीं चेयरमैन के इस सराहनीय कदम से न केवल क्षेत्र की सुंदरता बढ़ेगी बल्कि रात के समय आने-जाने वाले नागरिकों तथा व्यापारियों की सुविधा में भी निश्चित तौर पर लाभकारी सिद्ध होगी. स्ट्रीट लाइट लोकार्पण के मौके पर विकास पुरुष के नाम से पहचान बनाने वाले पूर्व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मनोज धामा एवं आयरन लेडी की तरह काम करने वाली वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष रंजीता धामा के विषय में चर्चा होना भी लाजमी था. इस दौरान जनता की बातों को सुनकर इस प्रतिनिधि ने भी उक्त दोनों के राजनीतिक कार्यकाल पर प्रकाश डालना जरूरी समझाः-



गौरतलब हैं कि लोनी नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन मनोज धामा और उनकी पत्नी वर्तमान चेयरमैन रंजीता धामा विवादों से घिरे रहे हैं. जिसमें 300 करोड़ का घोटाला, कार्यालय से फाइलों का गुम होना व सामूहिक दुष्कर्म के आरोप का सामना करना शामिल है. इसके अलावा भी आय से अधिक संपत्ति के मामले में घिरे होने पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ने इसे राजनीतिक षड्यंत्र बताया है.

***भाजपा छोड़ थाम लिया था रालोद का दामन***

अनेक राजनीतिक उठक-पठक तथा विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं मिल पाने पर मनोज धामा और उनकी पत्नी रंजीता धामा ने भाजपा छोड़कर राष्ट्रीय लोकदल पार्टी का दामन थाम लिया था. वहीं, चेयरमैन रंजीता धामा ने लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर पर कुछ भाजपा नेताओं से मिलकर षडयंत्र रचने का आरोप लगाया. जो वर्तमान में लोकदल पार्टी से ही लोनी नगर पालिका परिषद की चेयरमैन हैं. वहीं दूसरी ओर आय से अधिक संपत्ति के मामले में केस दर्ज होने पर मनोज धामा ने इसे राजनीतिक षड्यंत्र बताया. मई 2022 में नगर पालिका परिषद में 300 करोड़ के घोटाले संबंधी कुछ फाइल कार्यालय से गुम हो गई थी. आरोप था कि टेंडर की मूल कीमत से अधिक भुगतान करके घोटाले को अंजाम दिया गया. उल्लेखनीय है कि मामले की जांच तत्कालीन उप जिलाधिकारी संतोष कुमार राय को सौपी गई थी. तत्कालीन पालिका अधिशासी अधिकारी शालिनी गुप्ता पूर्व चेयरमैन मनोज धामा, तत्कालीन अधिशासी अधिकारी डीके राय व बाबू के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी गई.

***धामा ने बाताया अपने खिलाफ षड्यंत्र***

वही, मनोज धामा ने उक्त आरोपों को सिरे से नकारते हुए इसे अपने खिलाफ राजनीतिक षड्यंत्र बताया. दरसल 2022 विधानसभा सीट लोनी से मनोज धामा व रंजीता धामा ने भाजपा से टिकट मांगा था, मगर उन्हें टिकट नहीं मिलने से रंजीता धामा ने निर्दलीय ही विधानसभा का चुनाव लड़ा था. हलाकि वह चुनाव हार गई थीं. बतादे कि नगर पालिका परिषद चुनाव का नामांकन दाखिल करते समय रंजीता धामा ने लोनी बार्डर थाने में धारा 144 के उल्लंघन, ट्रोनिका सिटी थाने में नगर पालिका परिषद लोनी के निर्माण कार्य के उद्घाटन का विरोध करने और लोनी थाने में फेसबुक पर धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज होने की जानकारी दी थी.

***निकाय चुनाव में मिले थे 81 हजार वोट***

चुनावी प्रक्रिया के दौरान नामांकन पत्र में दी गई जानकारी के अनुसार रंजीता धामा के पास 23.78 लाख रुपये की चल, 22.50 लाख रुपये की अचल संपत्ति. जबकि उनके पति मनोज धामा के पास 12.50 लाख रुपये की चल, 4.60 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति और 2.50 लाख रुपये का ऋण दशार्या गया है. 2017 के इस निकाय चुनाव में रंजीत धाम को 81 हजार वोट मिले थे.

***पूर्व व वर्तमान न0पा0 अध्यक्ष का राजनीतिक सफर***

2005 में मनोज धामा ने लोनी नगर पालिका चुनाव सपा से लड़ा, हार मिली.

2006 से मनोज धामा खेखड़ा से निर्दलीय विधानसभा चुनाव लड़ा, हार हुई.

2008 में मनोज धामा भाजपा में शामिल हो गए.

2012 में मनोज ने भाजपा के सिंबल पर लोनी से निकाय चुनाव लड़कर जीत हासिल की.

2017 में महिला सीट होने पर उनकी पत्नी रंजीता धामा भाजपा से लोनी निकाय चुनाव लड़कर विजय हुई.

2022 में रंजीता धामा ने निर्दलयी विधानसभा चुनाव लड़ा, हार मिली.

2023 में रंजीता धामा ने लोकदल पार्टी से निकाय चुनाव लड़कर जीत हासिल की.

# आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) मासिक बुलेटिन, सितंबर 2025

श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) में वृद्धि का रुझान जारी है। सितंबर 2025 में कुल श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) 5 महीने के उच्चतम स्तर 55.3 प्रतिशत पर पहुंच गई।

श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। सितंबर 2025 में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं में श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) 34.1 प्रतिशत थी और यह मई 2025 के बाद से महिला श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) का उच्चतम स्तर था। सितंबर 2025 में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों में कुल श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) 52.4 प्रतिशत दर्ज किया गया, जो मई 2025 के बाद से उच्चतम स्तर था। 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं में कुल श्रम बल भागीदारी दर (डब्ल्यूपीआर) लगातार तीसरे महीने लगातार बढ़ी है।

पिछले दो लगातार महीनों के दौरान गिरावट के बाद, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों में बेरोजगारी दर (यूआर) अगस्त 2025 में दर्ज 5.1 प्रतिशत से मामूली रूप से बढ़कर सितंबर 2025 में 5.2 प्रतिशत हो गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) और सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा संचालित आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) जनसंख्या की गतिविधि भागीदारी और रोजगार-बेरोजगारी की स्थिति के आंकड़ों का प्राथमिक स्रोत है।

# अधिवक्ताओं ने चेंबर बनाने को लेकर संसद को दिया ज्ञापन

**समाज जागरण**

गुन्नौर तहसील क्षेत्र के अधिवक्ताओं ने बदायूं सपा सांसद आदित्य यादव को ज्ञापन देते हुए बताया कि गुन्नौर तहसील परिसर में अधिवक्ताओं के लिए अलग से कोई चैंबर नहीं है तहसील परिसर में लगभग हर रोज व्यवसाय हेतु 350 अधिवक्ता आते हैं सभी अधिवक्ता टीन सेट से बने टूटे हुए चैम्बर में गर्मी बरसात में गुजर चलाते हैं लेकिन अधिवक्ताओं का अपना चैंबर नहीं है जिसको लेकर लंबे समय से सभी अधिवक्ता मिलकर मांग करते आ रहे हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है हालांकि सभी अधिवक्ताओं ने मिलकर समाजवादी पार्टी के बदायूं सांसद आदित्य यादव को ज्ञापन देकर चैंबर का निर्माण करने हेतु मांग की है इस मौके पर शोवी, गुरुदेव सागर, रूहल इस्लाम, अजय यादव, चंद्रपाल सिंह, शैलेंद्र यादव, राहुल,पान सिंह सहित आदि अधिवक्ता गढ़ मौजूद रहे



# आर. पी पब्लिक स्कूल तेलीपाड़ा के विद्यालय प्रांगण में मिशन शक्ति (5.0) के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित हुआ

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर तेलीपाड़ा दिनांक 15/10/2025 को नजीबाबाद तहसील के न्यू कोटद्वार कॉलोनी तेलीपाड़ा में स्थित आर.पी पब्लिक स्कूल के विद्यालय प्रागंण में मिशन शक्ति (5.0) के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में महिला शक्तिकरण एंव महिला सुरक्षा विषय पर जानकारी दी गई।



साथ ही सरकार द्वारा जारी सभी योजनाओ की विस्तृत जानकारी के साथ विभिन्न टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर, जैसे, 1090 इमेन हेल्पलाइन नम्बर 1930 साइबर क्राइम हेप्पलाइन नम्बर, 112 पुलिस आपातकाल सेवा, 102/108 एंबुलैस 1098 चाइल्ड हैल्पलाइन नम्बर, 1076 मुख्यमंती हेल्पलाइन नम्बर, के विषय में जानकारी दी। साथ ही सरकार द्वारा चलायी जाने वाली महिला कल्याणकारी योजनाओं जैसे, कन्या सुभंगला योजना, विधवा पेशन योजना, वृद्धा पेशन योजना, सामूहिक विवाह योजना, छात्रवृति योजना आदि के प्रयोग हेतु प्रातरता एवं क्रियावयन की जानकारी दी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए उपनिरीक्षक नोडल अधिकारी मिशन शक्ति श्री बनी सिंह, उप निरिक्षक ही खेम सिंह महिला कांस्टेबल विशाखा एवं सरिता, राजू सागर एवं अरबाज हारा उक्त विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किये गये।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुये विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री कुंवर अजीत सिंह जी द्वारा महिला शिक्षा एवं महिला सुरक्षा को महत्वपूर्ण बताते हुये छात्राओं को भविष्य हेतु तैयार करने हेतु निर्देशित किया, कार्यक्रम का संचालन महिला कांस्टेबल सरिता द्वारा किया गया।

# भाकियू ने गंगा एक्सप्रेसवे की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को दर्जनों पोस्टकार्ड भेजे

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना। भाकियू अराजनैतिक द्वारा गंगा एक्सप्रेसवे को बिजनौर की धरती से निकलने व गन्ना का उचित मूल्य की घोषणा करने को लेकर चलाये जा रहे प्रदेश के मुख्य मंत्री को सम्बोधित पोस्टकार्ड अभियान के अंतर्गत दर्जनों पोस्टकार्डों को नगीना पोस्ट ऑफिस में पोस्ट किया गया



बुधवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक कोतवाली ब्लॉक के पदाधिकारियों ने नगीना नगर अध्यक्ष कुंवर हर्षवर्धन सिंह के नेतृत्व में नगीना डाकघर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम चलाये जारहे अभियान के अंतर्गत दर्जनों पोस्ट कार्डो को पोस्टऑफिस में डाले गए। जिसमें मांग की गई कि गंगा एक्सप्रेस-वे को बिजनौर की धरती से निकाला जाए व गन्ने की मूल्य वृद्धि की जाए। जिसमें ब्लॉक महासचिव धर्मपाल सिंह, जिला संगठन मंत्री मुकुल कृष्ण त्यागी, नगर अध्यक्ष नगीना कुंवर हर्षवर्धन सिंह, न्याय पंचायत अध्यक्ष पुरैनी सर्वेंद्र सिंह, न्याय पंचायत महासचिव पुरैनी भजन सिंह, पुरन सिंह, गिरिराज सिंह, इंतजार , दीपक, नरेश कुमार, राकेश कुमार, टीकम सिंह, कोमल सिंह, मदन सिंह आदि मौजूद रहे।

# लोनी में भाजपा नेता अलीमुद्दीन अंसारी व उसके साथी नफीस के यहा ईडी की छापेमारी, क्षेत्र में मचा हड़कंप

**समाज जागरण**

लोनी ' बुधवार को दिन निकलते ही लोनी थाना क्षेत्र में ईडी (प्रवर्तन निदेशालय)की बड़ी कार्यवाही से क्षेत्र में हड़कंप मच गया. हरियाणा, दिल्ली और चंडीगढ़ से आई कई टीमों ने एक साथ कई ठिकानों पर छापेमारी की।



प्राप्त जानकारी के मुताबिक ईडी की टीम ने प्रातः करीब साढ़े चार बजे लोनी की इकराम नगर कॉलोनी में अल्पसंख्यक मोर्चा (भाजपा) नेता अलीमुद्दीन अंसारी और उनके सहयोगी नफीस के घरों पर छापेमारी की. ईडी की टीम ने दोनों के घरों की घेराबंदी करते हुए दस्तावेजों एवं वित्तीय रिकॉर्ड की गहन जांच करी. यह कार्यवाही हवाला के जरिए लेन-देन और आर्थिक अनियमितताओं से जुड़े मामलों की जांच के तहत की जाना बताया जा रहा है. इसी के अंतर्गत ईडी ने कुख्यात ठग लविश चौधरी के सहयोगियों के ठिकानों पर भी छापेमारी अभियान चलाया. सूत्रों की माने तो अलीमुद्दीन और लविश चौधरी इस समय दुबई या सऊदी अरब में कहीं छिपे हुए है. लविश पर उत्तर प्रदेश तथा अन्य राज्यों के लोगों से टूर एंड ट्रैवल व इन्वेस्टमेंट के नाम पर करोड़ों रुपए लगे थे. गाजियाबाद के कई व्यापारियों और निवेशकों ने रुपए दोगुने करने व विदेशी टूर पैकेज में निवेश के लालच में लविश चौधरी के जाल में फंसकर अपनी कई करोड़ की रकम गवा चुके. ईडी की टीम ने लविश चौधरी के करीबियों के यहां गाजियाबाद और मुज़फ्फरनगर में एक साथ दबिश देते हुए कई ठिकानों से महत्वपूर्ण दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आदि कब्जे में लिए हैं.

लोनी में ईडी ने अल्पसंख्यक मोर्चा के भाजपा नेता अलीमुद्दीन अंसारी और उसके साथी नफीस के घर पर की छापामारी कार्रवाई को स्थानीय पुलिस को जानकारी दिए बगैर अंजाम दिया है. ईडी सूत्रों के अनुसार, उक्त कार्यवाही हवाला नेटवर्क और अंतरराज्यीय आर्थिक अपराधों की जांच से जुड़ी है. जांच कार्य अभी जारी है, साक्ष्यों की जांच पड़ताल के आधार पर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी.

# दिल्ली-सहारनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग मरम्मत कार्य का शुभारंभ, यात्रियों ने ली राहत की सास

लोनी ' दिल्ली-सहारनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर लंबे समय से जर-जर हालत में पड़ी सड़क के गड्ढों की भराई और मरम्मत कार्य का शुभारंभ बुधवार को हो गया हैं. जो विधायक निधि से स्वीकृत चालीस लाख रुपये की धनराशि से कराया जा रहा है. मरम्मत कार्य की शुरूआत शिव विहार मेट्रो स्टेशन से की गई हैं।



मार्ग का मरम्मत कार्य प्रारंभ होने की जानकारी मिलते ही स्थानीय निवासियों और रोजाना इस मार्ग से गुजरने वाले हजारों वाहन चालकों में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों का कहना है कि लंबे समय से सड़क की बदहाली के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। बरसात के मौसम में जलभराव ने स्थिति को और भी दयनीय बना दिया था।

स्थानीय लोगों ने बताया कि यह मार्ग लोनी से दिल्ली,गा0 बाद और मेरठ की ओर जाने वाले वाहनों के लिए एक प्रमुख संपर्क मार्ग है। खराब सड़क और जगह-जगह बने गड्ढों के कारण यातायात में बाधा उत्पन्न हो रही थी और आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती थी.

इस मरम्मत कार्य को लेकर लोनी डिपो से लेकर पुस्ता पुलिस चौकी तक के हिस्से में फिलहाल गड्ढे भरने और सड़क की सतह सुधारने का काम किया जाएगा। बाद में आवश्यकतानुसार डामरीकरण (री-लेयरिंग) का कार्य भी कराया जा सकता है.

सड़क मरम्मत को लेकर लोनी में पिछले कई महीनों से आपस में राजनीतिक बयानबाजी भी चल रही थी. नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष रंजीता धामा और विधायक नंदकिशोर गूर्जर के बीच इस मार्ग की खराब स्थिति को लेकर एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर लगातार जारी था। जनता के बढ़ते दबाव और मीडिया-सोशल मीडिया पर इस मुद्दे के उछलने के बाद आखिरकार सड़क सुधार का कार्य शुरू हो गया है.

स्थानीय नागरिकों ने विधायक नंदकिशोर गूर्जर का आभार जताते हुए कहा कि इस मार्ग के सुधरने से अब आवागमन सुगम होगा और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा. लोगों ने उम्मीद जताई है कि यह कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग व निर्धारित समय पर पूरा कर लिया जाएगा।

# दयानंद वैदिक जूनियर हाईस्कूल में वैश्विक हाथ धुलाई दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली। बुधवार को इनर व्हील क्लब शामली एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त तत्वावधान में शहर के दयानंद वैदिक जूनियर हाई स्कूल में वैश्विक हाथ धुलाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष बीना अग्रवाल तथा आईटीसी मिशन सुनहरा कल के अर्बन कोऑर्डिनेटर सुनील कुमार ने स्कूल के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को हाथ स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को हाथ धोने के छह चरणों का प्रदर्शन कर बताया कि दिन में कम से कम 3-4 बार और 20-30 सेकंड तक हाथ अवश्य धोएं। कार्यक्रम के दौरान इनर व्हील क्लब द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को डेटॉल साबुन, हैंडवॉश और सैवो लिक्विड वितरित किए गए। वक्ताओं ने बच्चों को समझाया कि सही तरीके से हाथ धोने से हम अपने हाथों को बैक्टीरिया और संक्रमण से मुक्त रख सकते हैं तथा अनेक बीमारियों से बच सकते हैं। सफाई निरीक्षक अनिल कुमार चौधरी ने कहा कि स्वच्छता अपनाकर हम स्वयं को और अपने परिवेश को स्वस्थ रख सकते हैं। सफाई नायक प्रवीण कुमार ने विद्यार्थियों को गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण की जानकारी दी तथा सभी से स्वच्छता की शपथ दिलाई। मौके पर वीणा अग्रवाल, प्रिया भट्ट, रेखा गोयल, मनीष गहलोत मौजूद रहे।

# अंतर महाविद्यालय शूटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ

**समाज जागरण**

शामली। मां शाकंभरी विश्वविद्यालय सहारनपुर की अंतर महाविद्यालय शूटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार को वीवी पीजी कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक प्रसन्न चौधरी, विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजीव कुमार, महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव दीपक जैन, प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार, पर्यवेक्षक डॉ. प्रदीप कुमार, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. भूपेंद्र कुमार एवं क्रीड़ा अधिकारी धीरेंद्र कुमार ने किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में सचिव दीपक जैन ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को मजबूत करती हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजीव कुमार ने बताया कि माँ शाकंभरी विश्वविद्यालय भले ही नया स्थापित हुआ हो, लेकिन यह उसकी चौथी शूटिंग प्रतियोगिता है, जो क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं की प्रगति का प्रतीक है। उन्होंने सहारनपुर, मेरठ और मुरादाबाद क्षेत्रों में खेलों के विकास की संभावनाओं पर प्रकाश डाला और आयोजन समिति को बधाई दी। विधायक प्रसन्न चौधरी ने खिलाड़ियों को पूरी लगन एवं निष्ठा से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं और इससे अनुशासन, आत्मविश्वास तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। अंत में प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मंच संचालन कुणाल सिंह ने किया।

# जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने सहायक स्टाम्प आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) बुधवार को जिला बार एसोसिएशन शामली के अधिवक्ताओं ने सहायक स्टाम्प आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर उपनिबंधक कार्यालय में बैनामा रजिस्ट्री के दौरान उत्पन्न हो रही तकनीकी समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। उन्होने उपनिबंधक कार्यालय का कार्य बंद रखा। अधिवक्ताओं ने बताया कि रजिस्ट्री के समय ऑनलाइन साइट बार-बार ठप पड़ने और इंटरनेट कनेक्टिविटी कमजोर रहने के कारण लोगों को घंटों तक प्रतीक्षा करनी पड़ती है। इससे क्षेत्र की जनता, अधिवक्ताओं एवं दस्तावेज लेखकों को भारी असुविधा हो रही है। अधिवक्ताओं ने कहा कि इस तकनीकी अव्यवस्था के विरोध में बुधवार को उपनिबंधक कार्यालय का कार्य बंद रखा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि रजिस्ट्री की साइट को सुचारू रूप से चलाया जाए और इंटरनेट की व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। साथ ही कार्यालय में वर्तमान में संचालित एक काउंटर के स्थान पर कम से कम दो काउंटरों को संचालित किया जाए, ताकि कार्य में तेजी लाई जा सके। इसके अतिरिक्त अधिवक्ताओं ने पंजीकरण समय शाम 7 बजे तक बढ़ाने और दाखिल-खारिज संबंधित पत्रावली को प्रतिदिन तत्काल आरके कार्यालय भेजे जाने की भी मांग की। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि इन मांगों का शीघ्र निस्तारण नहीं किया गया तो अधिवक्ता समुदाय आंदोलन को और अधिक उग्र करेगा। इस अवसर पर राजपाल पंवार, जसपाल राणा, राकेश शर्मा, बिजेन्द्र सिंह, चंद्रपाल सिंह, योगेश शर्मा, विवेक कुमार, सतेन्द्र शर्मा, जगदेव, चंद्रवीर सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# बिना भेदभाव के हर वर्ग को मिल रहा सरकार की योजनाओं का लाभ, विरेन्द्र सिंह

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को 1,500 करोड़ की धनराशि से गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का वितरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया गया। प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार, शामली में किया गया।

बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में एमएलसी वीरेंद्र सिंह, विधायक प्रसन्न चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र निर्वाल, डीएम अरविन्द कुमार चौहान, एडीएम सत्येन्द्र सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी अंकुर यादव ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रेरणादायी संबोधन का सजीव प्रसारण देखा और सुना। एमएलसी विरेन्द्र सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार बिना भेदभाव के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचा रही है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से समाज में सकारात्मक परिवर्तन आया है। जिला पूर्ति अधिकारी अंकुर यादव ने बताया कि जनपद शामली में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 1,10,062 लाभार्थियों को निशुल्क सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी दी गई है। यह राशि उन लाभार्थियों के बैंक खातों में अंतरित की गई है जिनके खाते और आधार आपस में लिंक एवं प्रमाणित हैं। कार्यक्रम के उपरांत जन प्रतिनिधियों द्वारा लाभार्थियों को सब्सिडी का प्रतीकात्मक चेक वितरित किया गया। इस अवसर पर गैस एजेंसी व गैस वितरक कंपनियों के अधिकारी नवीन यादव, पूर्ति निरीक्षक मोहित, संदीप मोर्य, शोदान सिंह, योगेश, पूर्ति लिपिक दिनेश तिवारी, मनीष सहित पूर्ति विभाग के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

# सात दिवसीय विशेष पाक कला प्रशिक्षण कोर्स में छात्राओं ने बनाई अन्नपूर्णा मिठाई

**समाज जागरण**



शामली। दीपावली पर्व के अवसर पर शहर के श्री जैन कन्या इंटर कॉलेज में चल रहे सात दिवसीय विशेष पाक कला प्रशिक्षण कोर्स अन्नपूर्णा में मिठाइयां बनाई गई। छात्राओं को पारंपरिक एवं आधुनिक व्यंजनों की विधियों का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

बुधवार को प्रशिक्षण के तहत छात्राओं ने दक्षिण भारतीय, उत्तर भारतीय, पश्चिमी, पूर्वोत्तर भारतीय तथा इटैलियन व्यंजनों जैसे इडली, सांभर, डोसा, छोले भटूरे, राजमा चावल, वडा पाव, ढोकला, मोमो, बर्गर, पास्ता और पिज्जा आदि बनाना सीखा। प्रशिक्षण के छठवें दिन दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए छात्राओं को विभिन्न प्रकार की मिठाइयाँ बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर शुभम स्वीट्स के पाक कला विशेषज्ञ शुभम ने छात्राओं को मिठाई बनाने की विधियां सिखाईं, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. रुचिता ढाका ने कहा कि पाक कला हमें आत्मनिर्भर बनाती है और विभिन्न संस्कृतियों को समझने तथा सम्मान करने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि अन्नपूर्णा पाक कला प्रशिक्षण इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में बबीता गुप्ता एवं निधि जैन का सहयोग रहा।

# त्यौहारों के सीजन में फैली गंदगी, लोग परेशान

**समाज जागरण**

शामली। त्यौहारों के सीजन में फैली गंदगी से नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है। शहर के जैन मोहल्ला स्थित श्री जैन कन्या इंटर कालेज के बाहर फैली गंदगी से राहगीरों के साथ साथ छात्राओं को भी भारी



दुगंध से होकर गुजरना पडा। लोगों ने नगर पालिका से नियमित साफ सफाई कराने की मांग की है।

दीपावली पर्व को लेकर बाजारों और गली मोहल्लों में चहल पहल बढ गई है। बाजारों में ग्राहकों की भीड उमड रही तो घरों और प्रतिष्ठानों को रंग बिरंगी लाईटों से सजाने का कार्य शुरू कर दिया गया। ऐसे में नगर पालिका की उदासीनता के चलते साफ सफाई व्यावस्था चौपट हो गई है। बुधवार को शहर के जैन मोहल्ला स्थित श्री जैन कन्या इंटर कालेज के गेट पर गंदगी के ढेर लगे रहे। साफ सफाई न होने से आने जाने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पडा। वही स्कूल गेट पर दिनभर गंदगी पडे रहने से छात्राऐं भी परेशान रही और छात्राओं को भारी गंदगी से होकर गुजरना पडा। स्कूल के शिक्षकों का कहना था कि गंदगी के साथ परेशानी होती है और संक्रमण बीमारियां फैलने का खतरा भी बना रहता है। उन्होने नगर पालिका से मांग कि स्कूल के गेट पर कूडा न डाला जाये और नियमित साफ सफाई होनी चाहिए।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन

**समाज जागरण**






शामली।(फुरकान जंग) कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को किसान दिवस का आयोजन डीएम अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में किया गया। किसान दिवस में जनपद के विभिन्न गांवों से आए किसानों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनके निस्तारण के लिए डीएम ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों की शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान प्राथमिकता पर किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों से संवाद स्थापित कर समस्याओं को स्थल पर जाकर हल करें, ताकि किसानों को बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। कार्यक्रम के दौरान उप कृषि निदेशक प्रमोद कुमार ने जानकारी दी कि पिछले किसान दिवस में उठाई गई कई समस्याओं का समाधान कर दिया गया है। किसान सुनील पंवार ने यमुना नहर की पटरी के किनारे उगे खरपतवार की सफाई की मांग की। राजन जावला ने ग्राम मतनावली में पड़े पानी के पाइपों को शीघ्र स्थापित कराने की बात कही। विदेश मलिक ने दीपावली से पहले बकाया गन्ना भुगतान कराने की मांग रखी। कालेन्द्र मलिक ने निराश्रित गोवंश को पकड़कर गोशालाओं में भेजे जाने तथा गन्ना भुगतान शीघ्र कराने की मांग की। वहीं कविता चौधरी ने बताया कि गांव पिंडौरा का तालाब गंदा है, जिसकी सफाई कराई जाए। उन्होंने कहा कि गन्ना भुगतान न होने से किसानों को बच्चों की स्कूल फीस जमा करने में कठिनाई हो रही है। अजय सिंह पिंडौरा ने ऊन में धान क्रय केंद्र स्थापित करने की मांग की। किसान दिवस कार्यक्रम में जिला कृषि अधिकारी प्रदीप कुमार, जिला उद्यान अधिकारी सतेन्द्र मान सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। किसानों में अजित सिंह, हरेन्द्र कैडी, ईश्वर सिंह फौजी, गुलवीर सिंह, संजीव राठी, ऋषिपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय वाल्मीकि समाज प्रतिनिधि मंच ने की दोषियों की गिरफ्तारी की मांग

**समाज जागरण**



शामली। हरियाणा के आईपीएस अधिकारी पूरण कुमार द्वारा कथित रूप से उच्च अधिकारियों की प्रताड़ना से आहत होकर आत्महत्या करने की घटना से आक्रोशित राष्ट्रीय वाल्मीकि समाज प्रतिनिधि मंच ने दोषियों की गिरफ्तारी और पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

मंगलवार दोपहर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद झंझोट के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, तथा हरियाणा के राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी शामली को सौंपा। ज्ञापन में संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि हरियाणा के आईपीएस अधिकारी पूरण कुमार, जो दलित समाज से थे, को उनके सीनियर पुलिस अधिकारियों द्वारा लंबे समय से जातिगत आधार पर प्रताड़ित किया जा रहा था। लगातार मानसिक उत्पीड़न से आहत होकर पूरण कुमार ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया।

संगठन ने मांग की कि इस गंभीर प्रकरण में दोषी अधिकारियों की तत्काल गिरफ्तारी की जाए और उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन देने वालों मे नंदू प्रसाद वाल्मीकि, मुकेश वाल्मीकि, पंडित विशाल कुमार, सलेखचंद, अरुण झंझोट, अक्षय कुमार, राधा देवी, ममता देवी, उर्मिला देवी, रीना देवी, राजेश देवी, अनुराधा देवी मौजूद रहे।

# सीनियर बालक वर्ग भाला फेंक में वंश ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

**समाज जागरण**



शामली। शहर के आरके इंटर कॉलेज में चल रही 12वीं त्रिदिवसीय जनपदीय बालक-बालिका क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन एथलेटिक्स की विभिन्न स्पधाओं का रोमांच देखने को मिला। प्रतियोगिताओं में लंबी कूद, ऊंची कूद, हैमर थ्रो, तश्तरी फेंक और दौड़ जैसी प्रतियोगिताएं प्रमुख आकर्षण रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार एवं प्रधानाचार्या अलका संगल ने किया। उन्होने बताया कि सीनियर बालक वर्ग में भाला फेंक प्रतियोगिता में वंश ने प्रथम तथा रमन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में साहिब चौधरी ने प्रथम और उज्जवल ने द्वितीय स्थान हासिल किया। 3000 मीटर दौड़ में रोहित ने प्रथम और आशीष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालक वर्ग में ऊंची कूद में दीपक सोलंकी ने प्रथम तथा विशाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भाला फेंक में विकांशु ने प्रथम और दिव्यांशु ने द्वितीय स्थान हासिल किया। सब-जूनियर बालक वर्ग में ऊंची कूद में अयान प्रथम और अयांश द्वितीय स्थान पर रहे। 200 मीटर दौड़ में देव श्योरान ने प्रथम तथा रितिक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर बालिका वर्ग में भाला फेंक में निधि ने प्रथम और तनु ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 3000 मीटर वॉक चाल में शिवांगी ने प्रथम तथा वंशिका ने द्वितीय स्थान हासिल किया। जूनियर बालिका वर्ग में भाला फेंक में वंशिका ने प्रथम रही। सब-जूनियर बालिका वर्ग में 200 मीटर दौड़ में मानवी ने प्रथम तथा खुशी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन में खेल शिक्षकों प्रमोद कुमार, रवि कुमार, अतुल वर्मा, अमरपाल, फूलकुमार ने किया।

# सपाइयों ने मनाई भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती

**समाज जागरण**

शामली। समाजवादी पार्टी ने महान वैज्ञानिक व भूतपूर्व राष्ट्रपति डा अब्दुल कलाम का जयंती कार्यक्रम समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बिट्टू पांचाल के आवास ग्राम सिलावर में आयोजित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रोफेसर सुधीर पंवार ने कहा कि मिसाइल



मेन डा कलाम सच्चे भारतीय थे। गरीब मुस्लिम मछुवारे के घर में जन्म लेकर उन्होने अपनी मेहनत के बल पर न केवल विज्ञान के क्षेत्र मे विशिष्ट उपलब्धियां प्राप्त की बल्कि देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद को प्राप्त कियज्ञ। बल्कि वहॉ पर पर उच्च आदर्श स्थापित किए। उन्हे देश के युवाओं की प्रतिभाओं पर बहुत विश्वास था। वे उनके लिए बहुत कुछ करना चाहते थे। समाजवादी पार्टी युवाओ के लिए देखे गए उनके सपनों को सच करने के लिए काम कर रही है।

जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी ने कहा कि डा कलाम जैसे महापुरुषों के कारण ही भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो सका। इस अवसर पर बिट्टू पांचाल, जिलाध्यक्ष सलेक चंद, खुशनूद, भूपेन्द्र सैनीं, तासीन मंसूरी, योगराज पंवार, इन्तजार आदि मौजूद रहे।

# केंद्रीय मंत्री ने निजी क्षेत्र की व्यापक भागीदारी के साथ नवाचार-संचालित अर्थव्यवस्था का आह्वान किया

निजी क्षेत्र की व्यापक भागीदारी के साथ नवाचार-संचालित अर्थव्यवस्था का मजबूत समर्थन करते हुए केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज कहा कि भारत का प्रौद्योगिकी आयातक से नवाचार-संचालित निर्यातक बनने का मार्ग सीएसआईआर-राष्ट्रीय अंतःविषयक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईआईएसटी) जैसे संस्थानों द्वारा संचालित किया जा रहा है, जो वैज्ञानिक अनुसंधान को सततता और उद्यमिता के साथ जोड़ते हैं।

तिरुवनंतपुरम में सीएसआईआर-एनआईआईएसटी के स्वर्ण जयंती माइलस्टोन ऑब्जर्वेशन कार्यक्रम के समापन समारोह में बोलते हुए मंत्री महोदय ने स्मरण किया कि 50 वर्ष पहले इस संस्थान की परिकल्पना दक्षिणी प्रायद्वीप के विशाल प्राकृतिक संसाधनों का वैज्ञानिक प्रगति के लिए दोहन करने के उद्देश्य से की गई थी। संस्थान की स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में डॉ. जितेंद्र सिंह ने नए स्वर्ण जयंती भवन और सीएसआईआर-एनआईआईएसटी नवाचार केंद्र का उद्घाटन किया, जिसे अनुसंधान विचारों को व्यवहार्य उत्पादों और स्टार्टअप में बदलने के लिए डिजाइन किया गया है। उन्होंने कहा, "कृषि से लेकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता तक यह नवाचार केंद्र स्टार्टअप को पोषित करेगा, उद्यमियों का समर्थन करेगा और नवाचार-आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा।" उन्होंने यह भी बताया कि दस स्टार्टअप का पहला समूह पहले ही इनक्यूबेशन पूरा कर चुका है।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने सूचित किया कि केरल सरकार ने बायो 360 लाइफ साइंसेज पार्क के भीतर प्रस्तावित नवाचार, प्रौद्योगिकी और उद्यमिता केंद्र के लिए थोंनाक्कल में भूमि आवंटित की है। उन्होंने आगे कहा, "यह सुविधा जैव प्रौद्योगिकी और जीव विज्ञान में अनुप्रयुक्त अनुसंधान को गति प्रदान करेगी और प्रयोगशाला की सफलताओं को जीवन-परिवर्तनकारी वास्तविकताओं में बदलेगी।"

संस्थान की प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए डॉ. जितेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय महत्व के चार नवाचारों का उल्लेख किया - एम्स, दिल्ली में स्थापित एक जैव-चिकित्सा अपशिष्ट रूपांतरण रिग जो संक्रामक अपशिष्ट को गैर-विषाक्त पदार्थ में परिवर्तित करता है; मधुमेह और पूर्व-मधुमेह रोगियों के लिए उपयुक्त "डिजाइनर चावल" का विकास; आयात निर्भरता को कम करने के लिए स्वदेशी वैक्सीन वायल मॉनिटर (वीवीएम) और प्लास्टिक के टिकाऊ पैकेजिंग विकल्पों पर अनुसंधान। उन्होंने कहा, "ये पहलें सामाजिक प्रभाव वाले विज्ञान को दर्शाती हैं," और जोड़ा कि ऐसी प्रौद्योगिकियाँ स्वच्छ भारत, आयुष्मान भारत और आत्मनिर्भर भारत जैसे राष्ट्रीय मिशनों को सीधे समर्थन प्रदान करती हैं।

डॉ. जितेंद्र सिंह, जो सीएसआईआर के उपाध्यक्ष भी हैं, ने अपेक्षाकृत छोटा संस्थान होने के बावजूद एनआईआईएसटी के प्रदर्शन की सराहना की। पिछले दो वर्षों में इसका संस्थागत बजट डेढ़ गुना बढ़कर 120 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है, जिसका आधा हिस्सा अनुसंधान एवं विकास पर खर्च किया गया है। प्रयोगशाला ने 28 प्रौद्योगिकियों का हस्तांतरण किया है, 65 उद्योग समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं और बाहरी वित्तपोषण एवं अनुसंधान उत्पादन के रिकॉर्ड स्तर हासिल किए हैं, जिसे मंत्री महोदय ने "उद्देश्यपूर्ण उत्कृष्टता" की संज्ञा दी।

मंत्री महोदय ने 2024 में आईआईटी गुवाहाटी में 10वें भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव के आयोजन में संस्थान की अग्रणीय भूमिका को याद किया, जिसमें 40,000 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया था। उन्होंने कहा, "देश के दक्षिणी छोर से लेकर उत्तर पूर्व तक इस तरह के एक बड़े आयोजन की मेजबानी सीएसआईआर-एनआईआईएसटी की एकता और नेतृत्व को दर्शाती है।"

सरकार, उद्योग और शिक्षा जगत के बीच मजबूत सहयोग का आह्वान करते हुए डॉ. जितेंद्र सिंह ने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परिकल्पित "संपूर्ण सरकार" और "संपूर्ण राष्ट्र" का दृष्टिकोण भारत की वैज्ञानिक प्रगति की कुंजी है। उन्होंने कहा, "हमें सरकारी निर्भरता से हटकर निजी क्षेत्र की अधिक भागीदारी के साथ आत्मनिर्भर इको-सिस्टम की ओर बढ़ना चाहिए।" उन्होंने मंत्रालयों और वैज्ञानिक संस्थानों के बीच घनिष्ठ समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया और इसे "अंतःविषयक" तथा "अंतर-सरकारी" दृष्टिकोण का एकीकरण बताया।

सीएसआईआर और जैव प्रौद्योगिकी विभाग के बीच चल रहे सहयोग और अंतरिक्ष तथा परमाणु क्षेत्रों को निजी क्षेत्र के लिए खोलने के निर्णय का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह एकीकृत मॉडल भारत के नवाचार ढांचे के भविष्य का प्रतिनिधित्व करता है।

# उत्तर पूर्वी क्षेत्र में खेल विकास पर दूसरी उच्च स्तरीय कार्यबल की बैठक आज आयोजित हुई: केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने उत्तर पूर्वी क्षेत्र को भारत के खेल केंद्र में बदलने के लिए बॉटम-अप दृष्टिकोण और दीर्घकालिक कोचिंग सहभागिता का आह्वान किया

उत्तर पूर्वी क्षेत्र (एनईआर) में खेल विकास पर दूसरी उच्च-स्तरीय कार्यबल (एचएलटीएफ) की बैठक आज मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बैठक में केंद्रीय संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया, युवा कार्य एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे, मिजोरम के खेल मंत्री लालनघिंगलोवा हमार और सभी उत्तर पूर्वी राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी एवं प्रतिनिधि शामिल हुए।

यह बैठक 17 अप्रैल, 2025 को आयोजित पहली कार्यबल बैठक के अनुवर्ती के रूप में हुई, जिसका उद्देश्य प्रारंभिक चचाओं के बाद हुई प्रगति की समीक्षा करना और खेल प्रोत्साहन, बुनियादी ढांचे तथा प्रतिभा विकास को सशक्त बनाने हेतु एक व्यापक रोडमैप तैयार करना था।

अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक एथलेटिक क्षमता और खेलों के प्रति गहरे जुनून को देखते हुए, उत्तर पूर्वी क्षेत्र के भारत के खेल केंद्र के रूप में उभरने की अपार संभावनाओं को रेखांकित किया। उन्होंने व्यापक कोचिंग पैटर्न अपनाने, कोचों की दीर्घकालिक और प्रतिबद्ध भागीदारी सुनिश्चित करने, खेल-आधारित प्रतिभा स्काउटिंग को लागू करने और खेल उत्कृष्टता की एक मजबूत नींव बनाने के लिए एक बॉटम-अप दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। मंत्री महोदय ने आधुनिक खेल सुविधाओं के विकास, स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने, उच्च क्षमता वाले खेलों की पहचान करने तथा खेल इको-सिस्टम में समग्र विकास और समावेशिता सुनिश्चित करने के लिए सभी उत्तर पूर्वी राज्यों में जमीनी स्तर पर भागीदारी को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया।

चचाओं में मौजूदा खेल अवसंरचना की व्यापक समीक्षा, सुविधाओं, प्रतिभा विकास और सुगम्यता में प्रमुख कमियों की पहचान तथा खेल अवसंरचना एवं भागीदारी को बढ़ाने के लिए एक रणनीतिक ढाँचा विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यबल ने प्रतिभा संपन्न और वंचित क्षेत्रों का मानचित्रण, सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) और सीएसआर पहलों के माध्यम से निवेश आकर्षित करने और चरणबद्ध कार्यान्वयन के लिए मापनीय लक्ष्यों के साथ एक कार्यान्वयन योग्य रोडमैप विकसित करने पर भी विचार-विमर्श किया।

# दो दुकानदारों में मारपीट, हंगामा सड़क के दोनों ओर लगा जाम

**समाज जागरण**

शामली। शहर के माजरा रोड स्थित दो दुकानदारों में सडक पर सामान रखने को लेकर झगडा हो गया। झगडे के दौरान दोनों दुकानदार हाथों में लाठी डंडे



लेकर सडक पर उतर आये, जिससे हंगामा हो गया और जाम की स्थिति पैदा हो गई।

शहर के माजरा रोड निवासी दो दुकानदार दीपावली पर्व को लेकर सडक पर अपना सामान लगा रहे थे। एक दूसरे से आगे सामान रखने की होड में दोनों दुकानदारों में विवाद खडा हो गया, जिसके बाद मारपीट शुरू हो गई। बताया जाता है कि दोनों दुकानदार हाथों में लाठी डंडे लेकर एक दूसरे पर हमला करने लगे, लेकिन मौके पर मौजूद दुकानदारों ने बीच बचाव कराकर दोनों को शांत किया। झगडे के चलते माजरा रोड पर जाम भी लग गया और सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने कडी मशक्कत कर जाम खुलवाया।

# माधव सरस्वती विद्या मंदिर में हुआ पूर्व छात्रों का दीपावली मिलन समारोह

**समाज जागरण**

बागपत। माधव सरस्वती विद्या मंदिर सुभानपुर में पूर्व छात्रों के लिए दीपावली मिलन समारोह का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पुराने विद्यार्थियों को विद्यालय से पुनः जोड़ना तथा दीपोत्सव की आनंदमयी भावना को साझा करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम् के साथ हुआ। प्रधानाचार्य रवीश कुमार ने अपने आशीर्वचन में एक प्रेरणादायक कथा सुनाई और सभी पूर्व छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि निरंतर प्रयास करते रहने से सफलता अवश्य मिलती है।कार्यक्रम में अंग्रेजी के आचार्य सुल्तान ने अपनी सुंदर कविता से सभी का मन मोह लिया। संगीत की आचार्या कीर्ति ने मधुर गीत प्रस्तुत किया। जिया ने अपने भावपूर्ण विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन नितीश कुमार ने बड़ी कुशलता से किया व दर्शकों को प्रभावित किया। कार्यक्रम में अविनाश शर्मा, ममता शर्मा, हेमंत जोशी ,पुष्पा जी ,सुनील ,प्रियंका, सुनील, दीपा, मंथन, प्रीति नीरू, सुदेश, बिट्टो , ममता चौहान, नेहा, सिमरन प्रतिमा, गुंजन, सुमन, रोहित उपस्थित रहे। अंत में सभी ने दीप जलाकर एकता और प्रकाश के इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया।



माधव सरस्वती विद्या मंदिर में हुए दीपावली मिलन कार्यक्रम में अपने विचार रखते प्रधानाचार्य

# कोणार्क विद्यापीठ में मिशन शक्ति कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन

**समाज जागरण**

बागपत। उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वपूर्ण अभियान मिशन शक्ति के अंतर्गत कोणार्क विद्यापीठ खेकड़ा में एक प्रेरणादायक और सफल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सर्कल ऑफिसर रोहन चौरसिया खेकड़ा बागपत ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और छात्राओं को महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। सीओ खेकड़ा ने अपने संबोधन में मिशन शक्ति के उद्देश्य को स्पष्ट किया, जिसका लक्ष्य महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करना है। उन्होंने छात्राओं को आत्मरक्षा, कानूनी अधिकारों और किसी भी संकट की स्थिति में पुलिस एवं अन्य हेल्पलाइन की सहायता लेने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को निर्भीक बनने और अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। सब इंस्पेक्टर करिश्मा ने मिशन शक्ति अभियान के तहत बच्चों का मार्गदर्शन किया। सब इंस्पेक्टर नितिन जी ने साइबर फ्रॉड के बारे में बच्चों को विस्तृत जानकारी दी। विद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र धमा ने बताया कि सीओ खेकड़ा द्वारा किए गए इस मार्गदर्शन से बच्चों में सुरक्षा और आत्मविश्वास की भावना मजबूत हुई है। प्रधानाचार्य अतुल कुमार गोस्वामी ने मुख्य अतिथि के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सब इंस्पेक्टर शीतल सब इंस्पेक्टर करिश्मा सब इंस्पेक्टर नितिन कुमार निशि नलिनी शर्मा शक्ति राजदान सविता शर्मा शालु जैन मेघा धामा सुमन चौहान नरेश कुमार मनीष शर्मा गुलशन चौहान विपिन धामा वरुण कुमार मनीष धामा आदि उपस्थित रहे।



कोणार्क विद्यापीठ में आयोजित मिशन शक्ति कार्यक्रम में अपने विचार रखते वक्ता

# रालोद सदस्यता अभियान कार्यक्रम, सर्वसमाज ने थामा लोकदल का हाथ

**समाज जागरण**

बागपत। जनपद के गांव हिम्मतपुर सुजती में राष्ट्रीय लोकदल के सदस्यता अभियान के तहत एक विशाल बैठक का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ग्राम की कश्यप चौपाल पर सम्पन्न हुआ, जिसमें सभी बिरादरियों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व सदस्यता अभियान प्रभारी डॉ. अनिल आर्य ने किया, जबकि संचालन कुलवीर राठी ने किया। डॉ. अनिल आर्य ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल किसानों, मजदूरों, नौजवानों और



हिम्मतपुर सुजती गांव में ग्रामीणों का बीच वार्ता करते डॉक्टर अनिल आर्य

समाज के प्रत्येक वर्ग की आवाज है। चौधरी चरण सिंह का सपना था कि गांव, किसान और गरीब सशक्त हों – और यही सपना राष्ट्रीय लोकदल पूरा करने में जुटा है।उन्होंने आगे कहा कि आज के समय में देश और प्रदेश की राजनीति को नई दिशा देने के लिए सर्वसमाज को एकजुट होकर लोकदल के साथ जुड़ना होगा, ताकि किसान, मजदूर और युवाओं की आवाज को सशक्त मंच मिल सके। राठी खाप चौधरी जीत सिंह ने कहा कि चौधरी चरण सिंह और चौधरी अजीत सिंह जैसे नेताओं ने हमेशा किसानों और आमजन के सम्मान की राजनीति की। यही कारण है कि आज भी लोग लोकदल के विचारों से गहराई से जुड़े हुए हैं। बैठक में बड़ी संख्या में लोगों ने सदस्यता ग्रहण कर राष्ट्रीय लोकदल से जुड़ने का संकल्प लिया। इस अवसर पर राठी खाप चौधरी जीत सिंह, किरतपाल, मास्टर शौकीन, हरख्याल उपाध्याय, ओमबीर कश्यप, मुन्नी कश्यप, प्रेम कश्यप, चमन कश्यप, लक्ष्मण, सतवीर, दरियाव, सेवाराम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बसी गांव में अज्ञात कारणों से मकान में आग लाखों का सामान जलकर राख

### --मजदूरी पर गए थे परिवार के सभी सदस्य ग्रामीणों ने मशक्कत से बुझाई आग

**समाज जागरण**

खेकड़ा। क्षेत्र के बसी गांव में बुधवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब एक मकान में अचानक आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में करीब तीन लाख रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। गनीमत यह रही कि घटना के समय मकान में कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। ग्रामीणों ने बताया कि मकान मालिक नौशाद पुत्र जमील रोजी-रोटी के लिए परिवार सहित मजदूरी पर गया हुआ था। दोपहर करीब एक बजे अचानक मकान से धुआं उठता देख आस-पास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक घर में रखा राशन, कपड़े, फर्नीचर और अन्य घरेलू सामान पूरी तरह जल चुका था। सूचना पाकर ग्राम प्रधान संजीव कुमार भी मौके पर पहुंचे और प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की। आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर प्रशासन समय पर राहत मुहैया कराए तो गरीब परिवार को बड़ी मदद मिल सकती है।



बसी गांव में आग से जलकर खाक हुए मकान का सामान

# विकसित भारत @2047 के लक्ष्य को लेकर नगर पालिका परिषद बागपत में गोष्ठी आयोजित

### --मिशन शक्ति 5.0 पर नारी सम्मान और स्वावलंबन को लेकर हुई सार्थक चर्चा

**समाज जागरण**

बागपत। नगर पालिका परिषद बागपत में बुधवार को ृविकसित भारत एवं विकसित उत्तर प्रदेश @2047ृ के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद बागपत के चेयरमैन राजुद्दीन एडवोकेट ने की, जबकि संचालन अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार भड़ाना के निर्देशन में हुआ। गोष्ठी में सभी सभासदगणों ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए और नगर के समग्र विकास के लिए योजनाओं पर चर्चा की। इसके उपरांत कार्यक्रम में मिशन शक्ति 5.0 पर विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिसमें नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन के विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। चेयरमैन राजुद्दीन ने कहा कि समाज की प्रगति तभी संभव है जब महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता का अवसर मिले। अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार भड़ाना ने महिलाओं को आगे बढ़ने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में महिला सभासदगणों और महिला कर्मचारियों को अंगवस्त्र और मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अवर अभियंता श्रीमती विजेता श्रीवास्तव, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप कुमार तिवारी, सभासद मोहन चौहान, निगम शर्मा, माया देवी, राजवीर, गुलजार, सोनम यादव, कार्यवाहक सफाई नायक सुदेश कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर कुमारी बुशरा मलिक, फरमान सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



गोष्ठी के दौरान मिशन शक्ति 5.0 पर चर्चा करते अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार भड़ाना।

# छात्र-छात्राओं ने महात्मा आनंद स्वामी जयंती मनाई

**समाज जागरण**

बागपत। डीएवी पब्लिक स्कूल में आर्य समाज के नेता एवं 'आर्य गजट' तथा 'मिलाप' आदि पत्रों के संपादक महात्मा आनंद स्वामी की जयंती मनाई गई । इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन




महात्मा आनंद स्वामी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए प्रधानाचार्य और अध्यापक

किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य प्रवेश कुमार द्वारा महात्मा आनंद स्वामी के चित्र पर श्रद्धा सुमन पुष्प अर्पित करके किया । प्रधानाचार्य ने अपने वक्तव्य में बताया कि किस प्रकार आर्य समाज से प्रभावित होकर उन्होंने युवावस्था में ही वैदिक धर्म के प्रसार के लिए अपना जीवन समर्पित करने का संकल्प लिया था । इस अवसर पर छात्र छात्राओं द्वारा बहुत ही मनमोहक भजन की प्रस्तुति दी गई तथा महात्मा आनंद स्वामी के जीवन पर बहुत ही सुंदर नाटिका प्रस्तुत की गई । इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राएं और अध्यापक अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

# स्वदेशी मेला: भाजपा नेता राखी राजपूत की प्रेरणा से उमड़ी भारी भीड़

### --दीपावली से पहले जिले में स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी को मिला नया उत्साह
### --स्थानीय कारीगरों और स्वयं सहायता समूहों को प्रदर्शनी का अवसर, सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बढ़ी शोभा

**समाज जागरण**

बागपत। उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय, उत्तर प्रदेश के निर्देश पर बागपत में यू.पी. इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 के अंतर्गत स्वदेशी मेला का आयोजन 10 से 18 अक्टूबर तक सम्राट पृथ्वीराज चौहान डिग्री कॉलेज, चमरावल रोड में किया जा रहा है। बुधवार को भाजपा नेता राखी राजपूत द्वारा लोगों को प्रेरित करने के बाद मेले में भारी भीड़ उमड़ गई। राखी राजपूत ने कहा कि स्वदेशी समान खरीदना राष्ट्र और स्थानीय कारीगरों का समर्थन करना है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करते हुए स्वदेशी वस्तुएं खरीदने का संकल्प किया। इस अवसर पर उनके साथ आई 70 महिलाओं ने मेले से हजारों रुपये का सामान खरीदकर जनता को स्वदेशी उत्पाद अपनाने के लिए प्रेरित किया। मेला प्रतिदिन पूर्वाह्न 12 बजे से सायं 6 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। इसमें स्थानीय हस्तशिल्पी, कारीगर, उद्यमी और स्वयं सहायता समूह अपने उत्पाद प्रदर्शित और बिक्री कर रहे हैं। उद्योग विभाग, खादी एवं ग्रामोद्योग, माटी कला बोर्ड, हथकरघा एवं रेशम विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, ओडीओपी, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, पीएमईजीपी और मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के लाभार्थियों को निशुल्क स्टॉल उपलब्ध कराए गए हैं। मेला में प्रतिदिन सांस्कृतिक और संगीत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे कार्यक्रम और भी आकर्षक बन गया है। उपायुक्त उद्योग और जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे भारी संख्या में पहुंचकर स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी करें और स्थानीय कारीगरों को प्रोत्साहित करें। इस अवसर पर रविता, पूजा सविता, रेशमा, उमेश, मंजू, गीता, पिंकी, निर्मला, सुनीता, पिंकी सरूरपुर, काजल, शिखा, गुलशन, शोभा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



स्वदेशी मेले में राखी राजपूत और महिलाएं उनका स्वागत करती हुई।

# जिला खेल कार्यालय में फुटबॉल और बैडमिंटन ट्रायल्स की घोषणा

### --पं. दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष पर आयोजित होंगी प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताएं
### --17 अक्टूबर से शुरू होंगे ट्रायल्स बाबा शाहमल स्टेडियम बड़ौत में होगी पहली चयन प्रक्रिया

**समाज जागरण**

बागपत। पं. दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष 2024-25 के उपलक्ष्य में प्रदेश स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के लिए जनपद और मंडल स्तर पर खिलाड़ियों के चयन ट्रायल्स की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी मेरठ मंडल के निर्देश पर जिला खेल कार्यालय बागपत की ओर से यह जानकारी जारी की गई। ट्रायल्स की शुरूआत 17 अक्टूबर से बाबा शाहमल स्टेडियम, बड़ौत में होगी। जिला क्रीड़ाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि चयन ट्रायल्स में सीनियर पुरुष फुटबॉल, सीनियर महिला फुटबॉल, समन्वय सब-जूनियर बालिका फुटबॉल, सीनियर महिला हैंडबॉल और सीनियर महिला/पुरुष बैडमिंटन प्रतियोगिता के खिलाड़ी भाग लेंगे। सभी खिलाड़ियों को अपने जन्म प्रमाणपत्र या आधार कार्ड लाना अनिवार्य है। फुटबॉल प्रतियोगिताओं के जिला स्तरीय ट्रायल्स 17, 27 और 30 अक्टूबर को बड़ौत में होंगे, जबकि मण्डलीय ट्रायल्स 18, 28 और 31 अक्टूबर को तोपखाना फुटबॉल ग्राउंड, मेरठ कैंट में आयोजित किए जाएंगे। प्रदेश स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिताएं क्रमशः देवीपाटन मंडल (गोंडा), कानपुर और मऊ में आयोजित होंगी। महिला हैंडबॉल ट्रायल्स 6 नवंबर को जिला खेल कार्यालय बागपत और 7 नवंबर को मेरठ के कैलाश प्रकाश स्टेडियम में होंगे, जबकि प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता 13 से 15 नवंबर तक बस्ती मंडल में आयोजित की जाएगी। इसी तरह, सीनियर महिला व पुरुष बैडमिंटन प्रतियोगिता के ट्रायल्स 27 अक्टूबर को बागपत, 28 अक्टूबर को मेरठ और प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता 4 से 6 नवंबर तक इटावा में आयोजित की जाएगी।

# ग्लोबल हैंडवाशिंग डे पर रैली एवं हैंडवाशिंग डेमो का आयोजन

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद श्रावस्ती ग्लोबल हैंडवाशिंग डे के अवसर पर बाल रक्षा भारत द्वारा कम्पोजिट विद्यालय परसोहना में एवं अन्य कई विद्यालयों में जागरूकता रैली एवं हैंडवाशिंग डेमो का आयोजन किया गया। इस कार्य क्रम का उद्देश्य



बच्चों एवं समुदाय में हाथ धोने की सही विधि और इसके महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

रैली की शुरूआत विद्यालय परिसर से हुई, जहाँ बच्चों ने स्वच्छ हाथ, स्वस्थ जीवन, हाथ धोएंगे, बीमारियाँ दूर भगाएंगे जैसे नारे लगाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। रैली के बाद बच्चों, शिक्षकों एवं आंगनवाड़ी कार्यकताओं की उपस्थिति में हैंडवाशिंग का डेमो आयोजित किया गया, जिसमें स्वास्थ्य कर्मियों ने साबुन से हाथ धोने की छह चरणों की विधि को प्रदर्शित किया। बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक इस डेमो में भाग लिया और सही तरीके से हाथ धोने का अभ्यास किया।

बाल रक्षा भारत की टीम ने बच्चों को हाथ धोने के पाँच महत्वपूर्ण अवसरों (खाने से पहले, शौचालय के बाद, खेलने के बाद, भोजन बनाने से पहले, एवं छोटे बच्चों की देखभाल से पहले) के बारे में बताया।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक रमेश कुमार यादव ने बाल रक्षा भारत संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों में स्वच्छता की आदतें विकसित करने में सहायक होते हैं। आज की कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण,बच्चे, आंगनवाड़ी कार्यकत्री एवं बाल रक्षा भारत टीम उपस्थिति रही।

# बाल श्रम उन्मूलन अभियान में एक दर्जन से अधिक बच्चे हुए मुक्त

**समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद श्रावस्ती श्रम विभाग एवं देहात इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आज इकौना क्षेत्र के कटरा बाजार और कस्बा इकौना में बाल श्रम के विरुद्ध एक विशेष रेस्क्यू एवं जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान टीमों ने क्षेत्र के 10 प्रतिष्ठानों से कुल 14 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया।

श्रम परिवर्तन अधिकारी श्री असद खान ने बताया कि निरीक्षण के दौरान जिन प्रतिष्ठानों में बाल श्रम पाया गया, उनके मालिकों के विरुद्ध निरीक्षण टिप्पणी जारी की गई एवं उन्हें चेतावनी दी गई कि भविष्य में किसी भी प्रकार का बाल श्रम न करें।

अभियान के दौरान 9 बच्चे जिनकी उम्र 14 वर्ष से कम थी और जो खतरनाक कार्यों में संलिप्त थे उनका आयु परीक्षण कर न्यायपीठ बाल कल्याण समिति (सी0डब्लू0सी) के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति के सहयोग से सभी बच्चों के परिजनों की पहचान कर उन्हें सुरक्षित रूप से उनके परिवारों को सौंप दिया गया है ताकि आगे उनकी शिक्षा और पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

इस अभियान में श्रम परिवर्तन अधिकारी श्री असद खान, नीति आयोग (एसोसिएशन फॉर वॉलेंट्री एक्शन) सी0आर0ए0 से अभिषेक जी, थाना नवीन मॉडर्न से कांस्टेबल महेंद्र यादव, कमलेश यादव एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट से कांस्टेबल अमोल कुमार, महिला कांस्टेबल कंचन देवी, महिला कांस्टेबल सरला अवस्थी, महिला कांस्टेबल मनीषा शर्मा, तथा देहात इंडिया से मोहम्मद यूसुफ, हंसराम, रमेश शुक्ला, सुषमा कश्यप, विशाल कुमार, पवन कुमार, साजन वर्मा आदि शामिल रहे।

अभियान के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि हर बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान का अधिकार है, और बाल श्रम जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करने के लिए समाज के हर वर्ग को आगे आना होगा।




# शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण आदि मुद्दों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया

**समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**

बैठक का उद्देश्य सरकारी स्कूलों, अस्पताल, आंगनबाड़ी को मजबूत के लिए सामूहिक प्रयास किया जायेगा

लखनऊ , सरकारी स्कूल, अस्पताल , आंगनवाड़ी बचाओ संघर्ष मंच की बैठक इंडियन नेशनल शुगर मिल फेडरेशन के सभागार, 40 कैसरबाग लखनऊ में संपन्न हुई । बैठक की अध्यक्षता डॉक्टर एस पी पांडे और विभा सिंह ने संयुक्त रूप से की । बैठक में मुख्य वक्ता प्रोफेसर रमेश दीक्षित और विशेष वक्ता बीना गुप्ता तथा वंदना मिश्रा थी। बैठक में 35 साथियों ने प्रतिभा किया ।

बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई अंत में बैठक में एक राज्य स्तरीय मंच बनाने का निर्णय लिया गया। मंच का नाम "सरकारी स्कूल अस्पताल आंगनबाड़ी बचाओ संघर्ष मंच" रखा गया । बैठक में मंच की कमेटी बनाई गई, जिसमें प्रोफेसर रमेश दीक्षित डॉ वीना गुप्ता , डॉ एसपी पांडे ,डॉ वंदना मिश्रा , संजीव सिन्हा, चंद्रशेखर, दिलीप श्रीवास्तव , सुधीर श्रीवास्तव डॉ जीडी वर्मा , प्रीति राय, विभा सिंह, जितेंद्र पांडे, बबीता ,अमित अंबेडकर और असीम सिद्दीकी आदि को चुना गया। बैठक में एक वर्किंग कमेटी का भी गठन किया गया ।

**भावीं कार्यक्रम के रूप में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि जिलों में इन मुद्दों पर**

1. गोष्ठी आयोजित की जाएगी
2. राज्य स्तरीय कन्वेंशन दिसंबर के माह में किया जाएगा
3. 14 नवंबर को जिलों में गोष्ठी एवं ज्ञापन दिया जाएगा।
4. मंच द्वारा स्कूलों व आंगनवाड़ी में बच्चों के प्रवेश, सरकारी स्कूल, अस्पताल , आंगनवाड़ी को मजबूत करने के लिए सामूहिक प्रयास किया जाएगा।

बैठक का संचालन संजीव सिन्हा ने किया। बैठक के आयोजन में चन्द्र शेखर ( एटक), दिलीप श्रीवास्तव और सुधीर श्रीवास्तव (इंटक,) और वीणा गुप्ता (सीटू )का विशेष योगदन रहा।



# विश्व खाद्य दिवस 2025

विश्व खाद्य दिवस प्रतिवर्ष 16 अक्टूबर को मनाया जाता है, यह अवसर विश्व स्तर पर खाद्य सुरक्षा, पोषण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित है। यह दिवस प्रत्येक व्यक्ति को सुरक्षित, पर्याप्त और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने में आने वाली चुनौतियों की याद दिलाता है। भोजन जीवन का आधार है, स्वास्थ्य, विकास और कल्याण के लिए अत्यंत आवश्यक है, और खाद्य उत्पादन में वैश्विक प्रगति के बावजूद, लाखों लोग अभी भी भूख और कुपोषण का सामना कर रहे हैं, जो प्रभावी नीतियों, लचीली खाद्य प्रणालियों और सहयोगात्मक कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर देता है।

विश्व खाद्य दिवस 1945 में संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन की स्थापना का प्रतीक है। इसे पहली बार औपचारिक रूप से 1981 में "भोजन सर्वप्रथम" विषय वस्तु के साथ मनाया गया था और संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1984 में इस दिवस को मान्यता दी थी। दुनिया भर के 150 देशों में मनाया जाने वाला यह सामूहिक प्रयास, विश्व खाद्य दिवस को संयुक्त राष्ट्र कैलेंडर के सबसे प्रतिष्ठित दिनों में से एक बनाता है, जो भूख के प्रति जागरूकता और भोजन, लोगों और पृथ्वी के भविष्य के लिए कार्य करने को बढ़ावा देता है। 2025 का विषय, "बेहतर भोजन और बेहतर भविष्य के लिए साथ-साथ", कृषि-खाद्य प्रणालियों में बदलाव लाने के लिए सरकारों, संगठनों, समुदायों और क्षेत्रों के बीच वैश्विक सहयोग पर जोर देता है।

विश्व की आबादी के एक बड़े हिस्से वाले, भारत ने कुपोषण कम करने, गरीबी उन्मूलन और कृषि स्थिरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई कार्यक्रमों और नीतियों के माध्यम से भूख से निपटने और खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने में उल्लेखनीय प्रगति की है। इस वर्ष के विश्व खाद्य दिवस की विषय वस्तु के अनुरूप, देश के निरंतर प्रयास लाखों लोगों के जीवन को बेहतर बनाने और हर घर तक पौष्टिक भोजन पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भारत के विविध खाद्य सुरक्षा ढाँचे में राष्ट्रीय योजनाएँ और स्थानीय पहल, दोनों शामिल हैं जो निम्न-आय वाले परिवारों, बच्चों और बुजुर्गोंकी सहायता करती हैं। पिछले एक दशक में, भारत ने खाद्यान्न उत्पादन में लगभग 90 मिलियन मीट्रिक टन की वृद्धि दर्ज की है,

## शहीदी नगर कीर्तन असम से प्रारंभ होकर गुरुद्वारा पिपलिया राव इंदौर से गुरुद्वारा इमली साहिब इंदौर के लिए रवाना

(रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)



जैतो, : नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहीदी शताब्दी के उपलक्ष्य में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा असम के गुरुद्वारा धोबडी साहिब से शुरू हुआ शहीदी नगर कीर्तन आज अपने अगले पड़ाव गुरुद्वारा इमली साहिब पातशाही पहली इंदौर एमपी के लिए रवाना हुआ। नगर कीर्तन के रवाना होने से पहले गुरुद्वारा साहिब में धार्मिक दीवान का आयोजन किया गया, जिसमें श्री दरबार साहिब के हजूरी रागी जत्था ने गुरबाणी कीर्तन किया और सचखंड श्री हरमंदिर साहिब के ग्रंथी सिंह साहिब ज्ञानी परविंदरपाल सिंह ने संगत के साथ गुरमत विचार साझा किए। उन्होंने नौवें गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के जीवन इतिहास पर चर्चा की और भक्तों को गुरमत के अनुसार अपना जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। नगर कीर्तन की रवानगी के समय गुरुद्वारा साहिब के आयोजकों ने पंज प्यारे साहिबानों और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को सिरोपे भेंट किए। नगर कीर्तन के प्रति श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा गया और विभिन्न पड़ावों पर श्रद्धालुओं का श्रद्धापूर्वक स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पालकी पर पुष्प वर्षा की और गुरु साहिब को नमन किया। इस अवसर पर शिरोमणि कमेटी सदस्य गुरिंदरपाल सिंह गोरा, जत्थेदार बावा सिंह गुमानपुरा, अमरजीत सिंह भलाईपुर, उप सचिव गुरदयाल सिंह, राम सिंह मुंबई, इंचार्ज मलकीत सिंह, अतिरिक्त मैनेजर युवराज सिंह, सहायक सुपरिंटेंडेंट प्रभजोत सिंह, सिख मिशन इंचार्ज भाई परमजीत सिंह, भाई बलदेव सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। असम से शुरू हुआ शहीदी नगर कीर्तन गुरुद्वारा पिपलिया राव इंदौर से गुरुद्वारा इमली साहब इंदौर के लिए रवाना होने का दृश्य।

# फिरोजपुर मंडल में 15 दिवसीय स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया

(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख)




जैतो,:फिरोजपुर रेल मंडल के एक अधिकारी ने बुधवार को कहा कि फिरोजपुर मंडल में 1 अक्टूबर को ह्लस्वच्छता पखवाड़ाह्व अभियान का शुभारम्भ मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार ने फिरोजपुर कैंट रेलवे स्टेशन पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, यात्रियों एवं सफाई कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाकर किया। आज 15 अक्टूबर को समाप्ति पर मंडल कार्यालय में व्यापक श्रमदान आयोजित किया गया। स्वच्छता ही सेवा अभियान के दौरान फिरोजपुर मंडल में कुल 35 स्टेशनों पर यह अभियान चलाया गयाकसभी स्टेशनों और कॉलोनियों में स्वच्छता जागरूकता हेतु प्रभात फेरी निकाली गई, सभी प्रमुख स्टेशनों पर थीमेटिक पेंटिंग, बैनर, होर्डिंग्स, सेल्फी बूथ और पैम्फलेट के द्वारा सभी यात्रियों को रेल परिसर में साफ-सफाई हेतु जागरूक किया गया। इस अभियान के दौरान 11,225 कर्मचारियों और यात्रियों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई तथा 5 स्थानों पर नुक्कड़ नाटक के द्वारा कर्मचारियों एवं यात्रियों को जागरूक किया गया। स्वच्छोत्सव' थीम के तहत 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जी की जयंती मनाया गया, जिसमें सभी अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा मंडल में संयुक्त श्रमदान किया गया। टिकट जांच कर्मचारियों द्वारा आर्म बैंड के माध्यम से यात्रियों को पेपरलेस यात्रा एवं यात्रियों की फीडबैक के माध्यम से ट्रेनों में साफ-सफाई के लिए जागरूक किया गया। सभी प्रमुख स्टेशनों पर गहन सफाई अभियान का आयोजन किया गया। स्टेशनों पर सूखे और गीले कचरे के निपटान के लिए कूड़ेदानों की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। स्टेशनों और रेल परिसर में नालियों और शौचालयों की मरम्मत और साफ-सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया गया। स्टेशनों पर यात्रियों को एकल-उपयोग प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया एवं प्लास्टिक बोतल क्रशिंग मशीन का उपयोग करने हेतु यात्रियों के लिए जागरूक किया गया। अधिकारियों और पर्यवेक्षकों द्वारा ट्रेनों में ऑन-बोर्ड हाउसकीपिंग सेवा का निरीक्षण किया गया, जिसमें शौचालयों और लिनन की गुणवत्ता की भी जाँच की गई क रेल परिसर में कैंटीन, फूड स्टॉल और बेस किचन और ट्रेनों में पैंट्री कारों का निरीक्षण किया गया और स्वच्छता की गुणवत्ता सुनिश्चित की गई और एकल-उपयोग प्लास्टिक एवं प्लास्टिक कटलरी का उपयोग ना करने हेतु जागरूकता अभियान चलाया गयाक खाद्य विक्रेताओं, रसोइयों और कैंटीन कर्मचारियों के लिए चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। सभी जल उपचार संयंत्रों, जल संस्थापनों की सफाई की गई और स्टेशनों, स्कूलों, कॉलोनियों और रेलवे परिसर में पानी की जांच हेतु निरीक्षण किया गया एवं नमूने प्रयोगशाला में भेजे गए। 'वेस्ट टू वेल्थ' थीम के तहत 'वेस्ट टू आर्ट' प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। पखवाड़े के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। फिरोजपुर रेल मंडल द्वारा स्वच्छता अभियान के समाप्ति कार्यक्रम का दृश्य।

## सरस्वती जीनियस स्कूल जैतो में 'स्वदेशी अपनाओ' पर वाद-विवाद प्रतियोगिता

(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)




जैतो, :सरस्वती जीनियस स्कूल में भारत सरकार द्वारा प्रक्षेपित उपक्रम विकसित भारत बिल्डाथोन के तहत स्वदेशी अपनाओ विषय पर एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनमें तार्किक सोच का विकास करना था। प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 10 तक के विद्यार्थियों ने उत्सा हपूर्वक भाग लिया। वक्ताओं ने स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग से आत्मनिर्भर भारत का निर्माण और विदेशी वस्तुओं के प्रभाव जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शुरूआत में पक्ष में बोलने वाले विद्यार्थियों ने तर्क दिया कि स्वदेशी अपनाने से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है, रोजगार के अवसर बढ़ते हैं और आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त होता है ।वहीं विपक्ष में बोलने वाले विद्यार्थियों ने कहा कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा और तकनीकी विकास के लिए विदेशी वस्तुओं का भी महत्व है ।निर्णायकों ने विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, भाषा की प्रवाह और तर्कशक्ति के आधार पर अंक प्रदान किए।अंत में परिणाम की घोषणा करते हुए कक्षा 9 से नमन, कृष्णा, मिताली तथा वीरइन्द्र एवं कक्षा 10 की लीजा, मानिक तथा मुस्कान को विशेष रूप से सरहते हुए अन्य सभी विद्यार्थियों की भी सराहना की और कहा – स्वदेशी अपनाना केवल नारा नहीं, बल्कि भारत के गौरव और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है।

स्कूल प्रबंधन कमेटी के सभी सदस्यों ने बच्चों के इस सफल प्रयास की सराहना की और भविष्य में ऐसी ही प्रेरणादायक प्रतियोगिताओं के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि समय-समय पर ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों के अंदर प्रतिस्पर्धा तथा जिज्ञासा की भावना पैदा होती है सरस्वती जीनियस स्कूल जैतो में आयोजित स्वदेशी अपनाओ वाद - विवाद प्रतियोगिता का दृश्य।

## शिरोमणि कमेटी अध्यक्ष ने बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री के दो और ट्रक भेजे

एडवोकेट धामी द्वारा बाढ पीड़ितो की सहायता की आम जनता कर रही है प्रशंसा

(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)



जैतो, : शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह ने आज सुल्तानपुर लोधी में बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री के दो और ट्रक भेजे। इससे पहले, कल भी विभिन्न स्थानों पर राहत सामग्री भेजी गई थी। भेजी गई राहत सामग्री में दैनिक उपयोग की वस्तुओं के साथ-साथ भारी कंबल, गद्दे और सर्दियों के लिए अन्य आवश्यक सामान भी शामिल हैं।इस अवसर पर अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि शिरोमणि कमेटी बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए निरंतर प्रयासरत है और पीड़ितों की मांग के अनुसार, शिरोमणि कमेटी समय-समय पर हर संभव मदद भेज रही है। उन्होंने कहा कि सर्दी के मौसम को देखते हुए आवश्यकतानुसार कंबल, गद्दे और अन्य आवश्यक सामान भेजा जा रहा है ताकि पीड़ितों की जरूरतें पूरी की जा सकें। उन्होंने कहा कि शिरोमणि कमेटी द्वारा किए जा रहे राहत कार्यों में संगत भी भरपूर सहयोग दे रही है। शिरोमणि समिति अध्यक्ष ने स्थिति सामान्य होने तक राहत सेवाएं जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।इस अवसर पर शिरोमणि कमेटी के मुख्य सचिव कुलवंत सिंह मन्नन, सदस्य भाई राजिंदर सिंह मेहता, एडवोकेट भगवंत सिंह सियालका, गुरप्रीत सिंह झब्बर, अमरजीत सिंह बंडाला, हरजाप सिंह सुल्तानविंड, भाई अजायब सिंह अभिषेक, बीबी जोगिंदर कौर, ओएसडी सतबीर सिंह धामी, सचिव प्रताप सिंह, बलविंदर सिंह काहलवां, निजी सचिव शाहबाज सिंह, श्री दरबार साहिब के महाप्रबंधक भगवंत सिंह धंगेडा, उप सचिव हरभजन सिंह वक्ता, प्रबंधक राजिंदर सिंह रूबी, अधीक्षक निशान सिंह और अन्य उपस्थित थे। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री के 2 और ट्रक भेजे।

## प्राथमिक खेलों में सरस्वती सीनियर सैकेंडरी स्कूल जैतो के खिलाड़ियों का दबदबा

(रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)

जैतो, : 13 और 14 अक्टूबर को जैतो ब्लॉक की प्राथमिक स्तर की अंतर-विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान स्थानीय सरस्वती सीनियर सैकेंडरी स्कूल जैतो के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग



लिया और शानदार प्रदर्शन किया। शतरंज (लड़कियाँ), खो-खो (लड़कियाँ), कबड्डी (लड़के), बैडमिंटन एकल (लड़कियाँ), बैडमिंटन युगल (लड़कियाँ), बैडमिंटन एकल (लड़के), 100 मीटर दौड़ (लड़के), गोला फेंक (लड़के) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और कबड्डी (लड़कियाँ), खो-खो (लड़के) ने द्वितीय और गोला फेंक (लड़कियाँ) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सरस्वती सीनियर सैकेंडरी स्कूल जैतो की प्रिंसिपल व शिक्षा शास्त्री कुसम कालडा जी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया, उन्हें भविष्य में आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया और प्रशिक्षण दल को बधाई दी। सरस्वती सीनियर सैकेंडरी स्कूल जैतो के विजेता छात्र और स्कूल स्टाफ।

## फास्टैग वार्षिक पास के लॉन्च के बाद दो महीने में उपयोगकताओं की संख्या 25, लाख के पार

(मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो)

जैतो, ':आवागमन में सुगमता' को बढ़ाते हुए फास्टैग वार्षिक पास के प्रति राष्ट्रीय राजमार्ग के उपयो गकताओं ने जबरदस्त रुचि दिखाई है। पिछले दो महीनों में देश भर में लगभग 5.67 करोड़ लेनदेन के साथ, इसने पच्चीस लाख उपयोगकताओं का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर लिया है। 15 अगस्त, 2025 को लॉन्च किया गया , फास्टैग वार्षिक पास राष्ट्रीय राजमार्ग के उपयोगकताओं को एक सहज और किफायती यात्रा का विकल्प प्रदान करता है। यह राष्ट्रीय राजमार्गों और राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे पर लगभग 1,150 टोल प्लाजा पर लागू है ।वार्षिक पास, एक वर्ष की वैधता या 200 टोल प्लाजा क्रॉसिंग के लिए 3,000 रुपये के एकमुश्त शुल्क भुगतान के माध्यम से फास्टैग को बार-बार रिचार्ज करने की आवश्यकता को समाप्त करता है। यह पास वैध फास्टैग वाले सभी गैर-व्यावसायिक वाहनों के लिए लागू है। राजमार्गयात्रा ऐप या एनएचएआई की वेबसाइट के माध्यम से एकमुश्त शुल्क का भुगतान करने के बाद, वाहन से जुड़े मौजूदा फास्टैग पर वार्षिक पास दो घंटे के भीतर सक्रिय हो जाता है ।यह वार्षिक पास हस्तांतरणीय नहीं है और राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) तथा राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे (एनई) के शुल्क प्लाजा पर मान्य है।

राज्य सरकारों या स्थानीय निकायों द्वारा प्रबंधित एक्सप्रेसवे, राज्य राजमार्गों ( एसएच) के शुल्क प्लाजा पर, फास्टैग राज्य राजमार्गों के टोल और पार्किंग आदि के भुगतान के लिए मौजूदा वॉलेट बैलेंस का इस्तेमाल करेगा। राष्ट्रीय राजमार्ग के उपयोग ।कताओं द्वारा फास्टैग वार्षिक पास के प्रति जबरदस्त रुचि देश भर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर सुरक्षित, सुचारू और निर्बाध यात्रा का अनुभव प्रदान करने के लिए एनएचएआई की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम, 2025 के तहत राष्ट्रीय खेल प्रशासन नियमों के मसौदे के तीन सेटों पर जनता से प्रतिक्रिया आमंत्रित की

(दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब मन्नू शर्मा पराशर)

जैतो, : युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने मसौदा राष्ट्रीय खेल प्रशासन (राष्ट्रीय खेल निकाय) नियम, मसौदा राष्ट्रीय खेल प्रशासन (राष्ट्रीय खेल बोर्ड) नियम, और मसौदा राष्ट्रीय खेल प्रशासन (राष्ट्रीय खेल न्यायाधिकरण) नियम के तीन सेट तैयार किए हैं ।ये नियम राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम, 2025 के कार्यान्वयन को सुगम बनाने के लिए तैयार किए गए हैं।राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम, 2025, लोकसभा द्वारा 11 अगस्त 2025 को, राज्यसभा द्वारा 12 अगस्त 2025 को पारित किया गया था, और 18 अगस्त 2025 को इसे राष्ट्रपति ने स्वीकृति प्रदान की थी। राजपत्र अधिसूचना संख्या सीजी-डीएल-ई-19082025-265482 के माध्यम से, इस अधिनियम का उद्देश्य खेल निकायों के प्रशासन में आने वाली चुनौतियों और बाधाओं का समाधान करना और भारत में खेलों के संचालन एवं संवर्धन हेतु एक व्यापक ढांचा स्थापित करना है। यह अधिनियम खेल के८ सभी स्तरों पर नैतिक आचरण और निष्पक्ष खेल सुनिश्चित करने, प्राथमिक हितधारकों के रूप में खिलाड़ियों के हितों की रक्षा करने और देश में खेलों के लिए एक सुदृढ़ इकोसिस्टम बनाने का प्रयास करता है ।राष्ट्रीय खेल प्रशासन (राष्ट्रीय खेल निकाय) नियमों के मसौदे में उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ियों को शामिल करने, आम सभा और कार्यकारी समिति की संरचना, चुनाव प्रक्रिया और राष्ट्रीय खेल निकायों तथा क्षेत्रीय खेल महासंघों के सदस्यों के लिए अयोग्यता मानदंड की रूपरेखा प्रदान की गई है। ये नियम राष्ट्रीय खेल चुनाव पैनल के प्रावधानों की रूपरेखा भी प्रस्तुत करते हैं८ और राष्ट्रीय खेल बोर्ड के साथ संबद्ध इकाइयों के पंजीकरण और आव धिक अद्यतनीकरण की प्रक्रि याएं भी निर्दिष्ट करते हैं। राष्ट्रीय खेल प्रशासन (राष्ट्रीय खेल बोर्ड) नियमों के प्रारूप में राष्ट्रीय खेल बोर्ड की संरचना, कार्य और संरचना निर्धारित की गई है। इसमें खोज-सह-चयन समिति का गठन, अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति का तरीका, स्टाफ व्यवस्था (सरकारी प्रक्रिया के अनुसार) और जहां लागू हो, वहां केंद्र सरकार द्वारा छूट का प्रावधान शामिल है।

राष्ट्रीय खेल प्रशासन (राष्ट्रीय खेल न्यायाधिकरण) के प्रारूप नियम राष्ट्रीय खेल न्यायाधिकरण के संस्थागत ढांचे को परिभाषित करते हैं। यह अध्यक्ष, सदस्यों और कर्मचारियों की नियुक्ति, कार्यकाल और सेवा शर्तों (सरकारी प्रक्रिया के अनुसार) को नियंत्रित करते हैं। ये नियम खेल-सम्बंधी विवादों के शीघ्र निपटारे के लिए शक्तियों, प्रक्रियाओं और प्रशासनिक तंत्र की रूपरेखा भी प्रस्तुत करते हैं। मंत्रालय, प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों की अवधि के भीतर, उपर्युक्त मसौदा नियमों पर आम जनता और संबंधित हितधारकों से प्रतिक्रिया और टिप्पणियां आमंत्रित करता है ।


ये प्रारूप युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।मंत्रालय को फीडबैक/ टिप्पणियां निदेशक (गवर्नेंस 1) के पते पर हॉल नंबर 103, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, लोधी रोड, नई दिल्ली में डाक द्वारा या rules-nsga202 5@sports.gov.in पर ईमेल द्वारा भेजी जा सकती हैं । प्रतिक्रियाएं/टिप्पणियां भेजने की अंतिम तिथि 14 नवम्बर, 2025 है।

## अमित शाह ने अहमदाबाद में 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी को राष्ट्रमंडल संघ द्वारा मंजूरी दिए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की

(पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)

जैतो, :केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने अहमदाबाद में 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी को राष्ट्रमंडल संघ द्वारा मंजूरी दिए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

एक्स प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि आज भारत के लिए अपार हर्ष और गौरव का दिन है। उन्होंने राष्ट्रमंडल संघ द्वारा



अहमदाबाद में 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए भारत

की दावेदारी को मंजूरी दिए जाने पर भारत के प्रत्येक नागरिक को हार्दिक बधाई दी। श्री शाह ने कहा कि यह भारत को विश्व खेल मानचित्र पर स्थापित करने के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के अथक प्रयासों का एक शानदार प्रमाण है। उन्होंने कहा कि विश्वस्तरीय बुनियादी ढाँचे का निर्माण और देशभर में खेल प्रतिभाओं का एक विशाल पूल तैयार कर, प्रधानमंत्री मोदी जी ने भारत को एक अद्भुत खेल डेस्टिनेशन बना दिया है।

## बी. एस.एन.एल. ने दिवाली पर एक महीने के लिए मुफ्त मोबाइल सेवाओं का ऑफर दिया

(मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)

जैतो,:भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) भारत की अग्रणी सरकारी दूरसंचार प्रदाता कंपनी है। इसने दिवाली के अवसर पर नए ग्राहकों को एक महीने की अवधि के लिए केवल एक रुपए के टोकन शुल्क पर 4जी मोबाइल सेवाएं देने की पेशकश की है। यह दिवाली बोनान्जा 15 अक्टूबर से 15 नवंबर 2025 तक जारी रहेगा ।योजना लाभ (दिवाली बोनान्जा योजना): असीमित वॉयस कॉल (योजना नियम व शर्तों के अनुसार) 2 जीबी/दिन हाई-स्पीड डेटा 100 एसएमएस/दिन निःशुल्क सिम (दूरसंचार विभाग के दिशानिर्देशों के अनुसार केवाईसी )उपरोक्त प्रस्ताव की घोषणा करते हुए बीएसएनएल के सीएमडी श्री ए. रॉबर्ट जे. रवि ने कहा बीएसएनएल ने हाल ही में देश भर में मेक-इन-इंडिया, अत्याधुनिक 4जी मोबाइल नेटवर्क स्थापित किया है, जो आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ा रहा है। दिवाली बोनान्जा प्लान–पहले 30 दिनों के लिए बिल्कुल मुफ़्त सेवा शुल्क–ग्राहकों को हमारे स्वदेशी रूप से विकसित 4जी नेटवर्क का अनुभव करने का गौरवपूर्ण अवसर प्रदान करता है। हमें विश्वास है कि सेवा की गुणवत्ता, कवरेज और बी एसएनएल ब्रांड से जुड़ा विश्वास ग्राहकों को मुफ़्त 30 दिनों की अवधि से भी आगे तक हमारे साथ बने रहने के लिए प्रोत्साहित करेगा ।दिवाली बोनान्जा योजना कैसे प्राप्त करें ?निकटतम बीएसएनएल ग्राहक सेवा केंद्र (सीएससी) पर जाएं (वैध केवाईसी दस्तावेज साथ रखें) ।दिवाली बोनान्जा प्लान (₹1 एक्टिवेशन) का अनुरोध करें; केवाईसी पूरा करें और अपना निःशुल्क सिम प्राप्त करें। सिम डालें और उसे सक्रिय करने की प्रक्रिया निर्देशानुसार पूरी करें; आपके 30-दिन के निःशुल्क लाभ सक्रियण की तिथि से शुरू हो जाएंगे। सहायता के लिए 1800-180-1503 पर कॉल करें याbsnl. co.inपर जाएं।

# आराधना पटनायक ने की आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम की समीक्षा बैठक।

मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।

आराधना पटनायक, अतिरिक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार ने जिले के आकांक्षी प्रखंड कटकमदाग का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने नीति आयोग के तहत संचालित एवं क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया। भ्रमण क्रम में उन्होंने आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पसई, कटकमदाग में ओपीडी, टीकाकरण, एन सी डी स्क्रीनिंग, ब्रेस्ट कैंसर जैसी सेवाओं की समीक्षा की और जन आरोग्य समिति के सदस्यों तथा सहियाओं के साथ बैठक की। इस अवसर पर 05 आयुष्मान लाभुकों को आयुष्मान कार्ड, 05 आभा लाभुकों को आभा कार्ड, 06 टीबी मरीजों को फूड बास्केट और 12 फाइलेरिया लाभुकों को फाइलेरिया किट वितरित किया गया। 100 दिवसीय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत चिन्हित व्यक्तियों का शत-प्रतिशत एक्स-रे और खांसी वाले रोगियों का नेट टेस्ट 31 दिसंबर 2025 तक कराने के निर्देश भी दिए गए। इसके बाद उन्होंने आयुष्मान आरोग्य मंदिर, कुसुंभा और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सुल्ताना का निरीक्षण किया। सेवाओं को संतोषजनक पाया गया और स्वास्थ्य सुविधाओं के सुधार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश



दिए गए।

### आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम की समीक्षा बैठक

हजारीबागः समाहरणालय सभागार में आराधना पटनायक, अतिरिक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार एवं आकांक्षी जिला नोडल पदाधिकारी के द्वारा आकांक्षी जिला तथा आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह सहित जिले के सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी सूचकांकों की समीक्षा की गई और राष्ट्रीय एवं राज्य औसत की तुलना में जिले की स्थिति पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में कुपोषित और गंभीर कुपोषित बच्चों की वर्तमान स्थिति, उनके उपचार हेतु एम टी सी केंद्रों की संख्या और कार्यप्रणाली पर विशेष ध्यान दिया गया। टीबी ड्रॉपआउट मरीजों की नियमित ट्रैकिंग और कॉलिंग के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया। सभी पी एच सी और एच एस सी केंद्रों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी से जोड़कर स्वास्थ्य विभाग को पूर्णतः डिजिटल और पेपरलेस बनाने का निर्देश दिया गया। सभी इंडिकेटरों के लिए लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं ताकि राज्य औसत से नीचे के सूचकांक को ऊपर लाया जा सके और राज्य औसत से ऊपर वाले सूचकांक को राष्ट्रीय औसत से ऊपर ले जाया जा सके। स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि और आधारभूत संरचना के सर्वांगीण विकास के लिए विभागों के बीच कन्वर्जेंस प्रक्रिया अपनाने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त, सदर अस्पताल में कैंसर ट्रीटमेंट शुरू करने हेतु स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया। बैठक के अंत में नोडल पदाधिकारी ने कहा कि सभी विभागों को समन्वयपूर्वक कार्य करते हुए आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत जिले के विकास सूचकांकों में सुधार लाना चाहिए। इसके पूर्व, निरीक्षण के क्रम में उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों, आयुष्मान मंदिर तथा पीएचसी केंद्र का अवलोकन किया।

उन्होंने क्रियान्वित कार्यों की स्थिति की जानकारी प्राप्त की और योजनाओं में सुधार एवं प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुझाव एवं दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह, उपविकास आयुक्त इस्तियाक अहमद, प्रशिक्षु आईएएस, जिला योजना पदाधिकारी सहित जिले के सभी वरीय पदाधिकारी सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

# रीजनल कंपटीशन जबलपुर में शहडोल के लिटिल स्टार एकेडमी फॉर अबेकस एंड वैदिक मैथ्स के बच्चों ने बाजी मारी

**समाज जागरण**

रविवार 12 अक्टूबर को बनी एजुकेशन जबलपुर के तत्वाधान में अबेकस का रीजनल लेवल कम्पटीशन का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के विभिन्न सेंटर के करीब 500 बच्चों ने भाग लिया। शहडोल में संचालित लिटिल स्टार एकेडमी फॉर अबेकस एंड वैदिक मैथ्स के करीब 60 बच्चों ने भाग लिया जिसमें से 27 बच्चों ने ट्रॉफी पर अपना कब्जा किया। एडवांस लेवल कंपटीशन में अक्षत तिवारी, जुहैब खान और अवंतिका सिंह ने और बेसिक लेवल में अभय गुप्ता ने



फाउंडेशन लेवल में रुद्रांश सिंह ने इंट्रोडक्टरी लेवल में शिवांश कुमार, अक्षिता जायसवाल, आद्या जाय सवाल हर्ष उईके ने एलिमेंटरी लेवल में दिव्यांश भोते, अक्षत केसरवानी, आरना गुप्ता, अवनी सिंह, गौरवी सिंह, अद्विक अम्बेडकर, स्तुति पनिका, आरुषि सिंह, समीक्षा सिंह ने लर्नर लेवल में प्रतीक पटेल, अविक जैन, प्रांजल गुप्ता ने और प्रिपरेटरी लेवल में माही केशरी ने अपना स्थान सुरक्षित किया।

लिटिल स्तर की संचालिका सोनिया शाकिर ने बताया कि एक महीने से प्रतिदिन एबेकस की प्रैक्टिस क्लास आशीर्वाद कॉलोनी में स्थित सेंटर में संचालित की जा रही थी।

बच्चों और फैकल्टी की कड़ी मेहनत के परिणामस्वरूप इतनी बड़ी सफलता मिली और छोटे-छोटे बच्चों ने गणित में अपने हुनर का झंडा फहराया। लिटिल स्टार अकादमी द्वारा एबेकस की ऑनलाइन क्लास भी चलाई जाती है ऑनलाइन क्लास में पढ़ने वाले बच्चे सिवनी और भोपाल से आये थे। ऑनलाइन क्लास के 5 बच्चों ने ट्रॉफी जीती। अबेकस गणित के सवालों को हल करने की सबसे तेज और सबसे पुरानी विधि है जिससे चुटकियों में गणित के बड़े-बड़े सवाल हल होते हैं। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने सिर्फ 8 मिनट में 140/150 सवाल हल किए और परिणाम स्वरूप उन्हें ट्रॉफी प्राप्त हुई।

# बिजुरी पुलिस द्वारा जुआ के फड में रेड कार्यवाही कर 1125 रुपये नगद एवं ताश के 52 पत्ते किए जप्त

**समाज जागरण विजय तिवारी**

अनूपपुर ।पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर्र रहमान द्वारा जिले में जुएँ सट्टे पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है की जिसके अनुपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री जगन्नाथ मरकाम एवं एसडीओपी कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के निर्देशन मेंमुखबिर तंत्र सक्रिय कर कार्यवाही की जा रही है ।

मुखबिर सूचना पर बिजुरी पुलिस द्वारा दिनांक 14/10/2025 को काली मंदिर के पास बिजुरी में जुआ का फड लगाकर जुआ खेलते पाए जाने से रेड कार्यवाही कर जुआडियान धर्मदास उर्फ बब्बू बंसल पिता प्रेमलाल बंसल उम्र 35




वर्ष निवासी वार्ड नं 11 छतहा मोहल्ला,मंगल कोल पिता राजेन्द्र प्रसाद कोल उम्र 22 वर्ष,देवा कोल पिता पंचू कोल उम्र 22 वर्ष,मनोज कुमार कोल पिता बैजनाथ कोल उम्र 26 वर्ष ,हूपलाल कोल पिता कंधी कोल उम्र 20 वर्ष सभी निवासी वार्ड नं 11 काली मंदिर बिजुरी में थाना बिजुरी के फड व पास कूल 1125 रुपये नगदी ताश के 52 पत्ते धारा 13 जुआ एक्ट के तहत जप्त किया जाकर अनुसंधान मे लिया गया ।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी विकास सिंह , सउनि प्रभाकर पटेल , आर लक्ष्मण डांगी, आर. रवि सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

# भगवान का अवतार दुष्टों के दमन व धर्म की स्थाना के लिए होता है:-आचार्य प्रदीप।

**समाज जागरण दैनिक**
**विश्वनाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़।भगवान का अवतार दुष्टों के दमन धर्म की रक्षा के लिए भारत भूमि पर हमेशा होता रहा है ।द्वापर के बाद बुद्ध , महावीर ,गुरु नानक , शंकराचार्य जैसे लोग समय समय पर अवतरित हो कर सनातन धर्म की रक्षा ही नहीं विसंगति रूपी राक्षसों पर प्रहार कर उसके मूल रूप को सबके समक्ष उपस्थित किया। ये बातें सिया पूरे चंदई में राम भारत तिवारी के यहां चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस पर कथा व्यास आचार्य प्रदीप जी ने कहीं ।



आचार्य जी भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करें हुए की रोचक प्रसंगों को सुनाते हुए माखन चोरी का सुंदर गीतों के माध्यम से प्रस्तुत किया । गोपियां बालक कृष्ण को पकड़ कर मां यशोदा के पास लेजाकर शिकायत करती हैं मां यशोदा क्रोधवश बालक कृष्ण को ऊखल से बांध देती है । भगवान ऊखल की लीला के माध्यम से यमलार्जुन का उद्धार कर देते हैं।

पूतना का वध , शकटासुर की कथा,वकासुर और गोवर्धन आदि लीलाओं का वर्णन श्रोतागण मंत्र मुग्ध हो कर सुन रहे थे भक्तों से खचाखच भरा पंडाल कथा की रोचकता का प्राण दे रहा था।

कथा का श्रवथ राम भारत तिवारी अपने पितरों के उद्धार के लिए श्रवण कर रहे हैं । बिना कुल गुरू के मानव का उद्धार नहीं होता यह वर्णन शास्त्रों में बार बार वर्णन आया है।
बिन गुरु भव निधि तरइ कोई,।
जउ विरंचि शंकर ,सम होई।।

मंच पर विराजमान गुरुदेव पं विमलेश शुक्ल की कृपा से ही पावन क्षण का साक्षात्कार हो रहा है ।

पं राम सूरत व आचार्य अंकुश द्वारा किया जा रहा भागवत पाठ वे वेद पाठ बहुत ही आकर्षक व कर्ण प्रिय है । क्षेत्र के संभ्रांतों में मनीराम ,बालकृष्ण,श्रीकृषण श्रीराम, चंद्रकांत शशिकांत,संतोष तिवारी, आशुतोष, अजय विजय,पंकज आदि उपस्थित रहे कर बड़ें मनोभाव से कथा का श्रवण कर रहे हैं ।

# मालगाड़ी पटरी से उतरने से कानपुर में घंटों ठप रहा रेल यातायात अब सामान्य

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। यहां बीती रात पनकी यार्ड के पास एक मालगाड़ी के दो पहिये पटरी से उतर जाने से दिल्ली-हावड़ा रेलमार्ग घंटों बाधित रहा। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक रेल परिचालन पहले की तरह पटरी पर लौट आया है।

रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इस दौरान राजधानी, गरीब रथ, श्रम शक्ति एक्सप्रेस, पुष्पक और महाबोधि एक्सप्रेस सहित तीन दर्जन से अधिक ट्रेन विलंब से चलीं। अधिकारियों के मुताबिक जांच के लिए एक समिति गठित की गई है और जांच के बाद ही घटना के असल कारण का पता लग सकेगा। बताया गया कि पनकी यार्ड में यह घटना उस समय हुई जब माल उतारकर लौट रही मालगाड़ी को उत्तर से दक्षिण लाइन पर भेजा जा रहा था। इसी दौरान पटरी के क्रॉसओवर (कैंची) बिंदु से गुजरते वक्त उसके दो पहिये पटरी से उतर गये साथ दी इंजन भी अचानक रुक गया। जिसकी वजह से एक बड़ा या हादसा भी होने से टल गया। इसकी सूचना मिलते ही बचाव एवं तकनीकी दल घटनास्थल पर पहुंचे । फिलहाल रात लगभग साढ़े 12 बजे तक तीसरी और चौथी लाइन पर आवाजाही फिर से शुरू कर दी गई ताकि फंसी हुई यात्री रेलगाड़ियों को निकाला जा सके। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक रेल यात्रा यार सामान्य हो जाने का दावा किया गया है।

# पत्रकारिता निजी स्वार्थ पूर्ति करने का संसाधन नहीं - डॉ भगवान प्रसाद उपाध्याय

**समाज जागरण**
**विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ /प्रयागराज भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की एक आवश्यक बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेश्वर मिश्र की अध्यक्षता में ए जी आफिस के सामने एक जलपान गृह में हुई जिसमें विभिन्न जिलों और मंडल व प्रदेश इकाइयों में नई कार्यकारिणी गठित करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में राष्ट्रीय संयोजक डॉ भगवान प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि पत्रकारिता एक पवित्र कार्य है जो अपने निजी स्वार्थ की पूर्ति का साधन नहीं बनाया जा सकता है। पत्रकार महासंघ में कपट छल और दिखावा से दूर रहकर निस्वार्थ भाव से संगठन में काम करने वाले साथियों की आवश्यकता है अतः कागजी पदाधिकारियों को पदमुक्त करने के बाद भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार

महासंघ के सभी तहसील , जिला, मण्डल और प्रांतीय इकाइयों में पूरी तरह निष्क्रिय पदाधिकारियों को प्रोन्नत करके नये युवा साथियों को दायित्व निर्वहन का भार सौंपा जाएगा। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेश्वर मिश्र ने कहा कि पत्रकारिता समाज सेवा और मिशनरी भाव से एक अत्यंत शुचिता पूर्ण धर्म है जिसे केवल संगठन में समर्पित भाव से ही निभाया जा सकता है । अपने दायित्व का निर्वाह प्रत्येक पत्रकार को ईमानदारी से करना चाहिए पक्षपातपूर्ण पत्रकारिता करने वाले कभी सफल नहीं होते । संगठन वर्ष 2026 में नए आयाम स्थापित करने जा रहा है शीघ्र ही हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे जिसे लेकर महासंघ आगे बढ़ रहा है । राष्ट्रीय संरक्षक डॉ बालकृष्ण पांडेय ने कहा कि पिछले दिनों इसमें कुछ ऐसे तत्व भी शामिल हो गए थे जिनका पत्रकारिता से कोई निजी सरोकार नहीं था अपितु वह केवल इसे अपने निहित स्वार्थ पूर्ति हेतु शामिल हुए थे । ऐसे लोगों का समय-समय पर महासंघ द्वारा निष्कासित किया जाना संगठन हित में रहता है । शीघ्र ही हम सभी तहसीलों और जिलों में अलग-अलग स्थानों पर आयोजन करके प्रतिभाशाली पत्रकारों को शामिल करेंगे । इस बैठक में सदस्यों को जानकारी दी गई कि 26 अक्टूबर को पत्रकार प्रवर गणेश शंकर विद्यार्थी की जन्मतिथि आयोजित की जाएगी जिसमें कई संपादकों को सम्मानित किया जाएगा।

# आज से होगा दो दिवसीय खेल महोत्सव का आगाज!

**बाबू सुंदर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में**

**समाज जागरण**
**संवाददाता निगोहां लखनऊ**

लखनऊ निगोहां सस्थित बाबू सुंदर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में आज से दो दिवसीय खेल महोत्सव छात्रों के जोश, जुनून और खेल प्रतिभा का जीवंत प्रदर्शन होगा।आयोजन में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय (AKTU) से संबद्ध लगभग 40 कॉलेजों की टीमें भाग लेंगी, जिनमें करीब 2200 छात्र-छात्राएं हिस्सा लेंगे। इस महाकुंभ में बैडमिंटन, कबड्डी, चेस, एथलेटिक्स, खो-खो, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल और बास्केटबॉल जैसे विविध खेलों का आयोजन किया जाएगा।संस्था की अध्यक्ष रीना सिंह ने बताया कि डॉ. अब्दुल कलाम स्पोर्ट्स फेस्ट 2025-2026 का भव्य आयोजन गुरुवार से होने जा रहा है। यह दो दिवसीय खेल महोत्सव छात्रों के जोश, जुनून और खेल प्रतिभा का जीवंत प्रदर्शन होगा। इस प्रतिष्ठित आयोजन में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय (AKTU) से संबद्ध लगभग 40 कॉलेजों की टीमें भाग लेंगी, जिनमें करीब 2200 छात्र-छात्राएं हिस्सा लेंगे। इस महाकुंभ में बैडमिंटन, कबड्डी, चेस, एथलेटिक्स, खो-खो, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल और बास्केटबॉल जैसे विविध खेलों का आयोजन किया जाएगा।संस्थान के डायरेक्टर जनरल प्रो. के. के. सिंह ने बताया कि इस खेल उत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, टीम वर्क और नेतृत्व क्षमता को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने यह भी कहा कि कॉलेज

इस गौरवपूर्ण अवसर की मेजबानी कर स्वयं को सम्मानित महसूस कर रहा है और आयोजन की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। यह आयोजन युवा प्रतिभाओं को अपनी क्षमताओं को साबित करने और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा।

# थाना प्रभारी की सक्रियता से जुआ खेलते 5 आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण**

अनूपपुर। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी कोतमा के मार्गदर्शन में थाना रामनगर पुलिस ने जुआरियों पर की गई कार्रवाई में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। पुलिस टीम ने बस स्टैंड सेमरा में दबिश देकर 5 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी की निर्णायक भूमिका रही। मुखबिर की सूचना पर दी गई दबिश 14 अक्टूबर को थाना प्रभारी रामनगर अपने हमराह बल के साथ देहात भ्रमण पर थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि बस स्टैंड सेमरा के पास मेन रोड किनारे कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों पर रुपए-पैसों की हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने बिना विलंब किए टीम के साथ मौके की ओर रवाना होकर घेराबंदी कर रेड की कार्रवाई की। अचानक दबिश से मौके पर अफरा-तफरी मच गई और पुलिस ने पांच आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ लिया।

**यह आरोपी हुए गिरफ्तार**

कार्यवाही में सोहन पुरी पिता राममितन पुरी, उम्र 27 वर्ष, निवासी ग्राम हर्री, घनश्याम उर्फ लाला जोगी पिता बालक नाथ जोगी, उम्र 30 वर्ष, निवासी फतकोना, गुलाबदास चौधरी पिता बिहारीलाल चौधरी, उम्र 19 वर्ष, निवासी सेमरा, रामनरेश द्विवेदी उर्फ गोतू पिता शिवप्रसाद द्विवेदी, निवासी सेमरा, गौरव उपाध्याय पिता बिहारीलाल उपाध्याय, उम्र 28 वर्ष, निवासी सेमरा को गिरफ्तार किया गया है।

**नगद व ताश की गड्डी जब्त**

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ₹2250 नगद राशि एवं ताश के पत्ते मौके पर मौजूद गवाहों की उपस्थिति में जब्त किए। थाना रामनगर में अपराध क्रमांक 266/25 धारा 13 सार्वजनिक द्यूत अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि क्या आरोपियों के तार किसी बड़े जुआ गिरोह से जुड़े हैं।

थाना प्रभारी की रही अहम भूमिका

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी ने स्वयं मोर्चा संभाला, सूचना मिलते ही टीम को संगठित किया और मौके पर पहुंचकर पूरी घेराबंदी की योजना बनाई। उनकी त्वरित कार्यवाही से ही पुलिस को सफलता मिली। वरिष्ठ अधिकारियों ने थाना प्रभारी और उनकी टीम की सराहना की है तथा कहा है कि इस तरह की सक्रिय पुलिसिंग से अपराधियों में भय और आमजन में विश्वास दोनों बढ़ता है।

**पुलिस अधीक्षक के निर्देश**

पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने जिलेभर में जुआ, सट्टा, अवैध शराब और अन्य आपराधिक गतिविधियों के विरुद्ध निरंतर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जनता से अपील की है कि किसी भी अवैध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि समाज में अपराधमुक्त और सुरक्षित वातावरण बनाया जा सके।

# डीसीएम की जोरदार टक्कर से ट्रैक्टर के दो टुकड़े, दो लोग गंभीर रूप से घायल!

**समाज जागरण संवाददाता निगोहां**

लखनऊ,निगोहां थाना क्षेत्र के उदयपुर गांव के पास मंगलवार की देर रात करीब दो बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। लखनऊ से रायबरेली की ओर जा रहे ट्रैक्टर में पीछे से तेज रफ्तार डीसीएम ने टक्कर मार दी, जिससे ट्रैक्टर के दो टुकड़े हो गए। इस दर्दनाक हादसे में ट्रैक्टर चालक व डीसीएम चालक दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।जानकारी के अनुसार, बछरावां से लखनऊ की ओर जा रहा ट्रैक्टर सड़क के किनारे से गुजर रहा था, तभी लखीमपुर खीरी के बाबतपुर से गुड़ लेकर लखनऊ की ओर आ रही डीसीएम ने उदयपुर मंदिर के पास ट्रैक्टर को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर के परखच्चे उड़ गए और



उसके दो हिस्से हो गए। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़े और पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी के निर्देश पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी निगोहां भेजा, जहाँ उनकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया।घायलों की पहचान डीसीएम चालक आशीष निवासी लखीमपुर खीरी तथा ट्रैक्टर चालक अभी अज्ञात के रूप में हुई है। दोनों वाहनों को पुलिस ने कब्जे में लेकर सड़क पर पड़े मलबे को हटवाया और यातायात बहाल कराया।स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, डीसीएम की रफ्तार काफी तेज थी और सड़क पर अंधेरा होने के कारण चालक नियंत्रण नहीं रख सका। हादसे के बाद डीसीएम भी क्षतिग्रस्त हो गया।पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है, दोनों वाहनों के चालकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

# अल्ट्राटेक सीमेंट बघवार ने पेश की मिसाल – एएफआर प्लांट में सुरक्षा , स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का उत्कृष्ट नमूना

**समाज जागरण विजय तिवारी**

सीधी। सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, सीधी सीमेंट वर्क्स बघवार ने अपने एएफआर (Alternate Fuel & Raw Material) यूनिट में सुरक्षा, स्वच्छता और पर्यावरणीय संतुलन का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। भारत सरकार द्वारा उद्योगों में वैकल्पिक ईंधन और कच्चे माल के उपयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए, संयंत्र ने ऐसे अनेक कदम उठाए हैं जो न केवल कार्बन




उत्सर्जन में कमी ला रहे हैं, बल्कि जीवाश्म ईंधनों के संरक्षण और कचरा प्रबंधन को भी नई दिशा दे रहे हैं।

संयंत्र परिसर में हर स्थान पर सुरक्षा विजुअल्स, साइनजेस, इमरजेंसी नंबर और डिस्प्ले बोर्ड लगाए गए हैं, जो कर्मचारियों में जागरूकता और सतर्कता बनाए रखते हैं। एएफआर मटेरियल को पूरी तरह कवर्ड स्टोरेज शेड में सुरक्षित रखा जाता है, जिससे वायु प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित होता है। पर्यावरण की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए हाल ही में संयंत्र में अत्याधुनिक गंध प्रबंधन प्रणाली (Odour Management System) स्थापित की गई है। यह नवीन तकनीक अप्रिय गंधों को नियंत्रित कर स्वच्छ वायु और स्वस्थ कार्यस्थल का वातावरण प्रदान करती है। इससे न केवल कार्यस्थल की गुणवत्ता में सुधार हुआ है, बल्कि स्थानीय समुदाय के साथ संयंत्र के संबंध और भी मजबूत हुए हैं।

संयंत्र की मेंटेनेंस टीम इस प्रणाली के सतत संचालन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। साथ ही पूरे परिसर में नियमित सफाई और कीटनाशक छिड़काव किया जा रहा है, जिससे कार्यस्थल और आसपास का वातावरण स्वच्छ, सुरक्षित और अनुकूल बना हुआ है।

अल्ट्राटेक सीमेंट बघवार सीधी की यह पहल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है। यह संदेश देती है कि सुरक्षा, स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति समर्पण ही सतत विकास की असली पहचान है।

# सीईओ ने ग्राम पंचायत कार्यालय एवं विद्यालयो का किया निरीक्षण

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जयसिंहनगर श्रीमती शिवानी जैन ने जनपद पंचायत जयसिंहनगर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत कुबरा, झारा, लखनौटी, सरवारी एवं प्राथमिक माध्यमिक विद्यालयो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीईओ जनपद पंचायत ने ग्राम पंचायतो में शासकीय योजनाओ के क्रियान्वयन के संबंध में ग्राम पंचायत सचिवो से जानकारी ली तथा किये जा रहे कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सचिवों एवं रोजगार सहायको को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायतो में सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतो का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराएं जिससे ग्रेडिंग में



सुधार लाई जा सकें। सीईओ ने निमार्णाधीन पीएम आवास एवं गौशाला संचालन की भी जानकारी प्राप्त की। सीईओ ने विद्यालयो का निरीक्षण कर शैक्षणिक गतिविधियो एवं मध्यान्ह भोजन के संचालन एवं गुणवत्ता की जानकारी ली। उन्होंने स्कूल के विद्यार्थियो से एमडीएम में मिलने वाले भोजन की मात्रा तथा परोसी जाने वाली भोजन सामग्री के संबंध में भी पूछतांछ की। उन्होंने कहा कि मध्यान्ह भोजन के संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नही बरती जाए, विद्यार्थियो को गुणवत्तायुक्त भोजन वितरित करें। इस अवसर पर उन्होंने किचेन की साफ-सफाई तथा उपयोग किये जाने वाले अनाज भण्डारण का भी जायजा लिया। विद्यालय परिसर का भ्रमण कर परिसर की साफ-सफाई तथा शौचालयो की साफ-सफाई का भी निरीक्षण किया।

# गौवंश तस्करी करते अंतरराज्यीय पशु तस्करी गिरोह के छह आरोपी गिरफ्तार

**गौ सेवकों और ग्रामीणों के साथ मिलकर ग्राम नाका के जंगल में की गई घेराबंदी में मरवाही पुलिस को मिली सफलता**

**समाज जागरण विजय तिवारी**

गौरेला।थाना मरवाही पुलिस ने अंतरराज्यीय पशु तस्करी पर एक और बड़ी कार्यवाही करते हुए सक्रिय तस्करों के गिरोह का भंडाफोड़ किया है। थाना मरवाही क्षेत्र के ग्राम बहरीझोरकी नाका के जंगल में, गौ सेवकों और ग्रामीणों की मदद से की गई सटीक घेराबंदी के दौरान छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा कुल तेरह (13) मवेशियों को सुरक्षित बरामद किया गया।दिनांक 14 अक्टूबर 2025 को जिले में सक्रिय गौ सेवकों से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मटियाडांड से कुछ तस्कर अवैध रूप से मवेशी लेकर बहरीझोरकी नाका की ओर जा रहे हैं। सूचना प्राप्त होते ही जिला पुलिस अधीक्षक श्री सुरजन राम भगत को अवगत कराया गया, जिनके निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री ओम चंदेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक सनीप रात्रे और चौकी प्रभारी उप निरीक्षक अजय वारे के नेतृत्व में रेड की कार्ययोजना बनाई गई। यह संपूर्ण कार्रवाई एसडीओपी मरवाही दीपक मिश्रा के सुपरविजन में संपन्न की गई।

पुलिस टीम में प्रधान आरक्षक पवन राठौर (चौकी कोटमी), प्रधान आरक्षक अजय सिंह (थाना मरवाही), सहायक उपनिरीक्षक चंदन सिंह, आरक्षक मनोज मरावी एवं अमितेश पात्रे की भूमिका उल्लेखनीय रही। ग्रामीणों और गौसेवकों के सहयोग से जंगल मार्ग पर घेराबंदी करते हुए आरोपियों को दबोचा गया। मौके से पकड़े गए छह आरोपियों में अर्जुन सिंह राठौर पिता जगन्नाथ सिंह राठौर (36 वर्ष), निवासी खालबहरा, थाना जैतहरी जिला अनूपपुर (म.प्र.),अशोक कुमार राठौर पिता संतोष कुमार राठौर (30 वर्ष), निवासी खालबहरा, जिला अनूपपुर (म.प्र.), जयप्रकाश सिंह मरावी पिता ललन सिंह मरावी (22 वर्ष), निवासी खालबहरा, जिला अनूपपुर (म.प्र.), लवकुश मरावी पिता पूरन सिंह (19 वर्ष), निवासी खालबहरा चौकी वेंकटनगर, जिला अनूपपुर (म.प्र.),सजन सिंह पंडो पिता दूजाराम पंडो (20 वर्ष), निवासी बरेहाडांड, थाना प्रेमनगर जिला सूरजपुर (छ.ग.),गुलाब सिंह नायक पिता संताराम नायक (29 वर्ष), निवासी मटियाडांड, थाना अखराझाड़ जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही (छ.ग.) शामिल हैं।

आरोपीगण मवेशियों को बिना किसी दस्तावेज, स्वास्थ्य प्रमाण पत्र, कलेक्टर से अनुज्ञा पत्र या वैध लाइसेंस के माध्यम से अवैध रूप से दूसरे राज्य मध्यप्रदेश के बरघाट-लपटा-गढ़ही मार्ग की ओर ले जा रहे थे, जहां से उन्हें बूचड़खानों तक भेजे जाने की तैयारी थी। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे यह कार्य पिछले कई वर्षों से कर रहे हैं और मुख्य रूप से अर्जुन राठौर इस गिरोह का सक्रिय सदस्य है। आरोपियों से मौके पर 11 मवेशी, 5 रस्सी एवं 5 लाठी बरामद की गईं। सभी आरोपियों के विरुद्ध थाना मरवाही में धारा 4, 6, 10 छ.ग. कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम 2004, धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम 1960, तथा धारा 61(2), 112 बी.एन.एस. के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना की जा रही है। मुख्य आरोपी अर्जुन सिंह राठौर लंबे समय से अंतरराज्यीय स्तर पर गौवंश तस्करी में सक्रिय पाया गया है, जिसकी गिरफ्तारी से तस्करी नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है। प्रकरण में एंड टू एंड इन्वेस्टिगेशन करते हुए आगे और भी गिरफ्तारियां किए जाने की संभावना है।

पुलिस अधीक्षक श्री सुरजन राम भगत ने कहा कि मरवाही पुलिस सीमावर्ती क्षेत्रों में पशु तस्करी जैसी अवैध गतिविधियों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई जारी रखेगी। समाज की भावनाओं को आहत करने वाले ऐसे अपराधों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है।

यह कार्यवाही न केवल अंतरराज्यीय गौवंश तस्करी के नेटवर्क पर करारा प्रहार है, बल्कि यह पुलिस और समाज के बीच समन्वित प्रयास का उत्कृष्ट उदाहरण भी है।

# इंटरसिटी एक्सप्रेस में 3.37 करोड़ का सोना-चांदी बरामद, दिवाली से पहले RPF की बड़ी कार्रवाई

**समाज जागरण**

बिलासपुर। बिलासपुर से इतवारी जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस में रेलवे सुरक्षा बल (RPF) ने नरेश पंजवानी (55) नाम के यात्री से करीब 3.37 करोड़ रुपए मूल्य के सोने और चांदी के जेवरात जब्त किए हैं। यह कार्रवाई 13 अक्टूबर को आमगांव-गोंदिया के बीच हुई। RPF टास्क टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ट्रेन के एस-6 कोचे में एक संदिग्ध यात्री बड़ी मात्रा में कीमती धातु लेकर सफर कर रहा है। पूछताछ के दौरान नरेश हड़बड़ा गए, जिसके बाद उनके बैग की तलाशी ली गई।तलाशी में कुले 2.683 किलो सोने और 7.440 किलो चांदी के आभूषण और सोने की बिस्किट बरामद हुई। संदिग्ध के पास बिल या कोई दस्तावेज नहीं था, जिससे कस्टम एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

**RPF की जांच और कार्रवाई-:**

नागपुर RPF की टीम ने संदिग्ध को गिरफ्तार कर पूछताछ की। नरेश पंजवानी गोंदिया के श्रीनगर बम्बा भवने के पास रहते हैं। पूछताछ में सामने आया कि सोने की कुल कीमत लगभगे 3.27 करोड़े और चांदी की कीमत करीबे 10.44 लाखे है। RPF ने बताया कि सोना-चांदी किसका है, इसकी जांच अभी जारी है। इसके साथ ही, रेलवे सुरक्षा बल ने दिवाली से पहले इस तरह की बड़ी कार्रवाई को बेहद अहम बताया है।

# सांसद खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। सेवापुरी विधानसभा के रामसिंहपुर में सांसद खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि देवेंद्र कुमार सेठ, भाजपा जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी उमानाथ, अजय विश्वकर्मा और नीरज सिंह ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। प्रतियोगिता में लंबी कूद, दौड़ सहित अन्य खेल गतिविधियाँ आयोजित की गईं। खोचवां और मोगलावीर कंपोजिट विद्यालय के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने कौशल का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि देवेंद्र कुमार सेठ ने बच्चों को प्रोत्साहित किया और खेल-कूद के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक और शैक्षिक विकास के साथ-साथ युवाओं में खेल भावना का संवर्धन करना था। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



# मिर्जामुराद जोन की विद्यालयीय खेलकूद प्रतियोगिता गंगापुर में संपन्न

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। माध्यमिक विद्यालयों की मिजार्मुराद जोन की खेलकूद प्रतियोगिता गंगापुर इंटर कॉलेज के खेल मैदान में किसान इंटर कॉलेज के खेल शिक्षक तथा आयोजन समिति के संयोजक जितेंद्र सिंह के देखरेख में हुई। इस दौरान यहां पर 36 विद्यालयों के माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र और छात्राओं ने हिस्सा लिया। यहां भाला प्रक्षेप में किसान इंटर कॉलेज के अमन यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।अमन ने गोला डिसकस और





हैमर में भी सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया।जूनियर वर्ग में भाला प्रक्षेप में गंगापुर इंटर कॉलेज के आदित्य पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर की दौड़ में सब जूनियर वर्ग में विकास पाल किसान इंटर कॉलेज मिजार्मुराद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि खजूरी के संदीप द्वितीय स्थान पर रहे। 100 मीटर के सीनियर वर्ग दौड़ में किसान इंटर कॉलेज मिजार्मुराद की शिवानी प्रथम स्थान पर रही। बालिकाओं के 400 मीटर सीनियर वर्ग में गंगापुर इंटर कॉलेज की प्रियंका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। भाला प्रक्षेप में अंबिका प्रसाद सिंह इंटर कॉलेज भैरवनाथ की साक्षी कनौजिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।ऊंची कूद में किसान इंटर कॉलेज की खुशी प्रथम स्थान पर रही।गोला प्रक्षेप में बढ़ैनी की काव्य वर्मा प्रथम स्थान पर रही। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के खेल शिक्षक उपस्थित थे। प्रमुख खेल शिक्षक जितेंद्र कुमार सिंह, घनश्याम चोटीवाला, मुनीब कुमार, जटाशंकर और ध्रुवनाथ ने विभिन्न खेलों के निर्णायक मंडली में निर्णायक प्रमुख की भूमिका में रहे जबकि इस दौरान यहां पर आर डी राय, राकेश पाल, अर्जुन प्रसाद, सुभाष,जटाशंकर आदि खेल शिक्षक भी उपस्थित रहे। डॉक्टर अरुण सिंह ने छात्रों से परिचय प्राप्त कर दौड़ का शुभारंभ कराया।आनंद सिंह,प्रणय सिंह, राकेश सिंह, हरिकेश प्रसाद,अनीश यादव भी खेल मैदान पर उपस्थित रहे।

# दर्जनों कार्यकताओं ने ली अपना दल एस की सदस्यता

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। रोहनिया विधानसभा के कनेरी ( मोहनसराय) स्थित जनता दर्शन कार्यालय पर बुधवार को सक्रिय सदस्यता अभियान को आगे बढ़ाते हुए जिला अध्यक्ष राजेंद्र पटेल के अध्यक्षता में सेवापुरी विधानसभा



क्षेत्र के निवासी राम सिंह पटेल, जयप्रकाश पटेल, प्रदीप कुमार , लव कुश सिंह, धर्मेंद्र पटेल, दीपक गौतम , सतीश प्रजापति , जयप्रकाश गणेशपुर, अनुज कुमार, सुरेश भारद्वाज सहित दर्जनों कार्यकताओं को माला पहनाकर, पार्टी का गमछा, झंडा भेंट कर सक्रिय सदस्यता रोहनिया विधायक डॉ सुनील पटेल ने दिखाते हुए उन्होंने कहा नव निर्वाचित सदस्यों से हम सभी को उम्मीद है कि पार्टी को और मजबूत करने का कार्य पूरी ईमानदारी से करेंगे।

कार्यकम में अजीत पटेल , डॉक्टर महेंद्र पटेल , सियाराम पटेल , इंद्रजीत सिंह पटेल , जमानत सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मारपीट के मामले में अभियुक्तों की हुई गिरफ्तारी

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। जंसा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम खेवली के पास से मारपीट करने के सम्बन्ध में पंजीकृत में वांछित अभियुक्तगण राजकमल राजभर उम्र 25 वर्ष,मंगल विश्वकर्मा उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम खेवली को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है । थाना जंसा पर वादी मो० फिरोज अहमद कुरैशी पुत्र मो० सलीम निवासी लोहता धमरीया वाराणसी द्वारा सूचना दिया गया सूचना दिया गया था कि जन्सा स्थित अपने चिकन के दुकान की दूकान को खोल रहा था तभी बिना किसी बात के हाथ में पहने चुल्ला (कड़ा) से जान से मारने कि नियत से मेरे लडके मो० फैजान के सिर पर मार दिया जिससे मेरे लडके का सिर फट गया खुन बहने लगा वह बेहोश होकर गिर गया। तथा राजकमल के साथी मंगल विश्वकर्मा एवं मिल्लू सभी निवासी ग्राम खेवली थाना जन्सा मुझ पार्थी को भी गाली गुत्ता देते हुये मारने पीटने लगे मै कीसी तरह अपना व अपने लडके का जान बचाकर भागा उपरोक्त तीनो लोग जान से मारने की धमकी भी दे रहे थे। इस मामले में पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।

# कमिश्नर साहब एक नजर इधर भी

- सराफा की दुकान में सेंध लगाकर लाखों की चोरी
- पूर्व में भी हुई लाखों की कई चोरियां जिसकी स्थानी पुलिस चोरों के ऊपर अंकुश लगाने में हुई नाकाम
- आए दिन बढ़ता जा रहा है अपराध

**समाज जागरण**
**अतुल सोनी चोलापुर वाराणसी**





चोलापुर थानान्तर्गत मुर्दहां चौकी क्षेत्र के औरा बाजार स्थित सराफा की दुकान मे दुकान के पीछे दीवाल में सेंध लगाकर सोने- चांदी के जेवरात व हजारो रुपये नगदी समेत चोर लाखों रुपए का सामान उठा ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार आयर गांव निवासी अजय कुमार सेठ की औरा बाजार में श्री राम ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। बुधवार सुबह दुकान के मालिक अजय सेठ अपनी दुकान पर पहुंचे तो दुकान खोलने पर दुकान के पीछे की दीवार में टूटी तथा काउंटर तथा अलमारी तोड़कर भीतर रखा हुआ सारा सामान गायब मिला। अजय सेठ के अनुसार उनके लगभग 20 ग्राम सोने के जेवर 2.5 किलोग्राम चांदी के जेवर व पांच हजार नगदी चोर उठा ले गए हैं। चोरी गए सारे सामान की कीमत लगभग सात लाख रुपए बताई जा रही है। सूचना पर एसीपी सारनाथ विदुषी सक्सेना, प्रभारी निरीक्षक चोलापुर योगेंद्र गौतम व मुर्दहां पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची। तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है। वहीं दूसरी तरफ स्वर्णकार संगठनों में घटना को लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है। उत्तर प्रदेश स्वर्णकार संघ अध्यक्ष सतनारायण सेठ ने कहा कि पुलिस किसी मामले में पहले जांच तो तेजी से शुरू करती है लेकिन कुछ दिन बाद मामला ठंडा पड़ जाता है। सोने चांदी के महंगे भाव के चलते स्वर्ण व्यवसाईयों पर खतरा और बढ़ गया है। उक्त मामले में उच्च अधिकारियों से मिलकर जल्द से जल्द खुलासे के लिए प्रयास करेंगे।

# काशी सांसद खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**



रामेश्वर वाराणसी।।। काशी सांसद खेलकूद प्रतियोगिता-2025 के अंतर्गत दो दिवसीय न्याय पंचायत स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन न्याय पंचायत बरेमा स्थित कम्पोजिट विद्यालय बरेमा में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में क्षेत्र की ग्राम पंचायतों से चयनित छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेलों में प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ रोहनिया विधायक डॉ. सुनील पटेल ने हरी झंडी दिखाकर किया। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि ह्लखेल हमारे जीवन का आवश्यक अंग है, यह हमें अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का संदेश देता है.ह्व

प्रतियोगिता में 11-14 वर्ष, 14-18 वर्ष एवं 18-40 वर्ष आयु वर्गों में विभिन्न स्पधाएँ आयोजित की गईं, जिनमें खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

100 मीटर दौड़ में-11-14 आयु वर्ग में आराधना राजभर और सत्यम यादव विजेता रहे।14-18 आयु वर्ग में गौरव सिंह और प्रमिला सिंह ने बाजी मारी।18-40 आयु वर्ग में आकाश यादव तथा गीता मौर्य प्रथम स्थान पर रहे। 200 मीटर दौड़ मे आरती सिंह और सपना देवी विजेता रहीं, जबकि अविनाश कुमार और पूनम यादव द्वितीय स्थान पर रहे। 400 मीटर एवं 800 मीटर दौड़ में सचिन पटेल, नेहा सिंह, मनोज कुमार और अनिता मौर्य ने शानदार प्रदर्शन किया।लंबी कूद और गोला फेंक प्रतियोगिता में अमित विश्वकर्मा, छत्रपति पटेल, प्रमोद कुमार और प्रीति कुमारी ने जीत दर्ज की।

टीम स्पधाओं में कबड्डी और रस्साकशी के मुकाबले विशेष आकर्षण का केंद्र रहे, जिनमें खिलाड़ियों ने बेहतरीन टीम भावना का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर निर्णायक मंडल के सुशील कुमार, संदीप पटेल, कुमकुम कुशवाहा, गीतिका श्रीवास्तव, कुमारी मीना एवं ओमप्रकाश गुप्त उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नोडल संकुल शिक्षक प्रदीप शुक्ल ने किया। वही विद्यालय के प्रधानाध्यापक चंद्र भूषण सिंह,शैलेन्द्र विक्रम,कौशलेंद्र पांडेय,रानी सहित अन्य शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

अंत में विजेता खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

# रोहनिया विधायक डॉक्टर सुनील पटेल ने भूमि पूजन कर कार्य का किया शुभारंभ

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**



रामेश्वर वाराणसी।। रोहनिया विधानसभा अपना दल एस के विधायक डॉ सुनील पटेल बुधवार को दोपहर बाद खेवशीपुर गांव में भूमि पूजन कर विभिन्न कार्यों का शुभारंभ किया इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक श्री पटेल ने कहा कि अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री बहन अनुप्रिया पटेल तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में रोहनिया विधानसभा के चौमुखी विकास की कड़ी में आज खेवशीपुर गांव में ढाई करोड़ की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन किया जा रहा है आगे उन्होंने कहा कि रोहनिया विधानसभा में अब तक भूतपूर्व विकास किया गया है जो अपने आप में एक गौरवपूर्ण है इसी कड़ी में रमना पिच रोड से संदीप गुप्ता के घर तक 30 लाख 82 हजार की लागत से सड़क का निर्माण , बिशुनपुर कोरौता मार्ग दीनबंधु सिंह के घर से 43 लाख 53हजार की लागत से घाटमपुर तक इंटरलॉकिंग कार्य, सरहरी गांव में राजेंद्र प्रसाद प्रधान के घर से सीताराम पटेल के घर होते हुए 87 लाख 34हजार की लागत से छितौनी पिसौर पुर तक जल निकासी कार्य, ग्राम अलाउद्दीनपुर कपड़हवा प्यारे लाल के घर से जोखू पटेल के घर होते हुए गोपालपुर सीटकहवा बाबा मंदिर तक 55 लाख 48हजार की लागत से जल निकासी कार्य खेवसीपुर में डॉक्टर सेवाराम के घर से 16 लाख 98 हजार की लागत सेअजय पटेल के घर तक भूमिगत नाली निर्माण कार्य, खेवली गांव में मंगल राजभर के दुकान से मोहन सिंह के घर होते हुए 9लाख 1हजार की लागत से पोस्ट ऑफिस चौराहा तक जल निकासी कार्य का शुभारंभ कर दिया गया है जल्द ही निर्माण कार्य पूरे कर लिए जाएंगे इस अवसर पर प्रमुख रूप से ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के जेई अक्षय पटेल, आराजी लाइन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर महेंद्र पटेल, अजीत पटेल, ग्राम प्रधान संतोष पटेल, कार्यालय प्रभारी राजकुमार वर्मा आईटी सेल के जिला अध्यक्ष गोविंद पटेल, विनोद पटेल, बसंत पटेल, युवा मंच के जिला अध्यक्ष मानस सिंह भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष आलोक पांडे डॉक्टर दशमी पटेल, सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# हास्पिटल संचालक से एक करोड़ की रंगदारी मांगने वाले आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**



रामेश्वर वाराणसी।। जंसा पुलिस मुखबिर की सूचना पर मुम्बई स्थित वेस्टर्न रेलवे कॉलोनी, माटुंगा रोड के पास से हास्पिटल संचालक से रंगदारी मांगने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर वाराणसी न्यायालय में प्रस्तुत किया।इस मामले में अस्पताल संचालक की तहरीर पर जनसा पुलिस धारा 308(4), 351(4) भारतीय न्याय संहिता की धारा में मुकदमा दर्ज कर वांछित अभियुक्त सचिन कुमार सिंह पुत्र जगत नारायण सिंह निवासी ग्राम दीनदासपुर, थाना जंसा, जनपद वाराणसी (वर्तमान पताझ72/12, वेस्टर्न रेलवे कॉलोनी, माटुंगा रोड, मुम्बई, उम्र लगभग 33 वर्ष) की काफी समय से तलाश कर रही थी

गिरफ्तार अभियुक्त को मुंबई कोर्ट से ट्रांजिट रिमांड पर लेकर बुधवार के दोपहर वाराणसी पहुंची ।

उल्लेखनीय है कि गत 28.07.2025 को वादी डॉक्टर उदय वर्मा पुत्र मागन राम वर्मा निवासी जलालपुर, थाना जंसा, द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर उक्त अभियोग पंजीकृत किया गया था, जिसमें उन्होंने बताया था कि वे उदय अर्पित हॉस्पिटल का संचालन करते हैं। उसी दिन पूर्वा लगभग 10:07 बजे एक अज्ञात मोबाइल नंबर से उनके मोबाइल नंबर पर व्हाट्सएप कॉल एवं संदेश प्राप्त हुआ, जिसमें एक व्यक्ति द्वारा एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई तथा रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी दी गई।

वादी द्वारा उक्त कॉल एवं व्हाट्सएप संदेश की स्क्रीनशॉट तथा कॉल रिकॉर्डिंग साक्ष्य स्वरूप प्रस्तुत की गई थी। जांच के दौरान तकनीकी सर्विलांस एवं सतत प्रयासों से अभियुक्त की पहचान कर उसे मुम्बई से गिरफ्तार कर लिया गया यह गिरफ्तारी प्रभारी निरीक्षक जनसा अनिल शर्मा की टीम द्वारा किया गया।।

# हरहुआ ब्लाक को मनरेगा धनराधि आवंटित न होने पर प्रधानों ने ब्लाक सभागार में डीसी मनरेगा को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण अनिल कुमार**









हरहुआ वाराणसी हरहुआ ब्लाक सभागार में आज बुधवार को प्रधान संघ के जिला महामंत्री मधुवन यादव के नेतृत्व में प्रधानो ने हरहुआ ब्लाक को मनरेगा धनराशि आवंटित न होने से नाराज होकर डीसी मनरेगा देवेंद्र ओझा को लिखित ज्ञापन सौंपी। उक्त के दौरान डीसी एनआरएलएम पवन कुमार सिंह व बीडीओ हरहुआ बद्री प्रसाद वर्मा उपस्थित रहे।

प्रधानों ने आरोप लगाया गया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 व 2024-25 तथा 2025-26 का मनरेगा का धनराधि नहीं मिला जबकि अन्य सातो ब्लाकों का भुगतान कर दिया गया।

प्रधान संघ के जिला महामंत्री तथा प्रधानों ने बीडीओ कार्यालय के साथ अन्य कार्यालय के कार्यों को कुछ समय के लिए बंद कराया।

ब्लाक सभागार में चल रहे एनआरएलएम की बैठक में डीसी मनरेगा देवेंद्र ओझा ,डीसी एनआरएलएम पवन सिंह व बीडीओ हरहुआ ने ज्ञापन लेने के बाद मनरेगा के सामाग्री का धनराधि जल्द भुगतान करने का आश्वासन दिया।

प्रतिनिधि मंडल में प्रधान संघ के जिला महामंत्री मधुबन यादव,प्रधान गण रविंद्र यादव,खरपत्तू यादव,सुभाष चंद्र भारती,सूर्यप्रकाश मौर्य,सुनील यादव,विजय कुमार, आशीष राजभर, संजय कुमार, इंद्रजीत राम, भगावन पाल, रामखेलावन बीडीसी, राजनारायण पटेल, भगत यादव समेत कई अन्य प्रधान शामिल रहे।

# विकास खण्ड हरहुआ में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की हुई समीक्षा बैठक

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी। डीसी एनआरएलएम पवन कुमार सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के विभिन्न बिन्दुओं पर समीक्षा बैठक हरहुआ ब्लाक सभागार में किया गया ।

जिसमे आवास, मनरेगा, जीरो पॉवर्टी के लाभार्थियों को योजना से जोड़ने में विकास खण्ड हरहुआ की प्रगति अत्यंत खराब थी । जिसपर मुख्य विकास अधिकारी नाराजगी व्यक्त किया गया। नोडल ब्लॉक मिशन मैनेजर उत्कर्ष राव के द्वारा समूह की महिलाओं को जोड़ने में पूर्व में भी ढिलाई बरती गई । इसके साथ ही विकास खण्ड हरहुआ में सीएलएफ के पदाधिकारी का दो वर्ष में बदलाव होना था परन्तु उत्कर्ष राव के द्वारा बदलाव नहीं किया गया है जिसपर उपयुक्त स्वतः रोजगार के द्वारा उत्कर्ष राव की कार्यों को सुचारु रूप से न करने के कारण का दोषी मानते हुए उनका माह अक्तूबर माह का वेतन रोकने को कहा। इसके साथ ही अन्य विकास खण्डों में उक्त बिंदुओं पर प्रगति करने हेतु निर्देशित किया गया । ग्राम पंचायत स्तर पर आबादी के अनुसार महिलाओं का चयन कर उन्हे समूह से जोड़ने हेतु निर्देशित किया गया । समूहों के बैंक खाते, योग्य / पात्र समूह को आर एफ तथा सी आई एफ की धनराशि की मांग करने हेतु निर्देशित किया । योजना अंतर्गत सभी पात्र समूहों को बैंक लिंकेज कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। जीरो पॉवर्टी के सदस्यों को लेकर गठन कराये एवं उन्हे आजीविका गतिविधि से जोड़ने हेतु निर्देशित किया गया। वी पी आर पी अंतर्गत तथा आजीविका सखी के डाटा फीडिंग पूर्ण कराये । सी एम युवा उद्यमी, पी एम एफ ई, लोकोस एम आई एस समूह तथा ग्राम संगठन एम आई एस, सूक्ष्म उद्यम सखी, रेशम विभाग, मत्स्य विभाग, हाई टेक नर्सरी आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं को समय सीमा में करने हेतु निर्देशित किया गया है । उक्त बैठक में उपायुक्त (स्वतः रोजगार), जिला मिशन प्रबंधक, सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी), ब्लॉक मिशन मैनेजर, कम्यूटर आपरेटर तथा अन्य विभागीय तथा गैर विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

# मॉडल ब्लॉक सेवापुरी का एनसीईआरटी टीम द्वारा निरीक्षण

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**



रामेश्वर वाराणसी।। बुधवार को एनसीईआरटी, नई दिल्ली की एक टीम द्वारा जनपद वाराणसी के सेवापुरी ब्लॉक के तीन प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय नवनीपुर,प्राथमिक विद्यालय रामेश्वर प्रथम तथा प्राथमिक विद्यालय रामेश्वर द्वितीय शामिल रहे।

निरीक्षण के दौरान टीम ने सबसे पहले प्रार्थना सभा में भाग लेते हुए बच्चों की गतिविधियों का अवलोकन किया। इसके पश्चात टीम द्वारा कक्षा अवलोकन, शिक्षण अधिगम प्रक्रिया का मूल्यांकन तथा विद्यालय के भौतिक संसाधनों का निरीक्षण किया गया। साथ ही, विद्यालय में बालक एवं बालिका शौचालयों की स्थिति का भी जायजा लिया गया। टीम ने शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करते हुए विद्यालय की वर्तमान शैक्षिक एवं भौतिक स्थिति की समीक्षा की। निरीक्षण के अंत में समस्त शिक्षकों के साथ एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें कक्षा 1 एवं 2 की नवीन एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों के डिजाइन, निर्माण एवं उपयोग पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। टीम ने इन पुस्तकों की विशेषताओं को बिंदुवार रूप में समझाया, जिससे शिक्षकों को अध्यापन में सहायता प्राप्त हो सके। अंत में विद्यालय परिवार की ओर से एनसीईआरटी टीम के प्रति आभार प्रकट किया गया।

# डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती पर समाजवादियों ने दी श्रद्धांजलि

**समाज जागरण**




शाहजहांपुर। भारत के पूर्व राष्ट्रपति और महान वैज्ञानिक डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती बुधवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निदेर्शानुसार बिजलीपुरा स्थित जिला कार्यालय पर श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर सपा के पदाधिकारियों, कार्यकताओं और जनप्रतिनिधियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान ने की। इस मौके पर आयोजित संगोष्ठी में डॉ. कलाम के विचारों और योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई। सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम न केवल एक वैज्ञानिक थे, बल्कि एक सच्चे राष्ट्रभक्त और प्रेरणास्रोत भी थे। उनका जन्म 15 अक्टूबर 1931 को तमिलनाडु के रामेश्वरम में हुआ था और 27 जुलाई 2015 को शिलांग में उनका निधन हो गया। वे 2002 से 2007 तक देश के 11वें राष्ट्रपति रहे। ह्यमिसाइल मैनह्ल के रूप में विख्यात कलाम साहब ने भारत के मिसाइल और परमाणु कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और देश को आत्मनिर्भर रक्षा शक्ति के रूप में स्थापित किया। पूर्व विधायक राजेश यादव ने कहा कि डॉ. कलाम साहब ने सिखाया कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी यदि व्यक्ति अपने सपनों को साकार करने का निश्चय कर ले, तो सफलता निश्चित है। उनके विचार आज भी देश की युवा पीढ़ी को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि कलाम साहब ने 1974 में भारत के पहले परमाणु परीक्षण के बाद 1998 में पोखरण-द्वितीय परमाणु परीक्षण में निर्णायक भूमिका निभाई थी। वह सच्चे अर्थों में विज्ञान और राष्ट्रनिर्माण के प्रतीक थे। इस मौके पर सपा जिला महासचिव रणजय सिंह यादव, सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह, रामसूरत यादव, नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल, सपा नेता लखन प्रताप सिंह, जितेंद्र प्रसाद प्रधान, दोड़ राम वर्मा, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मोनू कुरैशी, युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष पार्थ यादव, जिला सचिव संतोष कुमार पाल, महिला सभा जिला अध्यक्ष किरन कठेरिया, छात्र सभा जिला अध्यक्ष प्रसून कुमार कनौजिया, अल्पसंख्यक सभा जिला अध्यक्ष हफीज अंसारी सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सपा जिला अध्यक्ष के प्रतिनिधि शाहनवाज ने किया। कार्यक्रम स्थल पर मिसाइल मैन डॉ. कलाम अमर रहें के नारे गूंजते रहे।

# पूर्व राष्ट्रपति एवं महान वैज्ञानिक डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम की मनाई गई जयंती

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**



सोनभद्र। समाजवादी पार्टी कार्यालय सोनभद्र पर भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान वैज्ञानिक डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम की जयंती मनाई गई एवं उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया गया।
संगोष्ठी को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि भारत के पूर्व राष्ट्रपति महान वैज्ञानिक डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम मिसाइल मैन के नाम से भी जाने जाते हैं। उनका जन्म तमिलनाडु के रामेश्वरम में एक साधारण परिवार में हुआ था और अपनी पढ़ाई के लिए अखबार भी बेचने का काम किया था। उन्होंने कहा कि यदि आप विकास चाहते हैं तो देश में शांति की स्थिति होना आवश्यक है। शांति की स्थापना शक्ति से होती है। इसलिए हम समाजवादियों को उनके रास्ते पर चलते हुए हर समुदाय को एक साथ लेकर चलने का काम करना होगा और उनकी लड़ाई हर संभव लड़ने को तैयार रहना होगा यही हम लोगों की एक श्रद्धांजलि अर्पित सभा है। संगोष्ठी में मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी जिला महासचिव मोहम्मद शईद कुरैशी प्रदेश सचिव मुनीर अहमद पूर्व जिला अध्यक्ष एवं पूर्व प्रमुख संजय यादव अनिल प्रधान अशोक पटेल डॉ0 लोकपति सिंह पटेल विष्णु कुशवाहा दयाराम मौर्य सत्यम पांडे बचोले प्रसाद पटेल कामरान उल्ला खान अभय यादव कन्हैया विश्वकर्मा विषम अग्रहरि शेर आलम आदिल अंसारी फारूक अली जिलानी इमरान अहमद तौकीर अहमद दिलशाद अहमद ऋषि तिवारी सत्येंद्र कुमार संदीप यादव सद्दाम अहमद मिन्हाज आलम जाहिद अहमद अशरफ रियासत अली नूर मोहम्मद राजनाथ यादव के साथ दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था 1 ट्रिलियन डॉलर करने के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ की बैठक

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**



सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में प्रदेश की अर्थव्यवस्था 1 ट्रिलियन डॉलर करने के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक की गयी, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि, उद्योग और सेवाओं पर आधारित है, जिसमें कृषि, उद्योग, खनन का क्षेत्र है। यह देश की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, कृषि में गेहूं, चावल, मिर्चा, टमाटर जैसी फसलों का प्रमुख उत्पादन होता है, जबकि औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों के विकास किया जाये, जनपद में पर्यटन की काफी संभावनाएं हैं, पर्यटक को जनपद में लाने हेतु व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाये, जनपद में पर्यटको के आने से लोगों को रोजगार मिलेंगें और जनपद की अर्थव्यवस्था भी बेहतर होगी, सभी विभाग जिनको जो भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसके अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करें और जनपद/ प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाने का कार्य करें, उन्होंने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर करने में सभी विभाग लक्ष्य के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करें, इसमें किसी स्तर में शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी श्री संत पाल वर्मा, अपर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी जय सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, सहायक पर्यटन अधिकारी राजेश भारती सहित सम्बन्धित अधि कारीगण उपस्थित रहें।

# कंपोजिट विद्यालय नेमना में बाल संसद, इको क्लब मीना मंच का गठन, रंजना प्रधानमंत्री, अम्बा उपप्रधानमंत्री बनी

## मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं को किया गया सम्मानित

**सुभाष चंद्र यादव/ समाज जागरण**

बीजपुर/ सोनभद्र। म्योरपुर ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय नेमना में बुधवार को एक समारोह का आयोजन कर बाल संसद, इको क्लब, और मीना मंच के पदाधिकारियों को कर्तव्य और दायित्व का शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गान से हुआ। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राधेश्याम और विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष लाले राम द्वारा बच्चों को टी शर्ट, कैप और सेस पहना कर मनोनीत पदाधिकारियों को दायित्व और कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाया गया। विद्यालय की छात्रा रंजना बाल संसद की प्रधानमंत्री और अम्बा उपप्रधानमंत्री बनाई गई। विद्यालय के 35 पदाधिकारी छात्र छात्राओं को सम्मानित कर शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम की सराहना करते हुए दोनों अतिथियों ने कहा कि



ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन होते रहने से बच्चों में मनोबल एवं आत्म विश्वास बढ़ता है। विद्यालय की प्रधानाध्यापक ने बताया कि बाल संसद, इको क्लब और मीना मंच से बच्चों के सर्वांगीण विकास में मार्गदर्शन प्राप्त होगा। पूरे देश में चल रहे मिशन शक्ति और महिला शसक्तीकरण अभियान में मीना मंच एक सशक्त माध्यम बन सकता है। विद्यालय में कार्यक्रम के आयोजक नोडल शिक्षक मनोज कुमार दुबे ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों में नेतृत्व क्षमता, समस्या समाधान क्षमता, आत्म कौशल, आत्म विश्वास जैसों गुणों को विकसित करने के लिए विद्यालय में समितियों का गठन किया गया है

इस से बच्चों को विद्यालय के प्रति अपनी जिम्मेदारियों की जानकारी बढ़ेगी और दायित्व निर्वहन भी करने का अवसर प्राप्त होगा। उक्त अवसर पर वरिष्ठ शिक्षिका सुमित्रा, कुसुम सिंह, उर्मिला, ज्वाला प्रसाद, सुदेश्वरी देवी सहित काफी संख्या में अभिभावक भी उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत नारी सुरक्षा एवं स्वावलंबन पर विशेष कार्यक्रम

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

ओबरा/ सोनभद्र। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत स्वामी सत्यानंद सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ओबरा में नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन पर केंद्रित कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. चारु द्विवेदी (सीओ लाइन/नोडल अधिकारी मिशन शक्ति सोनभद्र) ने की। इस अवसर पर हर्ष पाण्डेय (सीओ ओबरा-सोनभद्र), वी.के. चैरसिया (एसएचओ ओबरा), स्थानीय पत्रकारगण एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या संध्या गिरि की अगुवाई में "सशक्त नारी समृद्ध प्रदेश विषय पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, लघु फिल्म



प्रदर्शन और दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. चारु द्विवेदी ने छात्राओं और शिक्षकों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने तथा समाज में अपनी पहचान सशक्त रूप में स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण राष्ट्र निर्माण की बुनियाद है। अंत में हर्ष पाण्डेय ने अपने अभिभाषण में नारी शक्ति के विभिन्न पहलुओं पर सारगर्भित चर्चा करते हुए कार्यक्रम के सफल समापन की घोषणा की। उक्त अवसर पर रमेश यादव, विकास सिंह, रामनिवास तोमर, दुर्गावती, अंजु गुप्ता, रचना, अम्बिका, पियम्बदा, पुनम, नेहा, राकेश कुमार, प्रभाकर यादव, रमेश प्रसाद, सुभाशु पाठक, अरूणि, रितेश एवं विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने समाज में नारी सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

# डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती पर हिंदलवली ग्लोरियस पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

डाला/ सोनभद्र। मिसाइल मैन ऑफ इंडिया और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती के अवसर पर बुधवार को हिंदलवली ग्लोरियस पब्लिक स्कूल में एक भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर को स्टूडेंट डे के रूप में मनाते हुए बच्चों ने विज्ञान के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया और डॉ. कलाम को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिकेत निषाद तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मास कम्युनिकेशन एंड



जर्नलिज्म में गोल्ड मेडलिस्ट अनिकेत श्रीवास्तव उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत स्कूल के प्रबंधक असरफ अली और मैनेजर अमजद खान ने पुष्पगुच्छ देकर किया। विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने अपने अध्यापकों के मार्गदर्शन में चंद्रयान-3 मिशन का मॉडल, सौरमंडल, पवन चक्की, ज्वालामुखी (वोल्केनो), सूर्य ग्रहण-चंद्र ग्रहण प्रोजेक्ट, तथा सेंसर-आधारित ऑटोमैटिक आर.ओ. सिस्टम जैसे आकर्षक और ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत किए। बच्चों ने न केवल इन मॉडलों की कार्यप्रणाली समझाई बल्कि पानी संरक्षण और नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग के महत्व पर भी लोगों को जागरूक किया। मुख्य अतिथि अनिकेत निषाद ने कहा डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जी केवल भारत के महान वैज्ञानिक ही नहीं, बल्कि करोड़ों युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं। उनका जीवन हर छात्र के लिए एक आदर्श है। आज हिंदलवली ग्लोरियस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने जिस लगन से यह प्रदर्शनी तैयार की है, वह वास्तव में सराहनीय है। स्कूल के डायरेक्टर तौहिद अहमद ने बताया कि कक्षा 1 से लेकर कक्षा 8 तक के छात्रों ने अपने शिक्षकों के सहयोग से विज्ञान के विभिन्न प्रोजेक्ट तैयार किए हैं। वहीं प्रधानाचार्या श्रीमती नूजहत खान ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के अंदर विज्ञान के प्रति जिज्ञासा और नवाचार की भावना को बढ़ावा देते हैं।

कार्यक्रम का सफल संचालन उप प्रधानाचार्य शहनाज खान व कोऑर्डिनेटर जाहिदा प्रवीन ने किया। इस अवसर पर अब्दुल खालिक, सुनील यादव, स्वाती चंद्रवंशी, प्रतीज्ञा तिवारी, अंजली, सौम्या शर्मा, संध्या यादव, संजना तिवारी, शबनम, सालेहा, हेमा, जिज्ञासा समेत अनेक शिक्षकों व अभिभावकों की उपस्थिति रही।

# ईश्वर प्रसाद विधि महाविद्यालय को मान्यता

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। ईश्वर प्रसाद विधि महाविद्यालय, देवरा राजा, पसही कलां के प्रबंधक मनीष पाण्डेय ने बुधवार को बताया कि विधि महाविद्यालय को मान्यता मिलने से ग्रामणी क्षेत्र के युवक_युवतियों में उत्साह है। गांव के युवा एल .एल.बी, तीन वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश लेकर अपना भविष्य संवार सकते हैं। प्रबंधक ने यह भी बताया कि मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय, मिजार्पुर से संबद्ध इस विधि महाविद्यालय की मान्यता का अनुमोदन बार काउंसिल ऑफ इंडिया नई दिल्ली से प्राप्त हो गई है।



इस उपलब्धि पर बुधवार को प्रबुद्धजनों की ओर से बधाई देने का सिलसिला दिन भर लगा रहा। पण्डित पारसनाथ मिश्र, जगदीश पंथी, धनंजय पाठक, आलोक चतुर्वेदी मिठाई खिलाकर प्रबंध को बधाई दिए। इस अवसर पर डॉ विमलेश त्रिपाठी, विमलेश पाठक, विनीत जी, भोला प्रसाद समेत अन्य लोगों ने खुशी का इजहार किया।

# सोनभद्र में सामाजिक प्रगति परिषद की 10 वर्ष की गौरवशाली देव दीपावली परंपरा तैयारी हेतु स्टीकर अभियान का आगाज

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

ओबरा/ सोनभद्र। पूर्वांचल के सोनभद्र जिले में स्थित ओबरा एक बार फिर आध्यात्मिक और सामाजिक उत्साह से सराबोर होने की तैयारी में है। इसका श्रेय जाता है सामाजिक प्रगति परिषद को, जो पिछले दस वर्षों से लगातार यहां भव्य देव दीपावली' का आयोजन कर रही है। यह आयोजन अब इस क्षेत्र की न सिर्फ एक महत्वपूर्ण धार्मिक घटना, बल्कि एक सशक्त सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान भी बन चुका है। सामाजिक प्रगति परिषद द्वारा आयोजित यह देव दीपावली, अपने स्थापना काल से ही क्षेत्रवासियों के लिए आस्था और उल्लास का केंद्र रही है। पिछले एक दशक में, संस्था ने हर वर्ष इस आयोजन को एक विशिष्ट पहचान और नवीनता प्रदान की है। यह निरंतर प्रयास ही इस पर्व को हर साल भव्यता और नवीन उत्साह से भर देता है। आयोजकों का मानना है कि यह कार्यक्रम केवल दीप प्रज्वलन का त्योहार नहीं, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक और सामाजिक एक जुटता का प्रतीक है। इसमें स्वच्छता अभियान, रंगोली प्रति योगिताएं और



विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम भी शामिल होते हैं, जो इसे एक महापर्व का स्वरूप देते हैं। आगामी देव दीपावली को और भी भव्य एवं यादगार बनाने के उद्देश्य से, आज (15 अक्टूबर) को परिषद के सदस्यों ने एक व्यापक 'स्टीकर अभियान' का आगाज किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान का मुख्य लक्ष्य पर्व के महत्व और भव्यता के संदेश को ओबरा के जन-जन तक पहुंचाना है। इस अभियान के माध्यम से परिषद अधिक से अधिक लोगों को इस महापर्व से जोड़ना चाहती है, ताकि देव दीपावली का उल्लास और प्रकाश पूरे क्षेत्र में फैल सके। परिषद के सक्रिय कार्यकर्ता इस वर्ष के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी निष्ठा और उत्साह के साथ अपने काम को अंजाम दे रहे हैं। यह स्टीकर अभियान इस बात का स्पष्ट संकेत देता है कि इस वर्ष की देव दीपावली भी अपनी पिछली सफलताओं की तरह पूरी भव्यता और उल्लास के साथ मनाई जाएगी। संस्था की दस वर्षीय गौरवशाली परंपरा को अक्षुण्ण रखते हुए, इस वर्ष भी ओबरा का यह धार्मिक-सामाजिक आयोजन पूर्वांचल के मानचित्र पर अपनी विशेष छाप छोड़ने के लिए तैयार है।

# बकरिदिया मदरसा पर जश्ने गौसुलवरा कॉन्फ्रेंस का हुआ आयोजन

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**

चोपन/ सोनभद्र। स्थानीय अवकाश नगर के बकरिदिया इस्लामिया मदरसा के सहन में जश्ने गौसुलवरा कॉन्फ्रेंस व लंगर- ए- आम का आयोजन किया गया जिसमें हिंदुस्तान के मशहूर व मारूफ औलमा व इकराम ने शिरकत की। खुशुशे खिताब हजरते अल्लामा मौलाना मुफ्ती फैजुल्ला मिस्बाही (वाराणसी) ने अपने बयान में पीरो के पीर हजरत गौस- ए-आजम की जीवनी और उनकी शिक्षाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने लोगों से उनके बताए रास्ते पर अमल करने तथा बच्चों की शिक्षा व अच्छी तरबियत पर जोर दिया। वहीं आगाजे जलसा में हजरत अल्लामा मौलाना इशाक अहमद (बभनी), जावेद रजा, नसीम रजा (मिजार्पुर), कारी अख्तर रजा सभी उलेमाओं ने हजरत गौसे पाक की जिंदगी और करामात पर प्रकाश डाला। समन व नूरी




साहेबान (सिंगरौली) ने अपनी सुरीली आवाज में नबी ए करीम और गौस-ए-आजम की शान में नात पेश की उनकी प्रस्तुति पर उपस्थित लोगों ने नारे तकबीर और नारे रिसालत के नारों से महफि ल को गूंजा दिया। जलसे का संचालन (निजामत) मौलाना शगीर अहमद सोनभद्री ने किया। जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना रमजान कादरी व मौलाना सद्दाम हुसैन कादरी ने जलसे की सदारत की। वही अंत में मुस्लिम बन्धुओं ने मुल्क में अमन व शांति के लिए दुआएं मांगी। इस मौके पर जामा मस्जिद के नायब सदर नाजीम खान, अंजुमन सेक्रेटरी महफूज आरिफ, डॉ जावेद अख्तर, हाजी ग्यासुद्दीन, असलम खान, सभासद सलीम कुरैशी, चिराग अली, बरकत अली, अतहर कुरैशी, नियामत अली, रिजवान अहमद, सुहेब अहमद, शरफुद्दीन, नसरूद्दीन, शाहिद कुरैशी सहित हुसैनी कमेंटी के सदस्य व सैकड़ों की संख्या मे मुस्लिम बन्धु व पर्दानसी मां बहने मौजूद रही।

# महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत महिलाओं में उद्यमिता विकास कार्यशाला का किया गया आयोजन

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**

ओबरा/सोनभद्र। राजकीय स्नाकोत्तर महा विद्यालय ओबरा सोनभद्र में आज दिनांक 15/ 10/25 को मिशन शक्ति (फेज 5) के तहत महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत महिलाओं में उद्यमिता विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें आविष्कार फाउंडेशन से आए मुख्यवक्ता सिद्धांत राय ने उद्यमिता के सात चरणों के बारे में बताया। जिसमें महिलाओं को रोजगार, सृजन, आर्थिक विकास को बढ़ावा देना, समाज में नवाचार लाना और उद्यमिता के विभिन्न पहलुओं के महत्व के बारे में बताते हुए छात्राओं को प्रोत्साहित किया। वाणिज्य विभाग के डॉ विकास कुमार ने उद्यमिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उद्यमिता पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तानांतरित होती है




जबकि नौकरी आपके पास रहती है। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए वाणिज्य विभाग की डॉ संघमित्रा ने कहा कि नए व्यवसाय को किस तरह से महिलाएं शुरू करे और नए उत्पाद, सेवा व विपणन मॉडल किस तरह से बनाए इन विषयों पर चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन एवं मिशन शक्ति (फेज - 5) संयोजक डॉ विभा पाण्डेय ने कहा कि महिलाए किसी भी प्रकार का व्यवसाय अपने घर से ही शुरू कर सकती है और किस तरह से महिलाएं योजना और संगठन बनाकर विपणन जैसी दक्षता को भी शामिल कर सकती है। भारत सरकार द्वारा भी महिलाओं को उद्यमिता में बढ़ावा देने के लिए अनुदान और प्रशिक्षण कार्यक्रम की भी व्यवस्था की गए है से सम्बंधित विषयों पर प्रकाश डाला।
इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त छात्र छात्राए शामिल हुए।

# थाना म्योरपुर पुलिस द्वारा पॉक्सो एक्ट में वांछित एक नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**सुभाष चंद्र यादव/ समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक के निदेशानुसार तथा अपर पुलिस अधीक्षक (आप0) त्रिभुवननाथ त्रिपाठी की पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय के कुशल निर्देशन में, थाना म्योरपुर प्रमुखता से अपराधियों एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोकथाम हेतु एक विशेष अभियान चला रही है। इस अभियान के तहत, दिनांक 03.10.2025 को थाना म्योरपुर पर श्रीमती सुनमनिया देवी पत्नी आशाराम यादव, निवासी ग्राम आरंगपानी, थाना म्योरपुर, जनपद सोनभद्र की तरफ से एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था। अनुरोध के आधार पर मुकदमा संख्या 127/2025 धारा 137(2) और 61(2) BNS में अभियोग पंजीकृत किया गया था, जिसमें निम्नलिखित अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप शामिल थे। थाना म्योरपुर की पुलिस टीम ने तफ्तीश के क्रम में मामले की गहन जांच की। दिनांक 11.10.2025 को पीड़िता/ अपहता की बरामदगी की गई। साक्ष्यों के आधार पर अभियोग बढ़ाकर धाराएं धारा 87, धारा 61(2)क, धारा 75 बीएनएस, एवं धारा 7/8 पाक्सो एक्ट भी जोड़ी गईं। उक्त मुकदमा संख्या 127/2025 के अंतर्गत वांछित अभियुक्त सुमित वर्मा उर्फ धनंजय उर्फ मुगरी, निवासी गुर्मा पोस्ट मर्यादपुर, थाना रामपुर, जनपद मऊ को आज 15.10.2025 को सुबह 06:50 बजे, किरबिल चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को रिमांड हेतु माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

# घोरावल ब्लॉक के तिलहर विद्यालय में मुख्य विकास अधिकारी ने वितरित करवाया स्टेशनरी, बैग और जूते

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। घोरावल ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय तिलहर में मुख्य विकास अधिकारी सोनभद्र के निर्देश पर छात्रों को स्टेशनरी, स्कूल बैग, मोजे, ज्यामितीय बॉक्स आदि सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी हेमंत सिंह, डीसी मनरेगा रविन्द्र वीर सिंह, बीडीओ नितिन कुमार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनंद पांडेय तथा खंड शिक्षा अधिकारी



घोरावल अरविंद पटेल उपस्थित रहे। इससे पूर्व जनपद स्तरीय अधिकारियों ने प्रत्येक कक्षा का अवलोकन किया और छात्रों से संवाद करते हुए उनके अधिगम स्तर को परखा और सराहा। एक समय नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहे इस गांव में शिक्षा की कोई सुविधा नहीं थी। परिषद द्वारा संचालित इस विद्यालय में वर्तमान में कक्षा 1 से 8 तक कुल 143 छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। विगत सप्ताह मुख्य विकास अधिकारी ने इस विद्यालय का निरीक्षण किया था, जहां उन्होंने शिक्षकों और विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की थी। उनके निर्देश पर विद्यार्थियों के लिए आवश्यक शैक्षिक सामग्री उपलब्ध कराई गई। जिला विकास अधिकारी ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने की प्रेरणा दी और शिक्षकों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि जिले के प्रत्येक बच्चे को बेहतर शैक्षिक संसाधन और प्रेरणादायक वातावरण प्राप्त हो सके।

# खेती के साथ-साथ रेशम कीट पालन बनी किसानों की आय का श्रोत

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। रेशम एक जैविक एवं प्राकृतिक कृषि आधारित उत्पाद है। रेशम उत्पादन का कार्य तकनीकी प्रकृति का होता है। जिसके लिए उत्पादकों कृषकों को जागरूक किया जाना जरूरी होता है। इसके उत्पादन के लिए प्रदेश में जनसामान्य, कृषकों तक पहुँचाने एवं आय का लोकप्रिय श्रोत बनाने के लिए विभिन्न प्रकार से जागरूकता लाई जा रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में गत 10 वर्षों में उत्तर प्रदेश में रेशम निर्यात में 28 गुना की बढ़ोत्तरी हुई है, जो अन्य सेक्टर के मुकाबले सर्वाधिक है। प्रदेश में रेशम उत्पादन की अपार सम्भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए रेशम उत्पादन की वृद्धि हेतु लगातार प्रयत्न किये जा रहे है। रेशम उत्पादन के लिए शहतूत के वृक्षों का रोपण करने के लिए किसानों को सहायता दी जा रही है। कृषि के साथ-साथ रेशम उत्पादन कर कृषक अपनी आय में वृद्धि कर रहे है। प्रदेश में केन्द्र एवं राज्य पोषित संचालित योजनाओं से लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों के लिये पारदर्शी सुविधा उपलब्ध कराने हेतु रेशम मित्र पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा लागू है, जिस पर इच्छुक लाभार्थी पंजीकरण कराते हुए विभाग की योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। रेशम निदेशालय, उ०प्र० मेें वपस जव ंपसा के प्रदर्शन एवं शुद्ध सिल्क की पहचान हेतु सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स (ब्मदजमत वि म्गबमससमदबम) का निर्माण कार्य प्रगति पर है। एफ०पी०ओ० के माध्यम से रेशम उत्पादन कार्यक्रम को बढ़ावा प्रदान करने के लिए गोण्डा, बहराइच एवं फतेहपुर के एफ०पी०ओ० से त्रिपक्षीय एग्रीमेन्ट का सम्पादन किया गया है। जिसमें केन्द्रीय रेशम बोर्ड बंगलौर द्वारा रू0 371.5625 लाख केन्द्रांश सहायता अवमुक्त की गयी है। रेशम कीटपालन, (शहतूती, टसर, एरी) के वर्ष 2025-26 में निर्धारित लक्ष्य 74.25350 लाख डी०एफ०एल्स० के सापेक्ष माह अगस्त, 2025 तक 24.99450 लाख डी०एफ०एल्स० का कीटपालन किया गया है। रेशम कीटाण्ड के विकास (शहतूती, टसर, एरी) की योजनान्तर्गत चालू वर्ष में माह अगस्त, 2025 तक 60.7760 डी०एफ०एल्स० लक्ष्य के सापेक्ष 9.21825 लाख डी०एफ०एल्स० कीटाण्ड उत्पादन किया गया है। प्रदेश में रेशम धागा उत्पादन (शहतूती, टसर, एरी) के वर्ष 2025-26 के कुल लक्ष्य 479.9366 मी० टन के सापेक्ष माह अगस्त, 2025 तक 46.4850 मी० टन रेशम धागे का उत्पादन किया गया है। प्रदेश में स्थापित रेशम फार्मों पर रेशम से संबंधित क्रियाकलापों को बढ़ावा दिये जाने हेतु 300 नयी रेशम सहकारी समितियों का गठन किया जा रहा है।
प्रदेश के मा० मुख्यमंत्री जी के कुशल मार्गदर्शन से प्रदेश में जनपद बहराइच, श्रावस्ती, लखीमपुर, सीतापुर, गोण्डा, बलरामपुर, बस्ती, महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बिजनौर एवं सहारनपुर में प्रथम बार राज्य पोषित मुख्यमंत्री रेशम विकास योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 हेतु रू0 100.00 लाख बजट की स्वीकृति हुई है, जिसके अन्तर्गत प्रदेश के निजी क्षेत्र के कृषकों को वृक्षारोपण कीटपालन भवन एवं उपकरणों के क्रय हेतु अनुदान सहायता उपलब्ध करायी जा रही है।

# मा 0 न्यायालय के आदेश पर थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा फरार अभियुक्त की लगभग 25 लाख की अचल संपत्ति कुर्क

**समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तथा माननीय न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सिविल जज सीनियर डिवीजन (एफ.टी.सी.), सोनभद्र के आदेश के अनुपालन में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त की लगभग 25 लाख की अचल संपत्ति को विधिक प्रक्रिया के तहत कुर्क किया गया। मुकदमा संख्या 1695/2015, सौरभ चौरसिया बनाम जितेन्द्र, अंतर्गत धारा 138 एन.आई. एक्ट, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र से संबंधित अभियुक्त जितेन्द्र पुत्र रामजीत, निवासी ग्राम बिजरी हरहुआ, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र, जो लंबे समय से मा0 न्यायालय से लगातार फरार चल रहा था, की लगभग 25 लाख की अचल संपत्ति को न्यायालय के आदेशानुसार कुर्क किया गया। कुर्क की गई अचल संपत्तिः गाटा संख्याः 0191 मि0 रकबाः लगभग 0.0220 हे0, निमार्णः 108 फीट का एक पक्का कमरा (दीवार पर सीमेंट शेड), चारों ओर लगभग 7 फीट ऊँची पक्की बाउंड्री वॉल, जिसमें एक बड़ा लोहे का गेट लगा है। यह कुर्की कार्यवाही नायब तहसीलदार सदर विशाल एवं क्षेत्रीय लेखपाल अखिलेश कुमार की उपस्थिति में, स्थानीय गवाहान तथा चौकी प्रभारी चुर्क उ0नि0 विनोद यादव, व उनकी पुलिस टीम द्वारा की गई। कुर्क की गई संपत्ति को एक अलग ताले से बंद कर सील व मुहरबंद किया गया है।

# कन्नौजः स्वदेशी मेले में मिलेट्स गोष्ठी, 14 किसान और पत्रकार हुए सम्मानित

## प्रथम रैंक पाने वाली सीटीआई छात्रा अंशिका तिवारी भी सम्मानित




**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। प्रदेश के समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्व0प्र0) असीम अरूण ने बोर्डिंग ग्राउण्ड में आयोजित यू०पी० इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 (स्वदेशी मेला) में एक दिवसीय मिलेट्स गोष्ठी का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर 14 किसानो को मृदा परीक्षण स्वास्थ्य कार्ड तथा सर्वाधिक डिजिटल क्राप सर्वे करने वाले 5 कर्मचारी एवं 11 कृषकों को मिनी किट्स वितरित की गयी। खेल राष्ट्रीय स्तर पर गायिका प्रतियोगिता 2025 में सुभाष इण्टर कालेज नेरा की छात्रा अनामिका, एवं सीटीआई ऑल इण्डिया प्रथम रैंक 2025 में आईटीआई बेहरिन की छात्रा अंशिका तिवारी को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।श्री अरूण ने कहा कि 25 सितम्बर को नोएडा में यू०पी० इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 (स्वदेशी मेला) का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह से नोएडा में मेगा शो आयोजित किया गया। इसी प्रकार प्रत्येक जनपद स्तर पर स्वदेशी मेला आयोजित कराया जाए, जिसके क्रम में जनपद में 09 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक 10 दिवसीय स्वदेशी मेले का आयोजन किया जा रहा हैं। इस मेले से स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा दिया गया हैं। उन्होंने कहा कि कन्नौज में जो स्वदेशी माल बन रहा हैं, उनके अपने उत्पाद को यहां पर रखने का मौका मिला हैं।

उन्होनें रानी देवी द्वारा बनाये गये हस्तनिर्मित दीप की प्रशंसा करते हुये कहा कि रानी देवी ने बहुत ही अच्छी क्वालिटी के दीप बनायें, जिससे एक अच्छे कुशल कारीगर की पहचान होती हैं। उन्होनें कहा कि दीदी को मिट्टी पीसने वाली तथा विद्युतचलित दीप बनाने वाली मशीन जल्द ही दिलायी जायेगी। उन्होनें एस प्रतीक फार्मर प्रोड्सर कम्पनी के प्रतिनिधि द्वारा तैयार किये गये मिलेट्स से बने खाद्य पदार्थ की सराहना की तथा श्री अन्न से बने मिलेट्स के पकवान को भी चखा।

मंत्री ने कहा कि गंगा नदी के किनारे दोनो तरफ 5-5 किमी क्षेत्रफल में प्राकृतिक खेती करने हेतु कृषको को प्रेरित किया जाये। कहा कि खेती कोई पौराणिक कार्य नहीं हैं, यह वैज्ञानिक कार्य हैं। हमें वैज्ञानिक पद्धति से खेती को करना होगा। आने वाला समय कृषि के क्षेत्र में नये अवसर लेकर आ रहा हैं। कहा कि मिलेट्स हमारे खेत के साथ-साथ पेट में भी होने चाहिए। जब कृषक भाई खेत में मिलेट्स की फसले पैदा करेगें, तो निश्चित रूप से मिलेट्स हमारी थाली में होगें। मिलेट्स को बढ़ावा देने के लिये सरकार निरन्तर प्रयास कर रही हैं। इस मौके पर मंत्री जी ने स्वदेशी वस्तुओ से संबंधित लगाये गये स्टालों का निरीक्षण किया। पार्टी जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कहा कि पहले बाजरा, चना, मक्का, आदि मोटा अनाज हमारी थाली में होता था। मोटे अनाज हमारे स्वास्थ्य के लिये कितना फायदेमंद हैं यह सभी जानते हैं। सरकार के निरन्तर प्रयासों एवं मिलेट्स को बढ़ावा देने से यह पुनः हमारी थाली में दिखाई देने लगेगा।

कार्यक्रम का संचालन कृषि वैज्ञानिक अमर सिंह द्वारा किया गया। आयोजन के दौरान कृषि विभाग की ओर से स्थानीय पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप निदेशक कृषि संतोष कुमार, उपायुक्त उद्योग धनन्जय सिंह, जिला कृषि अधिकारी संत लाल गुप्ता, जिला उद्यान अधिकारी सी0पी0 अवस्थी आदि अधिकारी एवं मंत्री प्रतिनिधि विवेक पाठक, जलालाबाद ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अवनीश दोहरे, शैलेन्द्र द्विवेदी, विपिन द्विवेदी, एस पी सिंह, सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# कन्नौजः विशेष अभियान में एफएसडीए ने फिर भरे खाद्य पदार्थो के 6 नमूने

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। जनपद में दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भैया दूज पर्व पर खोया, पनीर, दूध, घी, मिठाईयां, नमकीन, ड्राई फ्रूट, खाद्य तेल, वनस्पति, रंगीन मीठे खिलौने एवं अन्य खाद्य तथा पेय पदार्थों में मिलावट की रोकथाम तथा मिलावटी खाद्य व पेय पदार्थों के निर्माण, वितरण व बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु विशेष अभियान के तहत मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों अनिल कुमार राठौर, सर्वेश कुमार एवं अरविंद कुमार साहू के छापामार दल द्वारा सदर तहसील कन्नौज क्षेत्र एवं छिबरामऊ तहसील क्षेत्र में विभिन्न बाजारों में मिलावटी खाद्य पदार्थों पर प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए, मोहम्मद सोहराब पुत्र श्री सुलेमान निवासी मोहल्ला- अफसरी, गुरु सहायगंज की मोहल्ला- नंगापुरवा , गुरुसहायगंज, कन्नौज स्थित चीनी के खिलौने, गट्टे एवं बताशे आदि के



निर्माण इकाई से चीनी के खिलौने की मिठाई एवं अपमिश्रक सेफोलाइट के 01-01 नमूने, धर्मवीर पुत्र राम करन के इन्दुइयागंज, गुरुसहायगंज स्थित प्रतिष्ठान से खड़ी हल्दी एवं साबुदाना के 01-01 नमूने, पीयूष पुत्र श्री चंद्रशेखर कुशवाहा के मल्लपुरवा, गुरुसहायगंज स्थित प्रतिष्ठान से नमकीन का 01 नमूना एवं राजेंद्र सिंह पुत्र देशराज सिंह के मल्लपुरवा, गुरसहायगंज स्थित प्रतिष्ठा से दही का 01 नमूना वास्ते जांच संग्रहित किया गया। नंगा पुरवा गुरसहायगंज स्थित मोहम्मद सोहराब के निर्माण प्रतिष्ठान में मिले 15 किलोग्राम सोफोलाइट अपमिश्रक को खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा सीज कर खाद्य कारोबार कर्ता की सुरक्षित अभिरक्षा में दे दिया गया। जिसका अनुमानित बाजारी मूल्य लगभग ₹2250/- है।आज संग्रहित उपरोक्त सभी 06 नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत तद्नुसार अग्रिम कठोर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव द्वारा इस अभियान के दौरान कार्रवाई से संबंधित सभी बाजारों में खाद्य कारोबार कताओं सहित आम जन को रंगीन, मिलावटी तथा दूषित खाद पदार्थ में मिलावट के संबंध में स्थलीय परीक्षण की विधियों की जानकारी देते हुए, खाद्य पदार्थों के उपभोग के संबंध में जागरूक किया गया।

# कन्नौजः इस दिवाली एक स्वदेशी और स्थानीय उत्पाद जरूर खरीदें

## डीबीटी वितरण समारोह में डीएम ने की जिले से अपील



**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभार्थियों को निःशुल्क एलपीजी सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी वितरण कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पार्टी जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया की उपस्थिति में स्वदेशी मेला बोर्डिंग ग्राउंड कन्नौज में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री का सजीव प्रसारण देखा व सुना गया। कार्यक्रम में मोनी, पिंकी, सुमन, आरती, नसरीन, नगमा, शीतला, प्रिया, लक्ष्मी, सुनिता सहित कुल 110 लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक वितरण की गई।

इस अवसर पर जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने सभी को धनतेरस, दीवावली व भाईदूज की बहुत-बहुत बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा प्रदेश सरकार की ओर से निःशुल्क एलपीजी सिलेंडर आप सभी लोगो लिए उपहार है। कहा कि मुख्यमंत्री ने एक अपील की है चाहें हम दीया खरीदे, मोमबत्ती खरीदें, झालर खरीदें जो भी वस्तु खरीदें वो सभी अपने जनपद का या अपने प्रदेश के स्थानीय उत्पाद खरीदें जिससे की यहां के श्रामिकों को लाभ मिलें और वह प्रोत्साहित हो।

जिलाधिकारी ने कहा कि होली और दीपावली के अवसर पर सबके लिये यह उपहार स्वरूप दिया जाता है। हम आपको यह बताना चाहेगें कि एक सिलेंडर की जो कीमत होती हैं, वह 876 रुपए होती हैं, और इस 876 रू0 का पूरा वहन केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा किया जाता है। आज जो दिया जा रहा है इसमें 323.24 रू0 केन्द्र सरकार द्वारा तथा 552.76 रू0 प्रदेश सरकार द्वारा दिया जाता है। सभी लाभार्थियों के खातों में कुल 876 रू0 का पूरा भुगतान किया जाएगा। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अन्तर्गत जनपद में प्रचलित उज्जवला गैस कनेक्शन संख्या 176408 हैं।

इस दौरान पार्टी जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री किसी भी प्रकार का भेदभाव नही करते है। हम ने किसी से यह नहीं पूछा कि कौन किस जाति का है बल्कि जो भी इस योजना में आता है उसकों लाभान्वित किया जाता है। कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, भारत सरकार की एक बहुत ही महत्त्वाकांक्षी योजना है। उज्जवला योजना के अंतर्गत एलपीजी कनेक्शन अन्त्योदय पात्र गृहस्थी परिवारों की महिलाओं को इस योजना से लाभान्वित किया जा रहा है। इस योजना के लाभार्थियों को निःशुल्क एल0पी0जी0 सिलेन्डर रिफिल का वितरण किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी, जिला पूर्ति अधिकारी राजीव मिश्र, अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी व लाभार्थी उपस्थित रहे।

# कन्नौजः सपा कार्यालय में मनाई गई मिसाइल मैन कलाम की जयंती

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। समाजवादी पार्टी कार्यालय में बुधवार को देश के मिसाइलमैन पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की सपा नेताओं ने जयंती मनाई। यह कार्यक्रम जिला अध्यक्ष कलीम खान के नेतृत्व में किया गया। जहां एपीजे अब्दुल कलाम को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई इस मौके पर जिला अध्यक्ष ने एपीजे अब्दुल कलाम की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम का जन्म 15 अक्टूबर 1931 को तमिलनाडु के रामेश्वरम हुआ था। वह एक महान वैज्ञानिक और इंजीनियर थे जिन्होंने देश की रक्षा और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी जिसके कारण उन्हें मिसाइल मैन कहा जाता था। वहीं मौजूद समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन एवं विधानसभा अध्यक्ष पी पी सिंह बघेल ने कहा कि ए पी जे अब्दुल कलाम सादगी और ईमानदारी के प्रतीक थे उनका देश के लिए समर्पण किसी से छिपा नहीं हम समाजवादी उनके आदर्श भरे रास्ते पर चलकर देश को नई ऊर्जा दी और उनके प्रयास से ही जिले के फखिरपुर में किसानों को ट्यूबबेल फ्री विधुत



सप्लाई हेतु 800 परिवारों को घरेलू विजली, आटा चक्की पूरे गांव में ऊर्जा विधुत सप्लाई की सौगात मिली। बीजेपी सरकार नें इस यादगार सौर ऊर्जा प्लांट को सौतेला व्यवहार कर बंद पड़ा रखा, जब राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के द्वाराविरोध की आवाज उठाई गई तब कहीं चालू हो सका।कार्यक्रम में मौजूद सभी नेताओं ने उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया इस दौरान जिला महासचिव राम सेवक राजपूत, पूर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरे, सपा नेता यश कुमार दोहरे, रजनीकांत यादव, विजय दुवेदी, शरद यादव, बजरंग सिंह चौहान,राजेश पाल,नितिन यादव सपा नेता, विवेक पाल, आरिफ जमा, शिब्बू तिवारी, आनंद बाबू यादव, सद्दाम खान, गुफरान अहमद, राजपाल राजू, अनुज यादव, रोहित कुशवाहा, सुधीर कश्यप, वसीम हसन लल्ला, राकेश कठेरिया, अजय कश्यप, आदिल खान, अंकुर यादव, भोला यादव, नेम सिंह, मुकुट सिंह, मुकीम खान, सलीम खान, कल्लू पाल, अमन खान, तस्लीम, टिंकू पाल, इकवाल अहमद, मुकीम खान, अशुतोष यादव, वीरेंद्र कटियार, जुनेद खान, पिन्टू यादव मसूद अहमद, गुलशाद अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

# कन्नौजः लाखो जी एक्सपायरी दवाइयां सड़क किनारे पड़ी मिली, सीएमओ बोले होगी कार्रवाई

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 स्वदेश गुप्ता ने बताया है कि सोशल मीडिया माध्यम से मिली जानकारी के अनुसार जी०टी०रोड पाल चौराहा से



200 से 300 मीटर की दूरी पर पश्चिम दिशा में रोड के किनारे अवैध रूप से अत्यधिक मात्रा में दवाइयां पड़ी हुई है। जिसके उपरान्त मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के समय पाया गया कि जो दवाइयाँ पड़ी हुई है वह सभी दवाइयाँ कालातीत हो चुकी है। परन्तु यह ज्ञात नहीं हो पाया कि पड़ी हुई दवाइयाँ कब और किसके द्वारा फेकी गई है। उक्त पडी हुई दवाइयों के इस्तेमाल से जनमानस के जान-माल की हानि हो सकती है। प्रथम दृष्टया अपराधिक कृत्य प्रतीत होता पाया है। जिसको दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक को जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही किए जाने हेतु पत्राचार किया गया है। कालातीत दवाईयों के बेस्ट को निस्तारण हेतु बायो मेडिकल बेस्ट एजेंसी को भेज दिया गया है। सीएमओ ने यह भी कहा कि दवाइयों के बेच नम्बर से उनकी आपूर्ति का पता लगाया जा रहा है और शीघ्र ही पता चल जाएगा कि जन दवाओं की आपूर्ति किस अस्पताल या दुकान को की गई थी। उसके बाद जिम्मेदारी तय करते हुए सम्बंधित के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में कार्रवाई की जाएगी

# सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के मुगल चौराहा में मंगलवार की रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 50 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार थाने के ढोडियाही गांव निवासी चन्द्रपाल का पुत्र गनेश बाइक से किसी काम से जा रहा था। जब वह कोराई मोड़ मुगल चौराहा पर पहुंचा तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

# घोटाले के आरोप में घिरे सिंचाई विभाग के महारथीगण

## जिले के जोगिया ब्लॉक का बहुचर्चित प्रकरण

**समाज जागरण**

सिद्धार्थनगर। जिले के जोगिया ब्लॉक में सिंचाई विभाग का घोटाला इन दिनों सुर्खियों में है, विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार 262 मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाज़िरी से करोड़ों का घोटाला सिंचाई विभाग के जिम्मेदारों के गले की फांस बनी हुई है। बताते चलें कि वर्क कोड 3151/एफ पी/ 95848625582 3456287 एम एस आर नंबर 5339 और वर्क नाम बूढी राप्ती नदी बायें तट पर स्थित एल/बी बांध के किलो मीटर 2.305 से2.550 के मध्य सुदृढीकरण एवं स्लोप कार्य,इस कार्य में 262 मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगाकर



मोटी रकम निकाली जा चुकी है, इतना ही नहीं एक ही फोटो बार बार अपलोड करके भुगतान भी करा लिया गया है, जिससे मनरेगा पोर्टल पर फर्जी काम दिखाया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सिचाई विभाग के जेई और एक्सईएन की मिलीभगत से भ्रष्टाचार का यह पूरा खेला जा रहा है।

कागजों में काम पूरा लेकिन जमीन पर कुछ ही आ रहा है। लोगों का कहना है कि सुदृढीकरण एवं स्लोप के नाम पर यहां केवल भ्रष्टाचार का सुदृढीकरण दिखाई पड़ रहा है। ऐसे में अब सवाल यह भी है कि क्या जिले के जिम्मेदार अधिकारी इस लूट पर ध्यान देंगे या फाइलों में ही दबा दी जाएगी ये सच्चाई। अब देखना यह है कि कब पड़ेगी जिले के उच्च अधिकारियों कि इस घोटाले पर जिम्मेदारों की नजर कब पड़ती है। या फिर जिम्मेदार भी घोटालेबाजों की पंक्ति में शामिल हो जाएंगे।

# भ्रष्टाचार की जद में खेसरहा ब्लॉक का ग्राम पंचायत सिंहोरवा

## मनरेगा मजदूरों की लगायी जाती है फर्जी हाजिरी : सूत्र।



**समाज जागरण**

सिद्धार्थनगर। जनपद के खेसरहा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत सिंहोरवा में मनरेगा योजना से हो रहे कार्यो में सचिव व प्रधान हो रहे मालामाल, मनरेगा योजना में बिना काम किये मास्टर रोल में लगती है हाजिरी। डी सी मनरेगा साहब कब पड़ेगा फर्जी हाजिरी लगाने वालो पर नजर, फर्जी हाजिरी लगाने में खेसरहा ब्लॉक के सचिव,ए पी ओ तकनीक सहायक किसी से कम नहीं हैं। खेसरहा ब्लॉक के ग्राम पंचायतों में चल रहा फोटो का खेल कौन बनेगा लखपति, फर्जी हाजिरी लागने का हब बना खेसरहा ब्लॉक मनरेगा योजना की जमकर उड़ायी जा रही धज्जियां ग्राम पंचायत सिंहोरावा में, मनरेगा योजना के साइडों में एक समय में वही मजदूर काम कैसे कर सकता है। और तो सभी फोटो में वही मजदूर दिखाई दे रहे है पर फर्जी मास्टर रोल बना कर किया जा रहा है फर्जी भुगतान खास बात तो यह है लगाए गए मजदूरों की फोटो में आप देख सकते हैं कि मजदूरों के हाथ में काम करने का कोई फावड़ा नहीं है तो काम कैसे करते होंगे।मनरेगा योजना की महिमा अपार, सचिव, प्रधान ए पी ओ, रोजगार सेवक हो रहे हैं मालामाल, मामला खेसराहा ब्लॉक के ग्राम पंचायत सिंहोरावा में वर्क कोड 315101304 2/आर सी 958486 25582364025 7 एम एस आर नंबर 8336 सीहोरवा के राजस्व ग्राम पिपरहवां में पिच रोड से सामुदायिक शौचालय तक मिट्टी पटान एवं इण्टर लाकिंग खण्ड विकास अधिकारी ए सी कमरे में बैठे बैठे देख रहे भष्ट्राचार का खेल, आप देख सकते हैं 10 लोगों को खड़ा करके बार-बार उसी फोटो को उपयोग में लाया जा रहा है सभी साइडों पर ऑनलाइन अटेंडेंस मजदूरों की संख्या 60252= *21,120 रूपए का डेली सरकार को चुना लगाया जा रहा है ग्राम पंचायत सिंहोरावा मे,सूत्रों के अनुसार प्रधान व सचिव, ऐ.पी.ओ. कि मिलीभगत से मनरेगा योजना में फर्जी हाजिरी लगाकर अपना जेब भर रहे हैं।।

# थाना किशनपुर पुलिस पर युवक ने लगाया गंभीर आरोप

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जनपद के थाना किशनपुर की पुलिस पर भ्रष्टाचार और बर्बरता के गंभीर आरोप लगे हैं। महोली का डेरा मजरे महावतपुर असहट निवासी सोनू प्रसाद पुत्र मोहनलाल ने पुलिस अधीक्षक फतेहपुर को शिकायत पत्र देकर थाना प्रभारी सत्यदेव गौतम, सिपाही विवेक यादव, राजेश तिवारी और एक महिला कांस्टेबल पर जबरन वसूली, गाली- गलौज, मारपीट और फर्जी मुकदमे में फंसाने का आरोप लगाया है। पीड़ित सोनू ने बताया कि मंगलवार को जब वह घर पर नहीं था, तभी थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ उसके घर में दबिश देने पहुंचे। दुकान में रखी 10 पौवा शराब और कुछ पैसे मिलने पर पुलिस ने उसकी पत्नी से बदसलूकी की और उसे पकड़कर थाने ले जाने लगी। रास्ते में जब सोनू पहुंचा और कारण पूछा तो पुलिसकर्मियों ने उसे और उसकी पत्नी दोनों को बेरहमी से पीटा। सोनू का कहना है कि उसकी पत्नी टीबी की मरीज है, और पुलिस की पिटाई से अब हालत गंभीर है। उसने आरोप लगाया कि पुलिस थाने ले जाकर उसे भी पीटती रही, जिससे उसके पूरे शरीर पर लाठी के निशान हैं। सोनू ने बताया कि पुलिस ने ₹30 हजार की मांग की, और पैसे न देने पर गांजा लगाकर फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। जब उसने पैसे नहीं दिए, तो पुलिस ने रातों-रात उसी पर गांजा रखने का केस दर्ज कर दिया। पीड़ित का कहना है कि थाना किशनपुर पुलिस की यह पहली हरकत नहीं है।

हाल ही में गढ़ा क्षेत्र में भी एक पीड़ित पिता से लड़की के बयान और मेडिकल कराने के नाम पर वसूली की गई थी, जो शिकायत के बाद वापस हुई। सोनू प्रसाद ने एसपी से गुहार लगाई है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर थाना प्रभारी सत्यदेव गौतम व संबंधित पुलिस कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि गरीबों को न्याय मिल सके ।

# छत ढहने से वृद्ध महिला की मौत

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम बेनीपुर में छत गिरने से मलबे के नीचे दब कर 74 वर्षीय वृद्ध महिला की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार बेनीपुर निवासी सियाराम की पत्नी कलावती मंगलवार की देरशाम अपने कमरे में लेटी थी। तभी अचानक कच्ची छत ढह जाने से मलबे के नीचे दब गयी। शोर शराब सुनकर परिजन व आस पास के लोगो ने जल्दी-जल्दी मलबा हटाया तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया।

# संदिग्ध अवस्था में महिला की हुयी मौत

## मृतका की बहन ने साथ में रह रहे वृद्ध पर लगाया हत्या का आरोप

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जहानाबाद कस्बा में वृद्ध के साथ रह रही 30 वर्षीय महिला की घर के अन्दर संदिग्ध परिस्थितियों मौत हो गयी। वहीं मृतका की बहन ने साथ में रह रहे वृद्ध पर हत्या का आरोप लगाया है। हादसे के बाद से वृद्ध फरार है। ? जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के जाफरगंज सिठर्रा गांव निवासी गजराज की पुत्री खुशबू पिछले एक वर्षो से जहानाबाद कस्बा निवासी मकसूद के साथ रह रही थी। बताते है कि मंगलवार की सुबह उसकी संदिग्ध अवस्था में मौत हो गयी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। पोस्ट मार्टम हाउस में मृतका की बहन सुशीला ने बताया की उसकी एक साल से मकसूद के साथ कस्बा में रह रही थी। उसने बताया उसकी बहन की हत्या मकसूद ने ही किया है। घटना के बाद से ही वह मौके से फरार है। उसने बताया कि उसके बहन नाक व मत्थे में चोट के निशान हैं वहीं पुलिस का कहना है कि पोस्ट मार्टम रिर्पोट के बाद ही मौत का सही कारण ज्ञात हो सकेगा।

# जिला अधिकारी ने कम्बाइन मालिकों के साथ किया बैठक

## फसल अवशेष प्रबंधन के संबंध में की गई चर्चा

**समाज जागरण**

सिद्धार्थनगर। वर्तमान फसल के अवशेष प्रबंधन के सम्बन्ध में जनपद के कम्बाइन धारको के साथ जिला अधिकारी डाक्टर राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अधिकारी डाक्टर राजा गणपति आर0 ने उपस्थित जनपद के कम्बाइन धारको से कहा कि कम्बाइन के साथ सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम का प्रयोग अवश्य करे। जो कम्बाइन द्वारा काटी गयी फसल के अवशेष को छोटे-छोटे टुकड़ों में करके खेत में विखेर देता है। जिससे फसल अवशेष को आसानी से मृदा में मिलाया जा सकता है। इसके अलावा मल्चर,सुपर सीडर, जीरो टिल सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल का भी प्रयोग



करें। पराली जलाने से वायु प्रदूषण अधिक होता है किसानों से अपील किया गया कि पराली न जलायें उसको खाद के रूप में प्रयोग करें। जिनको पराली की आवश्यकता नहीं है वे गौशाला में दान दे सकते है। खण्ड विकास अधिकारी अपने स्तर से एकत्रित कराकर गौशाला में पुहॅचायेंगे। कम्बाइन हार्वेस्टर का संचालन ठीक ढंग से करने वाले मालिकों को सम्मानित भी किया जायेगा। किसानों को पराली न जलाने हेतु जागरूक करने का निर्देश दिया। उपकृषि निदेशक को निर्देश दिया कि इसका व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार कराये। पराली जलाने वालों पर जुमार्ना लगाया जायेगा।इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त उप कृषि निदेशक राजेश कुमार,जिला कृषि अधिकारी मो0 मुजम्मिल,जिला भूमि संरक्षण अधिकारी,कम्बाइन मालिक आदि मौजूद रहे।

# दीपों के पर्व पर उज्ज्वला की रोशनी, शाहजहांपुर में हुआ प्रतीकात्मक चेक वितरण समारोह

**समाज जागरण**

शाहजहांपुर। दीपावली के शुभ अवसर पर आज कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत निशुल्क रसोई गैस सिलेंडर रिफिल वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ।कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लाइव प्रसारण को देखा-सुना गया, जिसमें उन्होंने पूरे प्रदेश के पात्र परिवारों को उज्ज्वला योजना का यह उपहार समर्पित किया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इस अभियान के लिए कुल 1385.34 करोड़ रुपये का व्ययभार वहन किया गया है, जिससे 1.23




करोड़ पात्र परिवारों को लाभान्वित किया जा रहा है।शाहजहांपुर में इस अवसर पर चयनित लाभार्थियों को प्रतिकात्मक चेक वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार,ददरौल विधायक अरविंद सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह यादव तथा अजय प्रताप सिंह यादव मौजूद रहे।सभी अतिथियों ने लाभार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि दीपावली जैसे पावन पर्व पर यह योजना गरीब परिवारों के लिए खुशियों का दीपक बनकर आई है।

# स्कूटी बनी आग का गोला, स्कूटी सवार बाल-बाल बचे

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**

विष्णुगढ़ ।गोविंदपुर से विष्णुगढ़ मार्ग स्थित नावाटांड़ में बुधवार को चलती स्कूटी में अचानक आग लग गई।स्कूटी सवार समय रहते नीचे गए,जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।गोविंदपुर निवासी रवि कुमार महतो ने बताया स्कूटी से दो लोग किसी काम से विष्णुगढ़ जा रहे थे तभी नावाटांड़ में अचानक



स्कूटी बन्द हो गया दोबारा चालू करने पर स्कूटी से धुआं निकलने लगा और देखते ही देखते आग भड़क उठी।स्कूटी से उठ रही आग की तेज लपटें को देख मौके पर भीड़ जमा हो गई।गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि स्कूटी पूरी तरह जलकर खाक हो गई।

# राज्य स्तरीय स्कूली कबड्डी प्रतियोगिता का आगाज।

शिक्षा विभाग के प्रयासों से स्कूली खेलों का स्तर हर साल बेहतर हो रहा है। इस वर्ष एस जी एफ आई मेडल टैली में झारखंड का 13वां स्थान ह्यखेलो झारखंड की सफलता को दशार्ता है। सोमदत्त दीक्षित ,प्रशासनिक पदाधिकारी,

यहां उपस्थित हर खिलाड़ी चैंपियन है। कबड्डी खेल टीमवर्क, एकाग्रता और त्वरित निर्णय की क्षमता विकसित करता है -धीरसेन ए सोरेंग, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ**
**समाज जागरण हजारीबाग।**

रांची :स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय स्कूली कबड्डी प्रतियोगिता का आज खेलगांव स्थित हरिवंश ताना भगत इंडोर स्टेडियम में भव्य शुभारंभ हुआ। पूरे दिन स्टेडियम में कबड्डी खिलाड़ियों की उमंग, जोश और खेल भावना से उत्सव का माहौल बना रहा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि सोमदत्त दीक्षित, प्रशासनिक पदाधिकारी, स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया थे। विशेष अतिथि के रूप में शिवेंदु दुबे, कोषाध्यक्ष, झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन, गोपाल ठाकुर, अध्यक्ष, झारखंड कबड्डी एसोसिएशन, तथा विपिन कुमार, धीरसेन ए सोरेंग,राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी उपस्थित थे। सभी अतिथियों का स्वागत राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी श्री धीरसेन ए. सोरेंग द्वारा पुष्पगुच्छ, पौधा एवं मोमेंटो देकर किया गया। मौके पर सोमदत्त दीक्षित ने कहा कि, जब से शिक्षा विभाग द्वारा स्कूली खेल



प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, हर वर्ष खिलाड़ियों की भागीदारी और आयोजन का स्तर बेहतर होता जा रहा है। इस वर्ष झारखंड का एस जी एफ आई मेडल टैली में 13वां स्थान इस बात का प्रमाण है कि खेलो झारखंड के तहत उत्कृष्ट कार्य हो रहा है। वहीं, श्री शिवेंदु दुबे ने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित ये प्रतियोगिताएँ झारखंड के खेल भविष्य को नई दिशा दे रही हैं। यह पहल आने वाले समय में राज्य को देश के अग्रणी खेल राज्यों में स्थापित करेगी। स्वागत भाषण में धीरसेन ए. सोरेंग ने कहा कि इस स्टेडियम में उपस्थित हर खिलाड़ी अपने आप में एक चैंपियन है, जिसने लाखों खिलाड़ियों में से चयनित होकर अपने जिले का प्रतिनिधित्व करने का गौरव प्राप्त किया है। कबड्डी ऐसा खेल है जो टीमवर्क, एकाग्रता, सहनशक्ति और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता को विकसित करता है – यही गुण जीवन और करियर दोनों में सफलता की कुंजी बनते हैं। पूरे आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में राज्य खेल कोषांग के सदस्य, प्रतिनियुक्त शारीरिक शिक्षा शिक्षक एवं कबड्डी संघ के सभी अधिकारी पूरे मनोयोग से जुटे रहे। प्रतियोगिता में ग्रामीण अंचलों से आए विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बनता था। दिनभर स्टेडियम में झारखंड की खेल प्रतिभा, जोश और एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला – मानो पूरा झारखंड एक मैदान में उतर आया हो। पहला चक्र के प्रतियोगिता परिणाम अंडर-14 बालक वर्ग : बोकारो ने लातेहार को 60-36 से, पलामू ने गोड्डा को 44-32 से, लोहरदगा ने रामगढ़ को 41-22 से तथा पाकुड़ ने साहिबगंज को 39-17 से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया। अंडर-14 बालिका वर्ग : गढ़वा ने बोकारो को 37-9 से हराया, ईस्ट सिंहभूम को पलामू के विरुद्ध वॉकओवर मिला, रांची ने खूंटी को 41-4 से, दुमका ने देवघर को 46-24 से तथा धनबाद ने लातेहार को 42-5 से पराजित किया। अंडर-17 बालक वर्ग : हजारीबाग ने गोड्डा को 44-24 से, बोकारो ने पाकुड़ को 36-30 से, चतरा ने पलामू को 48-24 से तथा गिरिडीह ने ईस्ट सिंहभूम को 57-24 से हराया। अंडर-17 बालिका वर्गः हजारीबाग ने बोकारो को 41-23 से तथा गिरिडीह ने गुमला को 46-24 से पराजित किया। अंडर-19 बालक वर्ग : कोडरमा ने पाकुड़ को 34-21 से, लातेहार ने पश्चिमी सिंहभूम को 28-25 से, चतरा ने गढ़वा को 46-32 से तथा साहिबगंज ने गुमला को 35-24 से हराया। अंडर-19 बालिका वर्ग : रांची ने हजारीबाग को 53-21 से तथा ईस्ट सिंहभूम ने चतरा को 40-30 से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया।

# संयुक्त शिक्षक संघर्ष मोर्चा संघ के आह्वान पर बालिका उच्च विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी एक दिवसीय हड़ताल पर रहे।

**समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

बड़कागांवः बड़कागांव प्रखंड में संचालित बालिका उच्च विद्यालय बड़कागांव के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी गण संयुक्त शिक्षक संघर्ष मोर्चा संघ के आह्वान पर एकदिवसीय हड़ताल पर रहे । बताते चलें कि संयुक्त शिक्षक संघर्ष मोर्चा संघ के तत्वाधान में झारखंड राज्य के सभी वित्त रहित शैक्षणिक संस्थान 15 अक्टूबर 2025 दिन बुधवार को अपने विभिन्न मांगों को लेकर सभी



शैक्षणिक संस्थानों को एक दिवसीय हड़ताल रखा गया था। वित्त रहित शिक्षण संस्थानों के शिक्षक एवं कर्मचारियों का मांग है कि 75% अनुदान की राशि में बढ़ोतरी कर दिया जाए। साथ ही राज्य के सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए । मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक राम लखन महतो वरिष्ट शिक्षिका विमली कुमारी ,अशोक कुमार ,अख्तर हुसैन, शोभा कुमारी ,कुलदीप कुमार, शंकर महतो ,शंकर राणा , मीना वर्मा , जितेंद्र कुमार , प्रमिला देवी एवं अर्जुन सिंह उपस्थित थे।

# उत्क्रमित उच्च विद्यालय आराभुसाई के तीन विद्यार्थियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन

विद्यालय परिवार और पंचायत स्तर में खुशी की लहर

**अरविंद कुमार यादव सामाज जागरण संवाददाता कटकमसांडी**

खेलो झारखंड 2025-26 के अंतर्गत आयोजित बालक/बालिका वर्ग की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्क्रमित उच्च विद्यालय आराभुसाई के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय ने प्रखंड स्तर पर खो-खो, कबड्डी और एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है।एथलेटिक्स में अंडर-14 वर्ग के लॉन्ग जंप में कृपेश कुमार, चक्का फेंक में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए, वहीं अंडर-17 हाई जंप में विद्यालय ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसी क्रम में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए विद्यालय के तीन छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है ।कृपेश कुमार दांगी (अंडर-14, लंबी कूद), पिताः कृष्ण कुमार दांगी,नीतू कुमारी (अंडर-17, खो-खो बालिका वर्ग), पिताः सुनील मेहता,सिते कुमारी (अंडर-17, खो-खो बालिका वर्ग), पिताः शंकर दांगी तीनों छात्र-छात्राएँ अब राज्य स्तर पर





विद्यालय और प्रखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी।उत्क्रमित उच्च विद्यालय आराभुसाई के शारीरिक शिक्षा शिक्षक कुंवर प्रसाद, प्रभारी प्रधानाध्यापक महेंद्र कुमार तथा समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह मेहनत, अनुशासन और टीमवर्क का परिणाम है।इस उपलब्धि पर पूरे पंचायत में खुशी का माहौल है। बधाई देने वालों में पंचायत के मुखिया आदित्य दांगी, पंचायत समिति सदस्य ताज मोहम्मद, प्रतिनिधि इंद्रदेव यादव, समाजसेवी सुभाष दांगी, कैलाश यादव, रूपदेव यादव, शाशी यादव, संदीप मुंडा, कपिल दांगी, अध्यक्ष संगीत देवी, सबनम बेगम, मनोज कुमार एवं रंजन कुमार शामिल हैं। सभी ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की और आगे भी हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# त्योहारों से पूर्व हजारीबाग प्रेस क्लब पहुंचीं समाजसेवी सह भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता

पत्रकारों से की मुलाकात, दीप जलाकर दिया शुभकामना

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ**
**समाज जागरण हजारीबाग।**

हजारीबाग। आगामी दीपावली और छठ महापर्व को देखते हुए बुधवार को समाजसेवी सह भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता हजारीबाग प्रेस क्लब पहुंचीं। उन्होंने वहां उपस्थित पत्रकारों से मुलाकात की और सांकेतिक दीप जलाकर शुभकामना दिया।

इस अवसर पर शेफाली गुप्ता ने कहा कि पत्रकार समाज के चौथे स्तंभ हैं, जो निडर होकर समाज में सत्य और असत्य के बीच का अंतर जनता तक पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा पत्रकारों के लिए हर दिन एक समान होता है। चाहे त्योहार हो या कोई विशेष अवसर, वे समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाते हैं।




शेफाली गुप्ता ने प्रेस क्लब के सभी सदस्यों को आगामी त्योहारों की शुभकामनाएं दीं और उनके निरंतर समर्पण की सराहना की। इस मौके पर हजारीबाग प्रेस क्लब के अध्यक्ष मुरारी सिंह, सचिव विस्मय अलंकार, वरिष्ठ पत्रकार अर्जुन सोनी समेत सहित वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित रहे। अध्यक्ष मुरारी सिंह ने कहा कि पत्रकारों का कार्य निरंतर चलता रहता है। पत्रकारों के लिए सारे दिन एक समान होते हैं – चाहे वह त्योहार का दिन हो या सामान्य कार्यदिवस, उन्होंने कहा।यह मुलाकात पत्रकारों और समाजसेवियों के बीच आपसी सहयोग और सम्मान का प्रतीक बन गई। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर स्वच्छ, शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने का संकल्प लिया।

# तीन दिवसीय शुकर पालन प्रशिक्षण संपन्न, 25 किसानों ने भाग लिया।

**समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

बड़कागांव पूर्वी पंचायत अंतर्गत भगवान बागी स्थित नकुल महतो के शुकर फॉर्म में तीन दिवसीय शुकर पालन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रखंड के 25 शुकर पालकों ने भाग लिया ।जिसमें प्रशिक्षक नकुल महतो ने शुकरों के पालन से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां सुकर पलकों को दी। समापन के दिन सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शुकर पलकों को प्रमाण पत्र दिया गया ।नकुल महतो ने बताया कि प्रशिक्षण में कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई जिससे शुकरो की रखरखाव पर विशेष प्रशिक्षण दिया



गया। शुकर पालन से कई लोग अपनी जीविका चला रहे हैं, परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। रोजगार के लिए शुकर पालन भी एक बेहतर विकल्प है ।मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से बाबू राम ,सुरेंद्र उरांव ,प्रेम कुमार नागवंशी ,उमेश कुमार ,समर्पण बागे ,विजय हसदा , जोगिंदर हसदा ,रामचंद्र गंझु, रूपेश कुमार, अभिषेक कुमार ,तेजनाथ कुमार ,अशोक भुईंया,निराली कुमारी ,रामचंद्र कुमार ,मनोहर गंझु, अनिकेत टेटे, बासुकी पीयूष, सोलोमन ,कृष्ण कुमार, नरेश गंझु,सुनील कछप एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# एनएमएल पकरी बरवाडीह के द्वारा जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय में नवनिर्मित शौचालय का उद्घाटन अनिता दास ने किया

**कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

बड़कागाँव : सामाजिक विकास उत्तरदायित्वों के तहत स्वच्छता एवं स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एनएमएल पकरी बरवाडीह द्वारा गुरुदयाल महतो बालिका उच्च विद्यालय बड़कागाँव में नवनिर्मित शौचालय का आज उद्घाटन किया गया ।उद्घाटन जागृति महिला समिति की अध्यक्ष अनिता दास ने किया ।विद्यालय की छात्राओं , शिक्षकों एवं स्थानीय समुदाय के सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में बताया गया कि यह पहल छात्राओं को स्वच्छ एवं सुरक्षित शौचालय सुविधा प्रदान करेगी, जिससे उन्हें अध्ययन के दौरान होने वाली कठिनाइयों से राहत मिलेगी ।कार्यक्रम के दौरान कमला राम रजक वरिष्ठ प्रबंधक (सीएसआर), अरसद जमाल वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल), बिदिशा पॉल, वरिष्ठ प्रबंधक (सी एंड एम) तथा महिला क्लब की कई वरिष्ठ सदस्याएँ उपस्थित थी ।यह पहल एनएमएल पकरी बरवाडीह की आस-पास के समुदायों में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के क्षेत्र में सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ती



है ।वहीं मौके पर विद्यालय के सचिव सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा, प्रधानाध्यापक राम लखन महतो , पूर्व प्रधानाध्यापिका मालती कुमारी , वरिष्ठ शिक्षिका विमली कुमारी , अशोक कुमार , अख्तर हुसैन , शोभा कुमारी , कुलदीप कुमार , शंकर महतो , शंकर राणा , मीना वर्मा , जितेंद्र कुमार , प्रमिला देवी , अर्जुन सिंह एवं विद्यालय के बालिकाएं उपस्थित थे।

# रामकृष्ण मिशन विवेकानंद यूनिवर्सिटी के कृषि एवं ग्रामीण विकास विभाग के छात्रों द्वारा जंगल बचाओ अभियान चलाया गया

**समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

बड़कागांव प्रखंड के कांडतरी गांव में रामकृष्ण मिशन विवेकानंद यूनिवर्सिटी के कृषि एवं ग्रामीण विकास विभाग के छात्रों द्वारा जंगल बचाओ अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों को जंगलों के महत्व के बारे में जागरूक करना था। छात्रों ने ग्रामीणों को बताया कि पेड़ हमारे जीवन के लिए कितने आवश्यक हैं। यह न केवल हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं बल्कि जलवायु को भी संतुलित रखते हैं। जंगलों की कटाई से पर्यावरण में असंतुलन पैदा होता है। ग्रामीणों से अपील की गई कि वे पेड़ काटने से बचें और अधिक से अधिक पेड़ लगाएं ।कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने नारे लगाए – जंगल बचाओ, जीवन बचाओ तथा पेड़ लगाओ, धरती



सजाओ। गाँव की महिलाएँ, युवा और बच्चे इस अभियान में शामिल हुए। सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि वे अपने आस-पास के जंगलों की रक्षा करेंगे और हर वर्ष वृक्षारोपण करेंगे। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से कांडतरी वन समिति अध्यक्ष तूलेश्वर महतो, शिक्षक कुलेश्वर महतो, आशा कुमारी, मनीषा कुमारी, शिमला कुमारी और दिव्या मेहता उपस्थित थे।

# दारू पुलिस ने स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण**
**संवाददाता अप्पू यादव**

दारू : - दारू थाना पुलिस ने एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, सदर थाना कांड संख्या 65/07, जी.आर. संख्या 291/07, धारा 448, 341, 323, 504, 34 भा.दं.वि. के तहत वांछित गौतम कुमार उर्फ गौतम कुमार सिंह, पिता मनेश कुमार सिंह, ग्राम चोरिया, थाना दारू, जिला हजारीबाग निवासी को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

गिरफ्तारी के बाद आरोपी को आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था।

# उपायुक्त हेमंत सती ने किया छठ घाटों का निरीक्षण, सुरक्षा और साफ-सफाई के दिए निर्देश

बिजली घाट , शंकुतला घाट और मुक्तेश्वर घाट सुरक्षित घोषित, ओझा टोली घाट असुरक्षित चिन्हित

**समाज जागरण**
**संवाददाता पृथ्वीराज सरकार**

आगामी महापर्व छठ पूजा को लेकर जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त साहिबगंज हेमंत सती ने बुधवार को साहिबगंज जिले के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त द्वारा बिजली घाट, शंकुतला घाट, मुक्तेश्वर घाट,



ओझाटोली घाट, चानन घाट एवं कबूतर खोपी घाट का निरीक्षण किया गया ।इस दौरान उन्होंने गंगा नदी के जलस्तर, घाटों की भौगोलिक स्थिति तथा सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को साफ-सफाई, बेरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, अतः प्रत्येक घाट पर सभी मानकों का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए। गंगा नदी के जलस्तर एवं स्थल निरीक्षण के आधार पर बिजली घाट, शंकुतला घाट एवं मुक्तेश्वर घाट को सुरक्षित घाट के रूप में चिन्हित किया गया है। वहीं अधिक जलस्तर एवं मिट्टी कटाव के कारण ओझाटोली घाट को असुरक्षित घाट घोषित किया गया है, जहां छठ पूजा का आयोजन न करने की सलाह दी गई है। वही उपायुक्त हेमंत सती ने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए घाटों की तैयारी समय पर पूरी करें ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने पुलिस प्रशासन को भी निर्देश दिया कि भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था एवं आपातकालीन सेवाओं की तैनाती की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि महापर्व छठ शांति, श्रद्धा और सुरक्षा के साथ सम्पन्न हो सके। मौके पर अपर समाहर्ता,नगर प्राशासन सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# दारू थाना क्षेत्र में एनडीपीएस एवं यातायात नियमों को लेकर जागरूकता अभियान

**दैनिक समाज जागरण**
**संवाददाता अप्पू यादव**

दारू : -दारू थाना क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय दिग्वार में पुलिस की ओर से एनडीपीएस (नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस) एक्ट के दुष्प्रभावों एवं यातायात नियमों के पालन को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को शिक्षकों की उपस्थिति में मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही छात्रों को बताया गया कि नशे की लत न केवल व्यक्ति का भविष्य बर्बाद करती है, बल्कि परिवार और समाज पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है ।कार्यक्रम के दौरान यातायात नियमों का पालन करने के लिए भी प्रेरित किया गया ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि इस




तरह के अभियान आगे भी निरंतर चलाए जाएंगे ताकि युवाओं में नशे के प्रति जागरूकता और अनुशासन की भावना विकसित हो।

# सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान के तहत 21वाँ जत्था अमनारी पंचायत से हुआ रवाना

सांसद पुत्र करण जायसवाल सहित सांसद प्रतिनिधियों ने पुष्प वर्षा कर 65 तीर्थयात्रियों को किया रवाना

क्षेत्र के जरूरतमंद बुजुर्गों के तीर्थाटन के अरमान को पूरा कर रहा है यह यात्रा : करण जायसवाल

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ**
**समाज जागरण हजारीबाग।**

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल बुजुर्गों के सम्मान में चलाए जा सांसद तीर्थ दर्शन



महाअभियान के तहत बुधवार को हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अमनारी से 21वां जत्था रवाना तीर्थाटन के लिए रवाना हुआ। इससे पहले हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र से सफलतापूर्वक 20 जत्थे अलग-अलग पवित्र स्थानों की यात्रा कर चुके हैं। मंगलवार को बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के सुपुत्र करण जायसवाल सहित सांसद प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, किशोरी राणा, द्वारिका सिंह उर्फ खोखा सिंह, लब्बू गुप्ता, दामोदर साव, अनूप ठाकुर, बलदेव बाबू, भाजपा सदर पूर्वी मंडल अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि कृष्णा मेहता, भाजपा पश्चिमी सदर मंडल अध्यक्ष रणधीर पांडेय, दारू भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा, भाजपा नेता महेंद्र राम बिहारी, जुगनू सिंह, महेश प्रसाद, अजीत सिंह, कौलेश्वर रजक, प्रमोद सिंह, राजकुमार महतो, प्रेम यादव, उमेश प्रसाद मेहता सहित अन्य सैकड़ों गणमान्य लोग शामिल हुए और अमनारी पंचायत से 65 श्रद्धालु यात्रियों के समूह पर पुष्प वर्षा कर उन्हें तीर्थ यात्रा के लिए विदा किया। कई यात्रियों का पाँव भी करण जायसवाल सहित अन्य लोगों ने पाखरा। इस दौरान पूरे क्षेत्र में जय श्री राम के नारे साथ सांसद मनीष जायसवाल के नारे जयकारे से गुंजायमान हो उठा ।

करण जायसवाल ने तीर्थ यात्रियों के सुखद यात्रा की ईश्वर से कामना की साथ ही कहा कि यह महाअभियान क्षेत्र के जरूरतमंद बुजुर्गों के तीर्थाटन के अरमान को पूरा कर रहा है और उन्हें उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध तीर्थस्थल अयोध्या, विंध्याचल, वाराणसी और प्रयागराज का यात्रा कराया जा रहा है ।

## कोचाधामन-ग्राम पंचायत राज डेरामारी का कार्यपालक सहायक कार्यालय से लगातार अनुपस्थित, उपस्थिति विवरण स्वीकृत

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



कोचाधामन प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायतों में कार्यालय सहायकों की अनुपस्थिति से ग्रामीण परेशान हैं। ऐसे कर्मी अपनी हाजिरी बनवाने में भी सफल हो रहे हैं। यह जानकारी वीडियो कार्यालय के सूत्रों ने दी और बताया कि कार्यपालक सहायक ग्राम पंचायत डेरामारी श्रीमती गुड़िया कुमारी ग्राम पंचायत कार्यालय में लगातार अनुपस्थित चल रहीं हैं। ग्राम पंचायत के लोग वहां का आरटीपीएस केंद्र बंद रहने से प्रतिदिन वापस लौट रहे हैं। वहीं वृद्धजन जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र और अनेक प्रकार के कार्यों के लिए भटक रहे हैं। इस संदर्भ में ग्रामीणों ने भी बताया कि कार्यलय सहायक श्रीमती गुड़िया कुमारी ग्राम पंचायत कार्यालय में अनुपस्थित रहतीं हैं। लोगों ने यह भी बताया:ग्राम पंचायत कार्यालय आए बिना कार्य किए बिना,सूचना दिए बिना वे अनुपस्थित रहतीं हैं। फिलहाल उनकी उपस्थिति का विवरण सीधे प्रखंड कार्यालय में जमा किया जा रहा है । विगत कई माह से यह सिलसिला चल रहा है। वेतन का भुगतान जारी है। वही मुखिया शाहबाज आलम, ग्राम पंचायत राज डेरामारी ने बताया कि ऐसे कार्यपालक सहायक और सभी पंचायत कर्मी जो ग्राम पंचायत कार्यालय में पदस्थापित हैं और वह ग्राम पंचायत कार्यालय में आयेंगे ही नहीं तो फिर पंचायत सरकार भवन,कार्यालय और अन्य ताम झाम किस लिए! मुझे अनुभव हो रहा है की पंचायत कर्मी पंचायत के लोगों के लिए लिए उत्तरदायी नहीं है !

## जन सुराज ने पालीगंज विधानसभा सीट से डॉ श्याम नंदन शर्मा को बनाया प्रत्यासी

### प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जनता से मांगा समर्थन

**दैनिक समाज जागरण**



पटना/ जिले के पालीगंज विधानसभा सीट संख्या 190 से जन सुराज ने डॉ श्याम नंदन शर्मा को अपना अधिकृत उम्मीदवार घोषित किया है। उनके नाम की घोषणा 15 अक्टूबर को पार्टी अध्यक्ष उदय सिंह के द्वारा की गई। टिकट की औपचारिक घोषणा के बाद डॉ. श्याम नंदन शर्मा ने बुधवार को अपने आवास पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वे जन सुराज के सिद्धांतों और प्रशांत किशोर के नेतृत्व में बिहार के विकास के लिए समर्पित रहेंगे। डॉ. श्याम नंदान ने कहा कि जन सुराज सिर्फ एक पार्टी नहीं, बल्कि लोगों की आवाज और व्यवस्था परिवर्तन का आंदोलन है। हम हर घर तक जन सुराज के मुद्दे, विचार और संकल्प लेकर जाएंगे। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और भ्रष्टाचारमुक्त शासन हमारे प्रमुख एजेंडे रहेंगे। इस प्रेस वार्ता में जन सुराज पार्टी के कई स्थानीय पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे जिन्होंने श्याम नंदन को बधाई दी और पालीगंज में पार्टी को मजबूती से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## पटना पुलिस ने किया 12 तस्करो को गिरफ्तार

### हेरोइन, गांजा और शराब बरामद

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले की पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान के तहत बीते 24 घंटे में विभिन्न थाना क्षेत्रो में संयुक्त कार्रवाई करते हुए 12 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने छापेमारी के दौरान हेरोइन, गांजा और विदेशी शराब की बड़ी खेप जब्त की है। जानकारी के अनुसार पटना जिले के फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र में जंगली पीर मजार के पास पांच आरोपितों को 24 पुड़िया हेरोइन (ब्राउन शुगर) के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में बब्लू पासवान, ओमजी कुमार पाठक, मो. रिजवान, मो. सलीम और रामकुमार शामिल हैं। बेऊर थाना क्षेत्र में आदर्श केंद्रीय कारा के गेट पर चिकु कुमार उर्फ रौशन कुमार को 150 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। जानीपुर थाना क्षेत्र के महंगूपुर गाँव में अहिला देवी को 94 ग्राम गांजा के साथ पकड़ा गया। वही पियरपुरा थाना क्षेत्र के अतौला गाँव में शंकर कुमार उर्फ रविशंकर कुमार को 1.175 किलोग्राम गांजा (बाल्टी सहित) और 85.125 लीटर विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। यहाँ से कुल 390.125 लीटर देशी और विदेशी शराब जब्त की गई। नगर पुलिस अधीक्षक पटना (पश्चिमी) भानु प्रताप सिंह ने बताया कि

गिरफ्तार सभी आरोपितों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि नशे के सौदागरों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे तत्वों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## जेमको छठ घाट, मनिफिट ओड़िया बस्ती छठ घाट तथा प्रेमनगर छठ घाट का निरीक्षण किया।

**दैनिक समाज जागरण**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**



आज जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा के विधायक श्री सरयू राय के निदेर्शानुसार जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के प्रतिनिधिमंडल ने पार्टी जिलाध्यक्ष श्री सुबोध श्रीवास्तव के नेतृत्व में जेमको छठ घाट, मनिफिट ओड़िया बस्ती छठ घाट तथा प्रेमनगर छठ घाट का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सबसे खराब स्थिति मकदम छठ घाट की पाई गई। हजारों की आबादी वाले इस क्षेत्र का छठ घाट जर्जर अवस्था में है, जिससे छठ पर्व के दौरान किसी भी समय दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जिला प्रशासन एवं जेएनएसी को कई बार लिखित आवेदन देने के बावजूद अब तक घाट की मरम्मत व आवश्यक सुधार कार्य नहीं किए गए हैं। जदयू प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मकदम छठ घाट सहित सभी प्रमुख घाटों पर छठ पर्व से पूर्व आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जाएँ। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए घाटों पर पर्याप्त सुरक्षा बल की तैनाती, संपूर्ण प्रकाश व्यवस्था, साफ- सफाई, तथा महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम की समुचित व्यवस्था की जाए। साथ ही डेंजर जोन का स्पष्ट चिन्हीकरण एवं गोताखोरों की तैनाती भी आवश्यक है, ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके।

निरीक्षण के दौरान जदयू जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष अजय कुमार, युवा जिलाध्यक्ष निरज सिंह, मजदूर प्रतिनिधि अमित शर्मा , छठ घाट कमिटी के हरि जी, सोनू झा जी, बिपिन जी, नवीन जी, पूछो जी, अमरेश जी, दीपक जी, दीपू जी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय बस्तीवासी उपस्थित थे।

## अवैध बालू परिवहन के विरुद्ध जिला प्रशासन की सख्त कार्रवाई

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**






ईचागढ़ः उपायुक्त नितिश कुमार सिंह के निदेशानुसार दिनांक 14 अक्टूबर, 2025 मंगलवार को जिला खनन विभाग की टीम द्वारा चांडिल थाना पुलिस बल के सहयोग से टाटा-रांची मुख्य मार्ग पर औचक निरीक्षण अभियान संचालित किया गया।

निरीक्षण के दौरान एक हाइवा वाहन (संख्या – JH01BT–8654) को अवैध रूप से बालू का परिवहन करते हुए पकड़ा गया। वाहन को विधिवत जप्त कर चांडिल थाना को सुपुर्द किया गया। इस मामले में वाहन मालिक एवं चालक के विरुद्ध नियमानुसार प्राथमिकी दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई आरंभ की गई है। उपायुक्त ने कहा कि जिले में अवैध बालू खनन एवं परिवहन के विरुद्ध प्रशासन की जीरो टॉलरेंस नीति जारी रहेगी। उन्होंने खनन विभाग तथा सभी थानों को निर्देश दिया है कि ऐसे मामलों में नियमित रूप से संयुक्त टीम बनाकर औचक जांच अभियान चलाएँ तथा दोषियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करें।

जिला खनन पदाधिकारी श्री ज्योति शंकर सतपथी द्वारा बताया गया कि इस अभियान का उद्देश्य अवैध खनन पर नियंत्रण के साथ-साथ प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को सुनिश्चित करना है। आमजन से भी अपील की गई है कि अवैध खनन या परिवहन की किसी भी सूचना की जानकारी तत्काल जिला प्रशासन या निकटतम थाने को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## दो तस्कर गिरफ्तार, 50 लाख से अधिक की मादक सामग्री, विदेशी मुद्रा एवं चाँदी बरामद

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



पुलिस द्वारा भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में अवैध गतिविधियों शराब एवं अन्य मादक पदार्थों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में एसएसबी 41 वीं वाहिनी बी कम्पनी के साथ संयुक्त अभियान में पुलिस अधीक्षक को सूचना प्राप्त हुई कि किशनगंज जिला के गलगलिया थाना अंतर्गत ग्राम लकड़ी डिपो भटगाँव में मो. सौरभ एवं मो. के द्वारा घर में अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर का खरीद-ब्रिकी किया जा रहा है। उक्त सूचना की गंभीरता को देखते हुए आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक के अनुश्रवण में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-2, के नेतृत्व में गलगलिया थाना एवं एसएसबी 41वीं वाहिनी के साथ एक संयुक्त टीम का गठन किया गया, गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए योजनाबद्ध तरीके से गलगलिया थाना क्षेत्र के लकड़ी डिपो भटगाँव स्थित ठिकाने पर छापेमारी किया गया, इस दौरान दो व्यक्ति को पकड़ा गया, पूछताछ में उन्होंने अपना नाम मो. सौरभ उर्फ सोहराब एवं मो. मुश्ताक दोनों साकिन-गलगलिया, लकड़ी डिपो, भटगाँव, थाना-गलगलिया, जिला-किशनगंज बताया और स्वीकार किया कि वह ब्राउन शुगर के गोरख धंधे में शामिल है, पुलिस द्वारा मौके से तथा गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर 11 पैकेट में 1.192 किलोग्राम ब्राउन शुगर जैसा मादक पदार्थ जिसका मार्केट वैल्यू लगभग 47 लाख 68 हजार रूपया, 83,199 भारतीय मुद्रा, 4,51,175 नेपाली मुद्रा, 09 मोबाइल फोन, 17 स्ट्रिप नाइट्राजेपाम टैबलेट, 02 वजन मशीन तथा 60 ग्राम चाँदी जिसका मार्केट वैल्यू लगभग 11 हजार 400 सौ रूपया को बरामद किया गया, उल्लेखनीय है इस संदर्भ में गलगलिया थाना में सुसंगत धाराओं के तहत कांड दर्ज कर अग्रतर कारवाई की जा रही हैं। संलिप्त अन्यअभियुक्त के विरूद्ध छापामारी की जा रही हैं तथा कांड का अनुसंधान जारी है।

## आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के दौरान सघन वाहन जांच में नौ लाख रुपये नगद बरामद

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दृष्टिगत आदर्श आचार संहिता के अनुपालन एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु पुलिस अधीक्षक सागर कुमार के निदेर्शानुसार जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में निरंतर सघन वाहन जाँच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में किशनगंज नगर क्षेत्र के रामपुर चौक के पास दिवा में



वाहन चेकिंग के दौरान एक कार सवार व्यक्ति नाम मो. साबीर साकिन-गछगड़िया थाना अमौर जिला-पर्णियों के पास से नौ लाख रुपये नगद बरामद किया गया। बरामद राशि के संबंध में जब उनसे वैध कागजात / प्रमाण प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया, तो वे न तो कोई दस्तावेज दिखा सके और न ही कोई संतोषजनक उत्तर दे पाए। तत्पश्चात बरामद नगद राशि को विधिसम्मत प्रक्रिया के अंतर्गत जब्ती सूची बनाकर जब्त किया गया एवं इस संबंध में निवार्ची पदाधिकारी तथा अंचलाधिकारी, किशनगंज को सूचित किया गया है।

## नबीनगर में छठ पूजा सेवा समिति की बैठक : मांगे आम नागरिकों से सुझाव

**दैनिक समाज जागरण**
**अनील कुमार संवाददाता**
**नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार) मंगलवार की रात्रि में नबीनगर के शनिचर बाजार स्थित दुर्गा चौक पर छठ पूजा को लेकर छठ पूजा सेवा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन डॉ अशोक कुमार ने किया।जिसमें आम नागरिकों से सुझाव मांगे गए। वहीं बैठक में आम नागरिकों ने महत्वपूर्ण सुझाव रखे जिसे स्वीकार किया गया।बैठक में पिछले वर्ष की आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया। वहीं बैठक में गत वर्ष की भांति नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बिपिन सिंह की अध्यक्षता में बनी कमिटी को पुनः इस वर्ष के लिए सर्वसहमति से अनुमोदित किया गया।बैठक में छठ पूजा के सफल आयोजन के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई।इस दौरान पुनपुन नदी और छठ घाट की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाएगा। छठ पूजा के दौरान घाट सहित नगर के सभी प्रमुख गलियों में रौशनी की व्यवस्था की जाएगी। छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।छठ पूजा के दौरान लगने वाले मेले के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जाएंगी वहीं पूजा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की व्यवस्था की जाएगी। छठ व्रतियों के लिए विशेष सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।बाहर से आए छठ व्रतियों के लिए ठहरने की पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी। वहीं छठ घाट का सौन्दर्यीकरण और गंगा आरती की विशेष व्यस्था किया जायेगा।बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने आश्वासन दिया कि पुलिस मेला क्षेत्र में हर संभव सहायता पूजा कमिटी को करने के लिए तैयार है।पूजा समिति ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे छठ पूजा के दौरान सहयोग करें और व्यवस्था बनाए रखने में मदद करें।बैठक के अंत में बिपिन सिंह ने बैठक में सभी आगंतुकों को धन्यवाद दिया और आश्वासन दिया कि छठ पूजा में श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने सभी से सहयोग की अपील की है । मौके पर मुखिया अम्बरीष प्रधान,पूर्व नगर अध्यक्ष राजेश्वर प्रसाद अग्रवाल, वार्ड पार्षद अजय प्रसाद, मुरारी सिंह, इंदल सिंह, ओबिंद राम, विकास कुमार,, ओम प्रकाश अग्रवाल, विनोद दास, सुनील बोस,, कामता प्रसाद, सुशील बरेलिया,गुलाम मोहम्मद ,शमशाद ,दीपक चंद्रवंशी, धर्मवीर सिंह,राजेश कुमार सिंह ,रामजीत शर्मा सहित बड़ी संख्या में अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## पटना पुलिस ने चलाया जुआरियों के खिलाफ विशेष अभियान

### 16 जुआरी गिरफ्तार ताश-पतों और नगद हुआ बरामद

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के बिभिन्न थाना क्षेत्र में पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर 16 जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया जिसकी जानकारी पटना पश्चिमी सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है। जिसके अनुसार बिहटा और बेऊर थाना क्षेत्रों में छापेमारी के दौरान ताश के पत्तों के बंडल, मोबाइल, मोटरसाइकिल और नगद राशि जब्त की गई। वही बेऊर थाना क्षेत्र के चिल्लवीली मोड़ के पास एक मकान में छापेमारी के दौरान 6 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 5 ताश के बंडल और 5,900 रुपये नगद बरामद हुए। बेऊर थाना कांड संख्या 592/25, धारा 318(4) भारतीय दंड संहिता 2023 एवं धारा 11 बंगाल जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। जबकि बिहटा थाना क्षेत्र के आन्नदपुर और राय डीह के पास छापेमारी में 8 आरोपित गिरफ्तार किए गए। इनके कब्जे से 26,000 रुपये नगद, ताश का बंडल और 5 मोबाइल जब्त किए गए। इसके अलावा मोटरसाइकिल तीन बरामद हुई। इस मामले में बिहटा थाना कांड संख्या 798/25, धारा 6 बंगाल जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि अभियान में शामिल टीम में बिहटा थाना के सह थानाध्यक्ष रंजीत कुमार, राजू कुमार सिंह, भावना कुमारी, नितिश कुमार और सशस्त्र बल शामिल थे, जबकि बेऊर थाना दल में सह थानाध्यक्ष राजीव कुमार, धर्मेन्द्र कुमार राय और सशस्त्र बल शामिल रहे।

नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) पटना ने बताया कि जुआ के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और अपराधियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।

## मतदान एवं सुरक्षा कर्मियों को मिलेगी कैशलेस चिकित्सा सुविधा, जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सरकारी एवं निजी अस्पताल प्रबंधकों के साथ की बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**दैनिक समाज जागरण**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**



निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार 45-घाटशिला (अ.ज.जा) विधान सभा उपचुनाव-2025 के दौरान निर्वाचन कार्य में संलग्न मतदान कर्मियों एवं सुरक्षा बलों को आकस्मिक बीमारी या दुर्घटना की स्थिति में कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस संबंध में समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारीझसहझउपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में जिले के सरकारी एवं निजी अस्पतालों के प्रबंधकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में रूरल एसपी श्री ऋषभ गर्ग, उप विकास आयुक्त श्री नागेन्द्र पासवान, सिविल सर्जन डॉ साहिर पाल, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती प्रियंका सिंह, जिला स्वास्थ्य समिति के पदाधिकारी, अनुमंडल अस्पताल तथा सीएचसी प्रभारी एवं निजी अस्पतालों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में शामिल प्रत्येक मतदान एवं सुरक्षा कर्मियों की स्वास्थ्य सुरक्षा जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। सभी अस्पताल यह सुनिश्चित करें कि किसी भी आकस्मिक स्थिति में बिना विलंब के कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए, चाहे वह सरकारी हो या निजी अस्पताल। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि अस्पतालों में आवश्यक चिकित्सकीय संसाधन, दवाइयां एवं चिकित्सक दल की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। सभी सरकारी एवं निजी अस्पतालों को निर्वाचन अवधि में 247 आपातकालीन सेवा के लिए अलर्ट मोड पर रखा जाए। सभी अस्पताल जिला नियंत्रण कक्ष एवं स्वास्थ्य विभाग से सीधा समन्वय बनाए रखें। कैशलेस उपचार के उपरांत संबंधित बिल/विपत्र जिला प्रशासन को उपलब्ध कराया जाए, जिसपर विभागीय प्रक्रिया पूर्ण कर भुगतान किया जाएगा। इस सुविधा में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता पाए जाने पर संबंधित पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी ।

## जेएमडी क्लब पेंक द्वारा आयोजित पाँच दिवसीय फुटबॉल महाकुम्भ का हुआ आगाज।

**भुनेश्वर कुमार महातो , संवाददाता-समाज जागरण**



बेरमो / डुमरी : बेरमो अनुमण्डल क्षेत्र नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट स्थित हाईस्कूल फुटबॉल मैदान पेंक में जेएमडी क्लब पेंक के द्वारा आयोजित पांच दिवसीय फुटबॉल महाकुम्भ का आगाज बुधवार को किया गया। प्रतियोगिता का उद्धघाटन डुमरी विधायक टाइगर जयराम कुमार महतो, जेएलकेएम प्रखण्ड अध्यक्ष देवनारायण महतो, आजसू नेता प्रमेश्व महतो ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त एवं बॉल को किक मार कर किया। उद्धघाटन मैच जूनियर एफसी क्लब उच्चाघना वनाम बोडेया बस्ती कथारा के बीच खेला गया। जिसमें बोडेया बस्ती कथारा की टीम खेल में एक गोल मारकर विजेता बने। वही खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए डुमरी विधायक टाइगर जयराम कुमार महतो ने कहा कि खेल को हमेशा खेल की भावनाओं से खेलना चाहिए। खेल में कोई हार जीत नहीं होता हैं,आज हारने वाला टीम दूसरे मैदान पर जीत जाती है। फुटबॉल खेलने से शारीरिक और मानसिक दोनों का विकास होता हैं। खिलाडी को प्रत्येक दिन दो घंटा अभ्यास करना चाहिए जिससे खेल के प्रति उसका रूचि बने रहे एवं उसका शरीर स्वस्थ रहे । इस मौके पर विधायक निजी सचिव संजय कुमार महतो, मोतीलाल महतो - जेएलकेएम केंद्रीय उपाध्यक्ष, मिश्रीलाल महतो-आजसू प्रखण्ड अध्यक्ष, जानकी महतो-जेएलकेएम जिला प्रवक्ता, गुरुप्रसाद पटेल - पसस प्रतिनिधि,भुनेश्वर राम तुरी, सरयू पांडेय, दीपक कुमार शर्मा, सुरेंद्र कुमार (मीडिया प्रभारी जेएमएम) , बबलू तुरी सहित कमेटी के सदस्य व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## समाहरणालय स्थित समाज कल्याण विभाग परिसर में हुआ शिशुपालना गृह का उद्घाटन

### शिशुपालना गृह की स्थापना जिला प्रशासन की एक सराहनीय पहल : आराधना पटनायक

### शिशुपालना गृह का उद्घाटन महिला अनुकूल कार्यस्थल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है : उपायुक्त।

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ समाज जागरण हजारीबाग।**

हजारीबागः समाहरणालय स्थित समाज कल्याण विभाग परिसर में आज शिशुपालना गृह का विधिवत उद्घाटन भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव सह नीति आयोग की केंद्रीय प्रभारी पदाधिकारी श्रीमती आराधना पटनायक द्वारा किया गया। इस अवसर पर आराधना पटनायक ने कहा कि शिशुपालना गृह की स्थापना जिला प्रशासन की एक सराहनीय पहल है, जिससे कामकाजी महिलाओं को अपने शिशुओं की देखभाल की चिंता किए बिना कार्यालयीन कार्यों में दक्षता से योगदान देने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था महिला कर्मचारियों के साथ-साथ जनता दरबार में आने वाली महिलाओं के लिए भी अत्यंत उपयोगी एवं सुविधाजनक सिद्ध होगी। अब वे भी अपने बच्चों को इस शिशुपालना गृह में सुरक्षित वातावरण में खेलने और समय बिताने हेतु रख सकती हैं। समाहरणालय परिसर में महिलाओं की सुविधा के लिए स्तनपान कक्ष की भी व्यवस्था की गई है। इस कक्ष में माताओं के लिए एक स्वच्छ, सुरक्षित एवं निजी वातावरण उपलब्ध कराया गया है, जहाँ वे अपने शिशुओं को सहज रूप से स्तनपान करा सकती हैं। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने कहा कि "शिशुपालना गृह का उद्घाटन महिला अनुकूल कार्यस्थल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। माताएँ अब अपने बच्चों को सुरक्षित वातावरण में रखकर निश्चिंत होकर अपने कार्य में योगदान दे सकती हैं। हमारा प्रयास है कि हजारीबाग हर महिला के लिए सशक्त और समर्थ बने। "सामान्य शाखा प्रभारी सना उस्मानी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि शिशुपालना गृह और स्तनपान कक्ष जैसी सुविधाएँ महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं और उन्हें कार्यस्थल पर सहजता से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में मदद करती हैं।

यह पहल हमारे लिए गर्व का विषय है और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है। महिला पर्यवेक्षिका श्रीमती संगीता ने कहा कि शिशुपालना गृह और स्तनपान कक्ष जैसी सुविधाएँ महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं।

यह पहल न केवल महिला कर्मचारियों के लिए, बल्कि आने वाली सभी महिलाओं के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है। मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने भी इस पहल को कार्यस्थल पर महिलाओं के अनुकूल वातावरण सृजित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। मौके पर उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह, उप विकास आयुक्त इस्तियाक अहमद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सहित कई वरीय पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# गन्ने के खेत में गौकशी की दर्दनाक वारदात – 10 गौवंश के अवशेष मिलने से ग्रामीणों में उबाल, जिहादी मानसिकता पर फूटा आक्रोश

## "गौमाता केवल पशु नहीं, भारतीय संस्कृति की आत्मा है" – जलालाबाद व मुरादनगर में गौकशी घटनाओं से मचा हाहाकार, हिंदू संगठनों ने मांगी कठोर कार्रवाई

**"मेरे देश की धरती" की वही मिट्टी आज लहूलुहान – जलालाबाद की पवित्र भूमि पर गौमाता की हत्या ने झकझोरा जनमानस**

**रिपोर्ट : रविंद्र आर्य मुरादनगर**

उत्तर प्रदेश के मुरादनगर क्षेत्र से लेकर गाजियाबाद के जलालाबाद गांव तक एक के बाद एक गौकशी की घटनाओं ने लोगों के भीतर आक्रोश की लहर पैदा कर दी है। मंगलवार सुबह जलालाबाद गांव के गन्ने के खेत में 10 मवेशियों के कटे अवशेष मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी और प्रशासन के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया।

सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक टीमें मौके पर पहुँचीं। फॉरेंसिक टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया। गन्ने के खेतों में बिखरे अवशेष देखकर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा – ग्रामीणों ने एडीसीपी की गाड़ी के आगे बैठकर रास्ता रोक दिया और नारे लगाते हुए कहा,

**"गोकशी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा, यह हमारी आस्था पर हमला है।"**

**गन्ने के खेत में अमानवीय दृश्य, ग्रामीण सन्न**

स्थानीय ग्रामीण सुनील कुमार ने बताया कि जब वह खेत में गन्ना काटने पहुँचे, तो वहां गोकशी के बाद फेंके गए अवशेषों का अमानवीय दृश्य देखकर सन्न रह गए। थोड़ी ही देर में सैकड़ों ग्रामीण घटनास्थल पर पहुँच गए। और भी दर्दनाक तथ्य यह सामने आया कि कटे हुए दस गौवंशों में से दो गौमाताएं गर्भवती थीं। कसाइयों ने यह भी नहीं सोचा कि वे प्रसव के निकट थीं – उन निर्दयी दरिंदों ने गर्भस्थ बछड़ों तक को नहीं छोड़ा। गांववालों के अनुसार, घटनास्थल पर दोनों गायों के गर्भ से निकले दो नवजात बछड़ों के अवशेष भी पाए गए, जिन्हें देखकर हर किसी की आंखें नम हो गईं।

इन अवशेषों को लेकर हिंदू संगठनों ने जबरदस्त आक्रोश व्यक्त किया और कहा –



"योगी जी माँ का दर्द समझते हैं, वे इन निर्दोष बच्चों का बदला जरूर लेंगे।"

हिंदू संगठनों की चेतावनी – "यह केवल अपराध नहीं, आस्था पर प्रहार है"

मौके पर पहुंचे हिंदू युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष गौसेवक अयुष त्यागी ककड़ा और उनकी टीम ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह केवल कानून व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि समाज में भय और असंतोष फैलाने की जिहादी मानसिकता का परिणाम है।

"ऐसे अपराधियों पर उदाहरणात्मक दंड जरूरी है, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस प्रकार की अमानवीय हरकत करने की हिम्मत न करे।" – अयुष त्यागी ककड़ा

हिंदू संगठनों ने प्रशासन से मांग की कि दोषियों पर न केवल कठोरतम दंड दिया जाए, बल्कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सतर्क गश्त और विशेष निगरानी दल गठित किए जाएं।

उन्होंने यह भी कहा कि ह्लऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ तुरंत एनकाउंटर जैसी कार्रवाई की जानी चाहिए – यही जनता की अपेक्षा योगी सरकार से है।

प्रशासन पर उठे सवाल – "केवल आश्वासन नहीं, कार्रवाई चाहिए"

ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन ने अब तक केवल आश्वासन दिए हैं, जबकि क्षेत्र में भय और असुरक्षा का वातावरण बना हुआ है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार नहीं किया गया, तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

"हम न्याय चाहते हैं, बदले की भावना नहीं – लेकिन गोकशी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।" – ग्रामीणों का एक स्वर

**"उपकार" की धरती पर रक्तरंजित दृश्य – संस्कृति पर गहरी चोट**

गौरतलब है कि प्रसिद्ध अभिनेता मनोज कुमार की देशभक्ति फि ल्म "उपकार" का अमर गीत "मेरे देश की धरती सोना उगले, उगले हीरे मोती..." इसी जलालाबाद गांव की पवित्र धरती पर फिल्माया गया था।

आज उसी धरती पर गन्ने के खेतों में गौमाता के अवशेष और खून से लथपथ दृश्य ने हर संवेदनशील नागरिक का सिर शर्म से झुका दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस भूमि ने कभी "जय जवान, जय किसान" का संदेश दिया था, उस पवित्र खेत में आज यह दृश्य राष्ट्र की आत्मा पर गहरी चोट जैसा है।

"यह धरती कभी भारत की गौरवगाथा गाती थी, आज यही खेत रक्त से लाल हैं – यह हर भारतीय के लिए आत्ममंथन का क्षण है।" – ग्रामीण

स्थानीय निवासियों का आक्रोश – "आस्था का अपमान और मीडिया की चुप्पी"

**स्थानीय निवासी अमरपाल आर्य और कई ग्रामीणों ने बताया कि यह घटना सिर्फ. गौकशी नहीं, बल्कि सनातन आस्था पर सुनियोजित प्रहार है।**

"जब इसी गांव में छोटी गंगा नहर के घाट पर किसी पुजारी की कोई विवादित वीडियो बनती है, तो बीबीसी जैसी अंतरराष्ट्रीय मीडिया उसे तुरंत कवरेज देती है। लेकिन जब हमारे खेतों में 10 गौमाताओं के कटे सिर मिले, तब वही मीडिया चुप क्यों है?" – अमरपाल आर्य

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि घटनास्थल से मिले अवशेषों को प्रशासन ने जल्दबाजी में गांव के खेतों में दबा दिया, जिससे आक्रोश और गहरा गया है। उनका कहना है कि यह न केवल हिंदू आस्था पर हमला है, बल्कि प्रशासनिक निष्क्रियता का खुला प्रमाण भी है।

**भारतीय संस्कृति पर आघात**

"गौमाता केवल पशु नहीं, भारतीय संस्कृति और संवेदना की आत्मा हैं।"

यह भावना घटनास्थल पर मौजूद हर ग्रामीण की आंखों में झलक रही थी। इस घटना ने न केवल स्थानीय प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं, बल्कि समाज में पनप रही कट्टर प्रवृत्तियों और चयनात्मक मीडिया नैरेटिव की भी पोल खोल दी है।

**लेखक : रविंद्र आर्य (राष्ट्रवादी दृष्टिकोण का सशक्त मंच)**

दैनिक समाज जागरण नेशनल अखबार में विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

## टीईटी विरोध में चलाया हस्ताक्षर अभियान

### काली पट्टी बांधकर किया गया शिक्षण कार्य

**समाज जागरण**

कासगंज के कस्बापटियाली। बुधवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र पर पुराने एवं वरिष्ठ शिक्षकों पर हाल में ही सुप्रीम कोर्ट द्वारा जबरदस्ती टेट लागू करने के मामले में प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसमें पटियाली विकास क्षेत्र के शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया,आपको बता दें इससे पहले शिक्षकों द्वारा काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया गया जिसका समापन बुधवार को हुआ है प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रदीप यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारा यह क्रमिक कार्यक्रम अनवरत जारी रहेगा जब तक सरकार एवं विभागीय उच्च अधिकारियों द्वारा टेट के आदेश को वापस नहीं लिया जाता है। इस कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ से मंत्री रतन प्रकाश,संजय सिंह,राजीव मिश्रा,सुरजीत सिंह,अर्चना राठौर,जसवीर सिंह,बृज किशोर सुखबीर सिंह,राजेश द्विवेदी,रनवीर सिंह,लालाराम,मंजू देवी सहित सैकड़ो शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।




## कासगंज में फ्लैग मार्च, पुलिस अधीक्षक ने व्यापारी व आमजन को कराया सुरक्षा का एहसास

### आगामी त्यौहारों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु सख्त निगरानी

**समाज जागरण**

कासगंज, 15 अक्टूबर 2025 (समाज जागरण संवाददाता) आगामी त्यौहारों को सुरक्षित रूप से सम्पन्न कराने और जनपद में कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कासगंज अंकिता शर्मा ने आज कस्बा पटियाली में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया।

फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधीक्षक ने मुख्य मार्गों, संवेदनशील स्थलों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने व्यापारियों और आम नागरिकों से संवाद करते हुए सतर्कता और सजगता बनाए रखने का संदेश दिया।

अंकिता शर्मा ने व्यापारियों से अपील की कि अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे सक्रिय रखें और संदिग्ध व्यक्तियों या असामाजिक गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने बताया कि त्योहारों के दौरान अतिरिक्त पुलिस बल, फुट पेट्रोलिंग, ट्रैफिक व्यवस्था और महिला सुरक्षा हेतु एंटी रोमियो टीमों की सक्रिय निगरानी सुनिश्चित की जा रही है।



साथ ही उन्होंने सभी से आगाह किया कि पटाखों और आतिशबाजी का अवैध भंडारण, निर्माण या विक्रय प्रतिबंधित है और ऐसा करने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

कासगंज पुलिस ने भरोसा दिलाया कि त्योहारों के अवसर पर जनपदवासियों की सुरक्षा, सुविधा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। सौजन्यः पुलिस अधीक्षक कासगंज

## पुलिस कप्तान ने किया चौकी व मंदिर का उद्घाटन

**समाज जागरण**

कासगंज के पटियालीकस्बा के स्टेशन रोड पर कोतवाली परिसर में नव निर्मित मंदिर भवन में देवी देवताओं की मूर्तियों का वैदिक रीति रिवाज से मंगलवार शाम को हवन पूजन के बाद पुलिस कप्तान ने तिलक लगा कर शुभारंभ किया। मंदिर में शिव परिवार हनुमान जी,मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की मूर्तियां स्थापित की गई।

कस्बा के मुख्य बाजार स्थित जहां पहले पटियाली थाना था।भवन जीर्ण शीर्ण होने के बाद कस्बा के व्यापारियों के सहयोग से नव निर्मित चौकी का फीता काटकर उदघाटन पुलिस कप्तान अंकिता शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कस्बा में मुख्य बाजार स्थित पुलिस चौकी से बाजार सहित क्षेत्र की सुरक्षा की जायेगी।पुलिस जन बारी बारी से आप लोगों की सुरक्षा में तैनात रहेंगे।आगामी दीपावली पर्व पर विशेष निगरानी रहेगी।



इस अवसर पर इंस्पेक्टर लोकेश भाटी, इंस्पेक्टर राधेश्याम,इंस्पेक्टर अमरेश सिंह, इंस्पेक्टर पवन सिंह, अरुण सर्राफ, चौकी इंचार्ज अवधेश भदौरिया, धर्मेंद्र मिश्र, एन के चौहान, विवेक गुप्ता,बबलू वार्ष्णेय, सारांश वार्ष्णेय, भाजपा नेता मंजीत सिंह,यशवीर सिंह,आढ़ती इस्लाम नवी, उमेश उपाध्याय,अरशद,रामा नंद, टीटू गुप्ता,मनीष पांडे,नीरज गुप्ता,आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## सहावर में धूमधाम से संपन्न हुआ राजगद्दी मेला

**समाज जागरण**

सहावर में इस वर्ष भी राजगद्दी मेला बड़े उत्साह और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। माता गंज रोड से नासीखान फेरी तक विभिन्न झांकियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ परंपरागत उत्सव की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ पटियाली की पूर्व विधायक नजीबा खान उर्फ.जीनाब, उप जिलाधिकारी सुरेंद्र सिंह, नारायण त्रिपाठी और क्षेत्राधिकारी शाहिद नसरीन, चमन कुमार गोस्वामी ने किया।

मेला की आखिरी झांकी काली का अखाड़ा रही, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। आयोजन में मेला कमेटी के संस्थापक शिशुपाल वार्ष्णेय के साथ अध्यक्ष सचिन गुप्ता, महामंत्री अनिल वार्षीय एवं अमित गुप्ता, गौरव वार्ष्णेय, सोनू, आकाश गुप्ता (मनु), उपाध्यक्ष अजय वर्मा, अमरदीप गुप्ता, अशोक गुप्ता, मुकुल वार्ष्णेय, सुधीर रावत, सालोक गुप्ता, मंत्री पवन वर्मा, कक्कू, राजन गुप्ता, अंकुर शर्मा, विकास गुप्ता, मीतू, उजाला गुप्ता,



प्रभात वर्मा, वासुदेव शर्मा, सचिव मलिखान सिंह, विवेक पाण्डेय, मोनू, अभिषेक साहू, रविकान्त आर्य, कुलदीप गुप्ता, मनोज भारद्वाज, गगनदीप साहू सहित अन्य पदाधिकारी एवं आयोजक उपस्थित रहे। मच संचालक शिव कुमार (टेलर) और महाप्रबंधक श्रवण वार्ष्णेय, आमोद सक्सैना, नवीन वार्ष्णेय ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। डिस्को और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की व्यवस्था सचिन वार्ष्णेय और दिनेश कुमार ने संभाली, जबकि मीडिया प्रभारी अर्पितराम मिश्रा, केशव शर्मा, अकित वार्ष्णेय और अंकुर शर्मा ने पूरे कार्यक्रम का कवरेज किया।

मेला में हजारों लोग शामिल होकर आयोजन का आनंद लिया और स्थानीय परंपराओं एवं सांस्कृतिक झांकियों का लुत्फ उठाया।

## कासगंज पुलिस ने अवैध पटाखा निर्माण व बिक्री में लिप्त 4 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

### बरामदः 32 बोरी अवैध पटाखे और 30 किग्रा बारूद

कासगंज, 15 अक्टूबर 2025 (समाज जागरण संवाददाता) कासगंज पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार गंगाप्रसाद के पर्यवेक्षण में जनपद में अवैध पटाखों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कासगंज और सहावर पुलिस ने चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

**थाना कासगंज द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तः**

वसीम, पुत्र अल्लावक्श (मौ. नबाब) झ्र अशोक नगर जाने वाले रास्ते के पास ट्यूबैल से; 14 बोरी अवैध पटाखे बरामद।

तौफिक अंसारी, पुत्र बाबू पहलवान (मौ. नवाब गली गद्दियान) झ्र नगला बैनी जाने वाले रास्ते के पास कमरे से; 3 बोरी अवैध पटाखे बरामद।



पप्पू सिंह, पुत्र रामदयाल (ग्राम नदरई) झ्र नदरई खेत ट्यूवल के पास अवैध पटाखा निर्माण करते हुए; 14 बोरी अवैध पटाखे और लगभग 30 किग्रा बारूद बरामद।

इन मामलों में थाना कासगंज पर क्रमशः मु0अ0सं0 762/25, 763/25 और 767/25 धारा 287/288 BNS व 5/9ख(1)ए विस्फोटक अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज किया गया।

**थाना सहावर द्वारा गिरफ्तारः**

4. गोविन्द, पुत्र रामवक्स (अमोघपुर, थाना नयागांव, जनपद एटा) झ्र खितौली नहर पुल, सहावर से; 1 बोरी अवैध पटाखे बरामद।

इस मामले में थाना सहावर पर मु0अ0सं0 507/25 धारा 288 BNS व 4/5/9इ विस्फोटक अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। सौजन्यः पुलिस अधीक्षक कासगंज

## गंगा समिति, एटा के अंतर्गत क०गा०बा० विद्यालय में नुक्कड़ नाटक, वाद-विवाद, नदी ज्ञानवर्धक चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

एटा जिला गंगा समिति के अंतर्गत क०गा०बा० विद्यालय में नुक्कड़ नाटक, वाद-विवाद, नदी ज्ञानवर्धक चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



नुक्कड़ नाटक के दौरान छात्राओं ने गंगा में मुंडन के बाल बहाना,गंगा में घर की सामग्री को विसर्जित करना, गंगा में औद्योगिक प्रदूषण,एटा की ईशन नदी पर अतिक्रमण सभी बिंदुओं को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनमानस की अनदेखी को दशार्या। नुक्कड़ नाटक में राधिका, गुलशन, नैना, वंदना, भूमिका, कविता, पलक, रागिनी, छाया ने प्रतिभाग किया। सभी प्रतिभागित छात्राओं को ए सी एम ओ डॉ० सुधीर कुमार ने पुरुस्कृत किया। नमामि गंगे, डीपीओ आर्यन गौड़ ने गंगा को प्रदूषित होने से रोकने के लिए एसटीपी, ईटीपी, डब्ल्यूटीपी तथा एफएसटीपी इंफ्रास्ट्रक्चर की कार्यप्रणाली को बताया।

इस दौरान प्रधानाचार्य विजय लक्ष्मी, अध्यापिका प्रियंका उपाध्याय, तनुजा सिंह, रचना, रूपवती, मीना यादव मौजूद रहीं।

# अयोध्या में रामायण पर दुनिया का पहला वैक्स म्यूजियम तैयार

## -म्यूजियम में दिखेगी त्रेता युग की जीवंत झलक, योगी करेंगे दीपोत्सव में उद्घाटन

**-एक बार 100 लोग एक साथ कर सकेंगे प्रवेश, बना है पूरी तरह वातानुकूलित**

**-काशीराम कालोनी के सामने बना यह म्यूजियम भक्तों के लिए आस्था का नया केंद्र बनेगा**

**-योगी सरकार में अयोध्या धाम को मिली एक और उपलब्धि**

अयोध्या, 15 अक्टूबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राम जन्मभूमि के प्रांगण में भव्य राम मंदिर के निर्माण के बाद अब अयोध्या धाम एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने जा रहा है। यहां त्रेता युग की पुनर्रचना करते हुए दुनिया का पहला रामायण वैक्स म्यूजियम बनकर तैयार हो चुका है। चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग स्थित काशीराम कालोनी के सामने बना यह म्यूजियम न केवल भक्तों के लिए आस्था का नया केंद्र बनेगा, बल्कि पर्यटकों के लिए भी वैश्विक स्तर का आकर्षण साबित होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नौवें दीपोत्सव समारोह में इसका लोकार्पण होने की प्रबल संभावना है। दीपोत्सव की भव्यता के बीच सीएम योगी जनता को यह अनमोल उपहार समर्पित करेंगे। 9850 वर्ग फीट क्षेत्र में फैले इस पूर्णतः एयर कंडीशंड म्यूजियम को बनाने में 6 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। यहां श्री राम समेत 50 प्रमुख पात्रों की जीवंत वैक्स प्रतिमाएं प्रदर्शित होंगी, जो रामायण की पूरी कथा को जीवंत कर देंगी। म्यूजियम में एक साथ 100 लोगों को प्रवेश की अनुमति होगी। जैसे ही दर्शक अंदर कदम रखेंगे, त्रेता युग की महक और राम धुन की मधुर ध्वनि से भर जाएगा पूरा वातावरण। हर कोने में लगी स्पीकर से निरंतर 'राम तारक मंत्र' और भक्ति भजनों की धुन बजेगी, जो मन को शांति और भक्ति से भर देगी।

साउथ इंडियन वास्तु शैली पर हुआ है निर्माण, दोनों तल करेंगे आकर्षक

म्यूजियम का निर्माण साउथ इंडियन वास्तु शैली में किया गया है, जो दक्षिण भारत की पारंपरिक स्थापत्य कला का सुंदर संगम दशार्ता है। दो मंजिला इस भवन में ग्राउंड फ्लोर पर रामलला के बाल रूप से लेकर सीता स्वयंवर तक की घटनाएं चित्रित हैं, जबकि फर्स्ट फ्लोर पर वनवास, लंका दहन और राम-रावण युद्ध की भव्य झलक मिलेगी। हर वैक्स मॉडल की अलग-अलग लाइटिंग की गई है, जो पात्रों को जीवंत बना देती है। दर्शक भगवान राम की मूर्ति के कपड़े, बाल और मुस्कान को छूकर हकीकत महसूस करेंगे। प्रवेश द्वार पर सबसे पहले भगवान गणेश की भव्य प्रतिमा के दर्शन होंगे, जो विघ्नहर्ता के रूप में यात्रा की शुरूआत का संकेत देगी। इसके बाद रामलला के बाल रूप की वैक्स मूर्ति के साथ सेल्फी लेने की विशेष व्यवस्था है। बच्चे-बूढ़े सभी यहां आकर बालक राम के साथ फोटो खिंचवाकर यादगार पल संजो सकेंगे।



**आय का 12 फीसदी नगर निगम को जाएगा**

म्यूजियम में सुरक्षा के पूर्ण इंतजाम हैं। चार इमरजेंसी गेट्स से जुड़ा फायर सिस्टम लगा है, जो किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करेगा। यह प्रोजेक्ट नगर निगम के सहयोग से चलेगा। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने बताया कि म्यूजियम की आय का 12 प्रतिशत सीधे नगर निगम को जाएगा, जो अयोध्या के विकास में योगदान देगा।

**जानिए म्यूजियम में और क्या हैं इंतजाम**

इस वैश्विक स्तर के म्यूजियम का निर्माण केरल की प्रसिद्ध सुनील वैक्स म्यूजियम कंपनी ने किया है। कंपनी के प्रमुख सुनील ने बताया, "हमने पहले महाराष्ट्र के लोनावाला में और केरल के तिरुवनंतपुरम में सेलिब्रिटी वैक्स म्यूजियम बनाए हैं। लेकिन अयोध्या का यह रामायण म्यूजियम अनोखा है। यहां हमने रामायण के 50 पात्रों को इतनी बारीकी से गढ़ा है कि दर्शक खुद को त्रेता युग में महसूस करेंगे। सुनील ने खुलासा किया कि म्यूजियम के बाहर पार्किंग की व्यवस्था के अलावा स्टूडियो कॉफी हाउस, स्नैक्स जोन और इंटरटेनमेंट एरिया भी तैयार हो रहा है। पर्यटक न केवल वैक्स म्यूजियम का लुत्फ उठाएंगे, बल्कि स्नैक्स में साउथ इंडियन और उत्तर भारतीय व्यंजनों का मिश्रण होगा, जो अयोध्या की सांस्कृतिक विविधता को दर्शाएगा।



**अयोध्या के विकास में मील का पत्थर**

अयोध्या के विकास में यह म्यूजियम मील का पत्थर साबित होगा। राम मंदिर के बाद पर्यटन में आई बूम को देखते हुए यह केंद्र सालाना करोड़ श्रद्धालुओं को आकर्षित करेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या को 'विश्व स्तरीय पर्यटन नगरी' बनाने का संकल्प लिया है। दीपोत्सव के दीयों से जगमगाती अयोध्या में यह म्यूजियम आस्था का केंद्र बनेगा।

कुल पचास पात्रों की बनी हैं मूर्तियां

फर्स्ट फ्लोर पर वनवास के दौरान सुंदरवन, सीता हरण और रावण वध की 3डी लाइटिंग प्रभाव से सजी मूर्तियां हैं। हनुमान जी की लंका दहन वाली मूर्ति में आग के प्रभाव जैसी लाइटिंग है, जो रोमांच पैदा करेगी। कुल 50 पात्रों में राम, सीता, लक्ष्मण, भरत, हनुमान, रावण, विभीषण समेत सभी प्रमुख चरित्र शामिल हैं। सुरक्षा और सुविधाओं के मामले में म्यूजियम अत्याधुनिक है। एयर कंडीशंड हॉल में तापमान 22 डिग्री पर नियंत्रित रहेगा। सीसीटीवी और सिक्योरिटी गार्ड 24७7 निगरानी करेंगे। इसमें प्रवेश करने के लिए ङ्र100 का शुल्क निर्धारित किया जाएगा।



# जल संकट से त्रस्त जनता, जल बोर्ड दे रहा "अग्नि परीक्षा" दिल्ली जल मंत्री से सवाल – आखिर कब जागेगा जल बोर्ड ?

**समाज जागरण**

नई दिल्ली, पटेल नगरः दिल्ली के पटेल नगर विधानसभा क्षेत्र में जल संकट गहराता जा रहा है। एक ओर देश और दुनिया बाढ़ जैसी आपदाओं से जूझ रही है, वहीं पटेल नगर के हजारों लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं।

विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी एस. के. चौबे के अनुसार, वार्ड 85 का लगभग 85% और वार्ड 88 का करीब 20% हिस्सा ऊंचाई पर स्थित है – जहां आज तक नल से जलापूर्ति नहीं हो सकी। गायत्री कॉलोनी, गुलशन चौक, नेपाली मंदिर, आंबेडकर पार्क, गुंबद क्षेत्र, होली चौक, जोगी बस्ती, भील बस्ती, शिव मंदिर, राजीव चौक और झंडेवालान चौक जैसे इलाके पूरी तरह टैंकरों पर निर्भर हैं। यहां करीब 30,000 से अधिक लोग रहते हैं, जिनके लिए पानी अब रोज का संघर्ष बन गया है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि चुनाव के समय वे अपने पसंदीदा उम्मीदवार को बड़ी उम्मीदों से वोट देते हैं इस आशा में कि उनकी झुग्गियां सुरक्षित रहेंगी और उन्हें नियमित पानी मिलेगा। मगर चुनाव बीतते ही ये उम्मीदें ध्वस्त हो जाती हैं, और जनता फिर से जल बोर्ड के चक्कर काटने पर मजबूर होती है।



स्थिति अब इतनी गंभीर है कि टैंकर सप्लाई भी बंद या सीमित कर दी गई है। बताया जा रहा है कि जल बोर्ड ने अचानक 10झ12 टैंकर हटा दिए, जबकि क्षेत्र में पानी की भारी मांग है। लोगों का आरोप है कि यह निर्णय किसी ह्लराजनीतिक दबावह्व या ह्लसाजिशह्व का परिणाम है, जिससे जनता को जानबूझकर परेशान किया जा रहा है।

**प्रश्न उठता है किः-**

अगर टैंकर हटाने ही थे तो पहले वैकल्पिक व्यवस्था क्यों नहीं की गई?

चलती व्यवस्था को अचानक बंद करने के पीछे आखिर क्या मंशा है? स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछली सरकार के समय भी दिक्कतें थीं, पर मौजूदा व्यवस्था ने तो जनता को ह्लप्यासे मरनेह्व पर मजबूर कर दिया है। खास बात यह है कि प्रदेश की मुखिया एक महिला हैं और ह्लपानी की कीमतह्व एक महिला से बेहतर कौन समझ सकता है?

सूत्रों के अनुसार, क्षेत्रीय विधायक की भी अब जल बोर्ड में नहीं सुनी जा रही है। सवाल यह है कि क्या विधायक अपनी ताकत नहीं दिखा रहे, या फिर वे भी अब ह्लमजबूरह्व हो चुके हैं?

चेतावनी स्वरूप, स्थानीय समाजसेवकों ने कहा है कि यदि दीपावली से पहले जल समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो जनता मजबूर होकर जल बोर्ड के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन करेगी।

जल बोर्ड के हित में यही उचित होगा कि वह दीपावली और छठ पर्व से पहले टैंकरों की संख्या तुरंत बढ़ाए, क्योंकि इन पर्वों पर पानी की मांग कई गुना बढ़ जाती है।

# दयाल सिंह महाविद्यालय में दीपोत्सव का आयोजन

**समाज जागरण**

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर 2025ः दयाल सिंह महाविद्यालय में दीपावली के शुभ अवसर पर "व्योमः कला एवं संस्कृति समिति" , "एन.सी.सी.", "एन. एस. एस.", "अद्विका" एवं "हेल्पडेस्क" के संयुक्त तत्वावधान में दीपोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में महाविद्यालय की विभिन्न सांस्कृतिक समितियों के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कला एवं संस्कृति की छवि प्रस्तुत की।दीपोत्सव का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० विनोद कुमार पालीवाल जी ने दीप प्रज्वलित करके किया, जिसके पश्चात भारतीय सांस्कृतिक संगीत का भी आयोजन हुआ। जिसमें छात्रों ने बहुत मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी। दीपोत्सव से पूर्व स्पिल्ड इंक, रचनात्मक लेखन समिति दयाल सिंह महाविद्यालय द्वारा एक अदबी मुशायरे का आयोजन किया गया, जिसमें विशिष्ट शायरों ने शायरी की प्रस्तुति दी। समारोह में विशेष



आकर्षण तीन हजार दीपों से सुसज्जित महाविद्यालय परिसर रहा, जिसमें छात्रों ने पारंपरिक परिधानों में सांस्कृतिक विविधता को प्रस्तुत किया।

इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय प्रो० पालीवाल जी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि दीपावली अँधकार पर प्रकाश की जीत का उत्सव है, हमें सदा अपने भीतर की बुराईयों के अँधकार को दूर करने का प्रयास करना चाहिए। देश के सभी नागरिक दीपों की तरह तेजोदीप्त रहें। और अंत में, प्राचार्य जी ने सभी छात्रों, प्रध्यापकों, गैर शैक्षणिक स्टाफ एवं समस्त दयाल सिंह महाविद्यालय परिवार को दिपावली की अग्रिम शुभकामनाएँ दीं। प्रो० अजय कुमार भागी, प्रो० नवनीत मानव, डॉ सुनील कुमार शर्मा, डॉ प्रकाश कुमार पटेल, व्योमः कला एवं संस्कृति समन्वयक डॉ अल्का शर्मा, डॉ मधुरेंद्र सिंह, डॉ शिवरंजनी सिंह, डॉ कमलजीत सिंह, डॉ सिमरन चड्ढा, डॉ मधुलिका, डॉ अनिल कुमार आदि के सहयोग एवं आशीर्वाद से दीपोत्सव का कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और प्रध्यापकों ने भाग लिया और दीपोत्सव का उत्साहपूर्वक आनंद लिया।

## भावनात्मक एवं जन जागरुकता कार्यक्रम संपन्न !

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद ! स्वशासी मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य, डॉ योगेश कुमार गोयल के मार्गदर्शन में, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में राष्ट्रीय गर्भावस्था एवं शिशु हानि स्मृति दिवस के अवसर पर एक भावनात्मक एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. प्रेरणा जैन ने की। इस अवसर पर डॉ. दिव्या (एसोसिएट प्रोफेसर), डॉ. गीतांजलि, तथा डॉ. वैष्णवी सहित विभाग के अन्य संकाय सदस्य, रेजिडेंट डॉक्टर एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने गर्भावस्था अथवा प्रसव के दौरान होने वाली हानियों के प्रति समाज में संवेदना और जागरूकता बढ़ाने, माताओं को मानसिक सहयोग देने तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम स्थल पर भारी संख्या में मरीज एवं उनके परिजन उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया और मातृ-शिशु स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी प्राप्त की।

डॉ. प्रेरणा जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि "यह दिवस उन माताओं और परिवारों को याद करने का अवसर देता है जिन्होंने इस कठिन अनुभव का सामना किया है। साथ ही यह हमें प्रेरित करता है कि हम सभी मिलकर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने की दिशा में और अधिक प्रभावी कदम उठाएँ।ह्व कार्यक्रम का समापन मोमबत्ती जलाकर एवं दो मिनट मौन रखकर किया गया, जिससे दिवंगत शिशुओं और माताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## द एशियन स्कूल में सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

**समाज जागरण**

समाज जागरण शिकोहाबाद। जसलई रोड स्थित द एशियन स्कूल में सोशल साइंस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में छात्र.छात्राओं को



उनके ऐतिहासिक, भौगोलिक,सामाजिक और राजनीतिक दृष्टिकोण को विभिन्न तरीके से बताने का कार्य किया गया। मानव इतिहास को आदिमानव काल से आधुनिक युग तक दर्शाने के लिए छात्र.छात्राओं द्वारा मनमोहक मॉडल बनाए। पौराणिक सिक्कों से लेकर पौराणिक घरों तक के मॉडल छात्र.छात्राओं द्वारा बनाए गए। प्रदर्शनी में संविधान, ग्लोब, विद्युत चलित क्विज, वाटर हार्वेस्टिंग, पुरातन हथियार और पुराने सिक्कों के मॉडल आदि को सराहा गया। मुख्य अतिथि के रूप में तहसीलदार शिकोहाबाद कीर्ति चौधरी और विशिष्ट अतिथि के रूप में कैप्टन डॉक्टर राकेश बी पांडे ने छात्र.छात्राओं के मॉडल और पोस्टर्स का अवलोकन किया। सम्मानित अतिथियों ने बताया कि इस प्रकार की सामाजिक विज्ञान पर आधारित प्रदर्शनी अपने आप में एक अनूठी पहल है। जिससे बच्चों को अपने समाज के बारे में जानने का बेहतर विकल्प मिलता है। विद्यालय प्रबंधक राजेंद्र यादव ने अंत में सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया। इस अवसर परशैक्षणिक निदेशक नताशा यादव, श्रंखला मिश्रा, संध्या, रचना,स्वाति श्रोत्रिय, खुशबू,राधिका,पूजा पालीवाल और निशा आदि शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### छात्र-छात्राओं से की बात संतुष्ट दिखे जिला अधिकारी!

## जिलाधिकारी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय में मिड डे मील भोजन का किया अवलोकन




**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद जिलाधिकारी रमेश रंजन ने उच्च प्राथमिक विद्यालय नागऊ का मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ औचक निरीक्षण किया, यहां पर उन्होंने उपस्थित बच्चों से वार्ता की, साथ ही साथ मिड डे मील के तहत बन रहे भोजन का अवलोकन भी किया, जहां पर भोजन की गुणवत्ता मानक के अनुसार पाई गई, जिलाधिकारी ने यहां स्पेस लैब का भी निरीक्षण किया उन्होंने इस लैब को बच्चों के ज्ञानवर्धक हेतु महत्वपूर्ण बताया, उन्होंने कक्षा 7 की छात्रा नम्रता और कक्षा 8 की छात्रा अनुष्का और कक्षा 8 के छात्र हेमंत से सूर्य ग्रहण और चंद्र ग्रहण की स्थितियों के संबंध में उन छात्र एवं छात्राओं की जानकारी को जाँचा और परखा, साथ ही उन्होंने छात्रों की उपस्थिति पंजिका को भी चेक किया, जहां पर जिलाधिकारी को बताया गया की 262 में से 169 छात्र उपस्थित हैं, साथ ही साथ वहां पर कार्यरत शिक्षिकाओं की उपस्थिति के संबंध में जानकारी चाही, जिस पर जिलाधिकारी को बताया गया की 3 शिक्षिकाऐ, बीएलओ ड्यूटी पर हैं शेष उपस्थित हैं।

## उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उरमुरा के छात्र ने राज्य स्तर पर प्रस्तुत किया मॉडल !

**समाज जागरण**

शिकोहाबाद। राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता लखनऊ पब्लिक स्कूल लखनऊ में आयोजित की गई। जिसमें उच्च प्राथमिक विद्यालय उरमुरा के छात्र ने स्मार्ट वाटर सिस्टम का मॉडल प्रस्तुत किया। छात्र के मॉडल की राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में खूब सराहना मिली।

विद्यालय के प्रधानाचार्य ठाकुर सहदेव सिंह ने बताया कि उरमुरा के छात्र मयंक सारस्वत ने स्मार्ट वॉटर सिस्टम का मॉडल लखनऊ पब्लिक स्कूल लखनऊ में आयोजित प्रदर्शनी में प्रस्तुत किया। जिसमें विवेक नौटियाल संयुक्त शिक्षा निदेशक एवं सह राज्य नोडल अधिकारी उत्तर प्रदेश एवं डॉ महेंद्र देव शिक्षा निदेशक माध्यमिक एवं राज्य नोडल अधिकारी उत्तर प्रदेश ने छात्र को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। छात्र की इस कार्य हेतु विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ सहदेव सिंह चौहान एवं समस्त स्टाफ ने छात्र को बधाई दी है। प्रधानाचार्य ने कहा कि छात्र का यह कार्य विद्यालय के अन्य छात्र छात्राओं को आगे बढ़ाने का साहस देगा।



## फिरोजाबादः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भाजपा जिलाध्यक्ष ने दी दीपावली की शुभकामनाएं

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके लखनऊ स्थित आवास पर भेंट कर दीपावली की ढेरों बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिले के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक और रचनात्मक चर्चा हुई।

भेंट में जनपद फिरोजाबाद की लंबित परियोजनाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। इसमें जसराना का बाईपास, टूंडला-एटा फोरलेन, शिकोहाबाद-एटा फोरलेन सहित किसानों के लिए डीएपी एवं यूरिया खाद की अतिरिक्त उपलब्धता सुनिश्चित करने का मुद्दा शामिल था। साथ ही हाथरस माइनर से ब्लॉकों में पर्याप्त जल आपूर्ति और नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों के विकास कार्यों के लिए वित्तीय सहायता बढ़ाने का आग्रह किया गया।



इस अवसर पर पूर्व विधायक राम गोपाल पप्पू लोधी ने जसराना विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की आवश्यकता पर जोर दिया। शिष्टाचार भेंट के दौरान भाजपा नेताओं उदय प्रताप सिंह, हनुमंत सिंह बघेल, डॉ अमित गुप्ता, आकाश शर्मा और राहुल लोधी ने मुख्यमंत्री को फिरोजाबाद में निर्मित काँच की हनुमानजी की प्रतिमा भेंट कर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

## लखनऊ में इन्सपायर मानक की राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में जनपद की प्रतिभाओं ने दिखाया दम

**समाज जागरण**

फिरोजाबादः- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार, राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान भारत सरकार एवं स्टार्टअप इण्डिया के तत्वाधान में आयोजित सत्र 2024-25 की इन्सपायर अवार्ड मानक योजना की राज्य स्तरीय विज्ञान प्रोजेक्ट प्रदर्शन का आयोजन शिक्षा निदेशक माध्यमिक डॉ महेन्द्र देव एवं संयुक्त शिक्षा निदेशक विवेक नौटियाल के संयोजन में लखनऊ पब्लिक कॉलेजिएट, रुचि खण्ड-1, शारदा नगर, बंगला बाजार रोड, लखनऊ में आयोजित की गई। जिसमें जिला विद्यालय निरीक्षक, फिरोजाबाद धीरेन्द्र कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी फिरोजाबाद आशीष कुमार पाण्डेय के निर्देशन एवं जिला सह नोडल अधिकारी अश्वनी कुमार जैन के टीम लीडर की भूमिका में जनपद की 05 प्रतिभाओं ने प्रतिभाग किया। जिनके मॉडलों का अवलोकन अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा, शिक्षा निदेशक माध्यमिक डॉ महेन्द्र देव, संयुक्त शिक्षा निदेशक विवेक नौटियाल एवं



अन्य अतिथियों द्वारा किया गया। सभी अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों के नवाचारी मॉडलों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस प्रदर्शनी में जनपद की पांच प्रतिभाएं बेसिक शिक्षा विभाग से उच्च प्राथमिक विद्यालय गढ़ी वैशाल के प्रधानाध्यापक अरुण उपाध्याय के साथ विद्यालय की छात्रा कु रागिनी ने सेविंग क्रॉप फ्रॉम इलेक्ट्रिक स्पार्क, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज नगला बल्ल की प्रधानाचार्या श्रीमती सरिता सिंह के साथ विद्यालय की छात्रा कु रिचा ने एनिमल सेफ्टी सिस्टम इन व्हीकल, श्री एम डी जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन के साथ विद्यालय के छात्र वाशु देव ने इलेक्ट्रिक पिलर सेफ्टी सिस्टम, डिवाइन इंटरनेशनल एकेडमी, सिरसागंज के प्रबंधक देव शरण आर्य के साथ विद्यालय के छात्र अरुण प्रताप सिंह ने सेल्फ हीलिंग कंक्रीट एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय उरमुरा के प्रधानाध्यापक सहदेव सिंह चौहान के साथ विद्यालय के छात्र मयंक कुमार ने स्मार्ट वाटर मोनिटरिंग सिस्टम ने अपने नवाचार का प्रदर्शन राज्य स्तरीय प्रदर्शनी लखनऊ में किया गया।

# रामनगरी में रामायण के विविध प्रसंगों की झलकियां प्रदर्शित करेंगे 1100 स्वदेशी ड्रोन

### 18 व 19 अक्टूबर को होगा ड्रोन व लेजर शो, ड्रोन के जरिये रामायण के विभिन्न प्रसंगों को आकाश में किया जाएगा प्रस्तुत

**जय श्रीराम, धनुषधारी श्री राम, संजीवनी पर्वत उठाए हनुमान, रामसेतु, श्रीराम जन्मभूमि मंदिर जैसी मनमोहक आकृतियां होंगी शामिल**

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रतिवर्ष नई ऊंचाई छू रहा दीपोत्सव**

लखनऊ, 15 अक्टूबरः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में होने वाले दीपोत्सव-2025 में आस्था, संस्कृति और आधुनिक तकनीक का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। राम की पैड़ी सहित 56 घाटों पर जलने वाले 26 लाख दीपों की आभा जहां भक्ति-उल्लास का प्रतीक बनेगी, वहीं कोरियोग्राफ्ड म्यूजिकल ड्रोन शो और 3-डी होलोग्राफिक म्यूजिकल लेजर शो श्रद्धालुओं को अनूठा अनुभव देंगे। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने ड्रोन शो और लेजर शो की प्रस्तुतियों को दो दिन (18 व 19 अक्टूबर) कराने का निर्णय लिया है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि स्वदेश निर्मित 1,100 ड्रोन आसमान में रामायण के विभिन्न प्रसंगों की झलकियां प्रस्तुत करेंगे। आकाश में अद्भुत कलाकृतियां उभरकर दिव्य दृश्य प्रस्तुत करेंगी। वहीं, 3-डी होलोग्राफिक म्यूजिकल लेजर शो दर्शकों के सामने वास्तविक प्रतीत होने वाली छवियों के माध्यम से अनुभव को यादगार बनाएंगी।

18 को भी आयोजित होगा एक अतिरिक्त ड्रोन शो

उन्होंने बताया कि पर्यटन एवं संस्कृति विभाग सदैव आस्था, संस्कृति और नवाचार के समन्वय को प्राथमिकता देता आया है। पिछले वर्ष आयोजित दीपोत्सव में पहली बार 500 ड्रोन के माध्यम से भव्य शो किया गया था। दीपोत्सव-2025 को और अधिक आकर्षक एवं भव्य बनाने के उद्देश्य से 1,100 ड्रोन के जरिए अद्भुत ड्रोन शो प्रस्तुत करने की योजना बनाई गई है। पर्यटन विभाग ने दीपोत्सव से पहले 18 अक्टूबर को भी एक अतिरिक्त ड्रोन शो आयोजित करने का निर्णय लिया है।

**शो में 'त्रेता युग से नव अयोध्या' की प्रतीकात्मक झांकी भी दिखेगी**

संगीत और रोशनी से सजे लेजर शो में प्रभु श्रीराम के जीवन और आदर्शों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से चित्रित किया जाएगा। 1,100 स्वदेशी ड्रोन रामायण के विभिन्न प्रसंगों को आकाश में प्रस्तुत करेगा, जिनमें जय श्रीराम, धनुषधारी श्री राम, संजीवनी पर्वत उठाए हनुमान, रामसेतु, श्रीराम जन्मभूमि मंदिर जैसी कई मनमोहक आकृतियां शामिल होंगी। शो का समापन ह्यत्रेता युग से नव अयोध्याह्न की प्रतीकात्मक झांकी के साथ होगा, जो शहर के आध्यात्मिक अतीत और आधुनिक वर्तमान को जोड़ता है।

# यूपी में निवेश के लिए बड़ी संभावनाएं तलाश रहीं जापान, सिंगापुर से लेकर खाड़ी तक की कंपनियां

**- करीब 150 से अधिक कम्पनियों ने यूपी में बड़े निवेश के लिए जताई इच्छा**

**- उद्यमियों के साथ 'वन टू वन' बैठकें कर रही योगी सरकार, टङ्कव की तैयारी**

**- योगी सरकार की पहल से यूपी बन रहा ग्लोबल इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन**

**- 15 लाख करोड़ निवेश के बाद सरकार का फोकस अब विदेशी कंपनियों पर**

**- टङ्कव साइनिंग की तैयारी में इन्वेस्ट यूपी, दक्षिण कोरिया की शीर्ष कंपनियों से भी जुड़ रहा उत्तर प्रदेश**

**- जर्मनी, फ्रांस और रूस में वन-टू-वन मीटिंग्स जारी, इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में ताइवान का निवेश बढ़ने की संभावना**

**- गल्फ और सिंगापुर की कंपनियां दिखा रहीं गहरी दिलचस्पी, यूपी की अर्थव्यवस्था को मिलेगी वैश्विक रफ्तार**

लखनऊ, 15 अक्टूबर। उत्तर प्रदेश को उद्योग प्रदेश और 2030 तक वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को लेकर योगी आदित्यनाथ सरकार तेजी से काम कर रही है। प्रदेश में अब तक 15 लाख करोड़ से अधिक का निवेश धरातल पर उतारा जा चुका है, और अब सरकार बड़े पैमाने पर विदेशी निवेशकों को भी प्रदेश में उद्योग स्थापित करने के लिए आकर्षित कर रही है।

इन्वेस्ट यूपी की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दी गई रिपोर्ट के अनुसार, जापान, सिंगापुर, कोरिया, जर्मनी, फ्रांस, रूस, ताइवान और खाड़ी देशों की करीब 150 से अधिक कंपनियों ने उत्तर प्रदेश में बड़े निवेश की इच्छा जताई है। सरकार की पहल पर उद्यमियों के साथ ह्यवन-टू-वनह्न बैठकें जारी हैं और कई टङ्कव (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर की तैयारी चल रही है।

फोकस कंट्री डेस्क और प्रगति

जापान : विश्व एक्सपो, ओसाका के दौरान इन्वेस्ट यूपी की टीम ने कई महत्वपूर्ण बैठकें कीं। भारतीय दूतावास और वाणिज्य दूतावास के साथ नियमित संपर्क में रहते हुए, खएळफ्ठ के साथ समय-समय पर वाताएं हो रही हैं। अब तक जापान की 30 से अधिक कंपनियों के साथ वन-टू-वन बैठकें की जा चुकी हैं और कुछ निवेश परियोजनाएं ग्राउंड ब्रेकिंग के चरण में हैं।

दक्षिण कोरिया : यहां इंडियन चेंबर ऑफ कॉमर्स को साझेदार के रूप में जोड़ा गया है और जल्द ही टङ्कव पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। कोरिया में स्थापित शीर्ष 25 कंपनियों के साथ संपर्क स्थापित किया गया है, जबकि भारतीय मिशनों और दूतावासों के साथ नीतिगत संवाद और प्रचार सामग्री का आदान-प्रदान जारी है।

जर्मनी, फ्रांस और रूस : इंडो-जर्मन चैंबर ऑफ कॉमर्स से संपर्क स्थापित किया गया है। भारत और रूस में बीटूजी (बिजनेस टू गवर्नमेंट) बैठकों और गोलमेज वाताओं के माध्यम से निवेश पर चर्चा हुई है। साथ ही, जर्मनी और फ्रांस में भारतीय मिशनों के साथ वर्चुअल मीटिंग्स भी आयोजित की गई हैं। 13 से अधिक यूरोपीय कंपनियों ने यूपी में निवेश में रुचि दिखाई है।

ताइवान : ताइवान की कई प्रमुख कंपनियों के साथ इन्वेस्ट यूपी ने बैठकें की हैं। सितंबर 2025 में बैंगलुरु में आयोजित इलेक्ट्रोनिका इंडिया एक्सपो के दौरान 40 से अधिक ताइवानी कंपनियों के साथ समर्पित बैठकें हुईं। इससे इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण में निवेश की दिशा में बड़ी संभावनाएं खुली हैं।

सिंगापुर और गल्फ देश : सिंगापुर और खाड़ी देशों (वअए, सऊदी अरब, कतर, कुवैत, ओमान, बहरीन) में भारतीय राजनयिक मिशनों के साथ वर्चुअल सम्मेलन आयोजित किए गए। गल्फ की 20 से अधिक और सिंगापुर की 25 से अधिक कंपनियों के साथ संपर्क स्थापित किया गया है। कई कंपनियां आईटी, इंफ्रास्ट्रक्चर और रिन्यूएबल एनर्जी में निवेश की इच्छा जता चुकी हैं।

**निवेश से मिलेगा रोजगार और अर्थव्यवस्था को मजबूती**

योगी सरकार की यह पहल न केवल प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़ाएगी, बल्कि यूपी को राष्ट्रीय औद्योगिक हब बनाने की दिशा में भी निर्णायक साबित होगी। विदेशी निवेश से तकनीकी सहयोग और उत्पादन क्षमता में भी इजाफा होगा।

दैनिक समाज जागरण नेशनल अखबार मे विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।